10 सूर्या कुमार...




झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक


12 प्राजक्ता...



रांची, मंगलवार, 11 फरवरी 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -234 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**विवेक कुमार**
**बीडीओ, केरेडारी**

मैट्रिक इंटर की परीक्षा आज से से 56,317 परीक्षार्थी लेंगे भाग। प्रखंड के सभी परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी पर रहेगी पैनी नजर। परीक्षा को लेकर निष्पादन, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए रहेगी भ्रमण। केन्द्रों में परीक्षार्थी के लिए पीने का शुद्ध पानी, रनिंग वाटर, उक्त शौचालय कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त फर्नीचर बेंचडेस्क, यदि रहेगी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बहाल रखने का निर्देश। केंद्र से 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा दौरान निषेधज्ञ लागू रहेगी।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **80,200**
चांदी (प्रति किलो) : **1,00,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,311.80**
निफ्टी :- **23,381.60**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **29** °
न्यूनतम तापमान : **17** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:24**
संध्या :- **17:42**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1858 को चौदह वर्षीय किसान लड़की बनार्डेट सोबिरस ने फ्रांस के लूर्डेस में अठारह मैरीयन दृश्यों में से पहले की सूचना दी, जिसके परिणामस्वरूप यह शहर कैथोलिकों की तीर्थयात्राओं के लिए एक प्रमुख स्थल बन गया।**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में आम श्रद्धालु की तरह दिखे पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा

**रांची।** प्रयागराज में आम श्रद्धालु की तरह पूर्व सीए अर्जुन मुंडा दिखे. उन्होंने सोशल मीडिया में वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि महाकुंभ में स्नान कर आज प्रयागराज से झारखंड के लौटा हूं. महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश की सरकार को बहुत- बहुत बधाई. इस आयोजन का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है. जिसमें करोड़ों श्रद्धालु आस्था के इस महापर्व में भाग लेने के लिए पूरे देश और विदेश से भी आ रहे हैं. श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके लिए सरकार के द्वारा सभी जगहों पर बेहतर इंतजाम किया गया है. इस भव्य आयोजन के व्यवस्था में लगे सभी लोग बधाई के पात्र हैं. सभी का बहुत - बहुत आभार.

### हजारीबाग के पूर्व एसडीओ भेजे गए जेल

**हजारीबाग।** पत्नी की हत्या के आरोपित हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार को सोमवार को जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि रविवार देर शाम लोहसिंघना पुलिस ने रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार किया था।सोमवार को पुलिस ने पूर्व एसडीओ को कोर्ट में प्रस्तुत किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत मेंजेल भेज दिया गया। एसडीओ की गिरफ्तारी को लेकर कोर्ट ने वारंट जारी किया था।26 दिसंबर 2024 की सुबह एसडीओ अशोक कुमार के सरकारी आवास में उसकी पत्नी अनिता कुमारी गंभीर रूप से आग से झुलस गयी थी और इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। लिए तत्काल उसे हजारीबाग के आरोग्यं अस्पताल ले जाया गया। वहां से अनिता कुमारी को बोकारो अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रांची रेफर कर दिया था। वहीं 28 दिसंबर को रांची स्थित देवकमल अस्पताल में अनिता कुमारी की मौत हो गयी थी।

# 'परीक्षा पे चर्चा': पीएम मोदी ने छात्रों को टाइम मैनेजमेंट पर दिए टिप्स

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को स्कूली बच्चों के साथ परीक्षा पे चर्चा की. इसमें पीएम मोदी के अलावा कई सेलिब्रिटीज भी शामिल थे. इस कार्यक्रम के लिए 3 करोड़ से भी अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया था और उनके अलावा 19.80 लाख शिक्षक और 5.20 लाख अभिभावकों ने भी इस विशेष कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन किया था. पीएम मोदी द्वारा शुरू किए गए इस खास कार्यक्रम का यह आठवां संस्करण था. आज के इस विशेष कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने टाइम मैनेजमेंट, परीक्षा की तैयारी और सेल्फ डेवलपमेंट को लेकर कई लाभदायक टिप्स शेयर किए और साथ ही बच्चों का हौसला बढ़ाया.



**किताबी कीड़ा न बनें**

पीएम मोदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए खास तौर से उन्हें किताबी कीड़ा बनने से बचने को कहा. उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें और परीक्षा के दबाव से बचने के लिए संतुलित जीवनशैली अपनाएं। पीएम मोदी ने कहा कि छात्रों को यह समझना चाहिए कि परीक्षा जीवन का केवल एक हिस्सा है और इसके परिणामों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है उनका समग्र विकास. उन्होंने यह भी सलाह दी कि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी अपनी रुचि बनाए रखें, ताकि वे मानसिक रूप से स्वस्थ और सक्रिय रहें. उन्होंने कहा कि जीवन के हर पहलू को समझना और विविध अनुभव प्राप्त करना उतना ही आवश्यक है जितना कि अच्छी शिक्षा प्राप्त करना. पीएम मोदी ने यह भी कहा कि अगर किसी विद्यार्थी को पढ़ाई में कोई मुश्किल आ रही है, तो उसे उसे एक चुनौती के रूप में देखना चाहिए, ना कि किसी बोझ के रूप में. पीएम मोदी ने कहा कि माता-पिता को बच्चों पर अपनी इच्छाएं नहीं थोपनी चाहिए, क्योंकि हर बच्चा अलग-अलग चीजों में अच्छा होता है. जैसे सचिन तेंदुलकर खेल में अच्छे हैं, लेकिन पढ़ाई में नहीं. एक बार मुझसे पूछा गया कि अगर मैं प्रधानमंत्री नहीं होता और मंत्री होता, तो कौन सा विभाग चुनता? मैंने कहा कि मैं स्किल डेवलपमेंट विभाग चुनता, क्योंकि स्किल बहुत महत्वपूर्ण है. माता-पिता को बच्चों की स्किल पर ध्यान देना चाहिए. बच्चों से पीएम ने कहा कि मम्मी-पापा को समझाओ कि अगर आप दुखी और थके हुए रहेंगे, तो क्या आप अच्छे से परीक्षा दे पाएंगे? हम रोबोट नहीं हैं, इंसान हैं. पीएम ने यह भी कहा कि बच्चों को केवल किताबों में बंद करके दबाव नहीं बनाना चाहिए. उन्हें खुला आकाश चाहिए और उनकी पसंद की कुछ चीजें. पीएम मोदी ने छात्रों को तेजी से बढ़ती टेक्नोलॉजी और उसके सही इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी. कहा कि, टेक्नोलॉजी कोई खतरनाक तूफान नहीं है, जो आपको गिरा देगा. उन्होंने कहा, दुनियाभर में रिसर्च कर रहे लोगों द्वारा टेक्नोलॉजी का आविष्कार लोगों के अच्छे के लिए होता है. पीएम ने टेक्नोलॉजी के सही इस्तेमाल और समय बर्बाद करने वाली गतिविधियों से बचने के टिप्स दिये.

### परीक्षा पे चर्चा 2025 में सूरज मुंडा को शामिल होने का मिला गौरव



झारखंड के खूंटी जिले के सूरज मुंडा को 'परीक्षा पे चर्चा 2025' में शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें छात्रों से परीक्षा संबंधी तनाव प्रबंधन पर चर्चा की जाती है। सूरज एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सालगाडीह, तमाड़ के छात्र हैं, जो कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित होता है। सूरज खूँटी जिला के अड़की प्रखंड के खेसारीबेरा गाँव के रहने वाले हैं। कल्याण मंत्री श्री चमरा लिंडा ने इसे झारखंड सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नीति और अनुसूचित वर्गों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि सूरज मुंडा की यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है।

**छात्रों के साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण**

एक छात्र नें जलवायु परिवर्तन पर सवाल पूछा. पीएम मोदी ने उस छात्र की सराहना की. उन्होंने कहा कि शुरूआती दिनों से ही किसी ने प्रकृति की परवाह नहीं की, उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि प्रकृति जीवनशैली का हिस्सा बने, पीएम ने अपनी पहल एक पेड़ मां के नामङ्क्की चर्चा की. इस क्रम में पीएम मोदी ने छात्रों के साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण भी किया. उन्होंने छात्रों को बताया कि पेड़ लगाते समय उसके बगल में एक मिट्टी का मटका भी लगाया चाहिए, जिसमें महीने में एक बार पानी डालना चाहिए, जिससे पौधे की बढ़त कम पानी मिलने पर भी अच्छी होगी.

# शिबू सोरेन की तबीयत खराब, एयर एंबुलेंस से ले जाया गया दिल्ली

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तबीयत अचानक खराब हो गई है। तबीयत बिगड़ने के बाद शिबू सोरेन को विशेष विमान से दिल्ली ले जाया जा रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन के साथ दिल्ली जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, उन्हें एक विशेष विमान के जरिए राजधानी ले जाया गया है। फिलहाल उनकी वापसी की तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन स्वास्थ्य जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वे लौटेंगे।



- शिबू सोरेन की तबीयत अचानक खराब हो गयी, दिल्ली ले जाया गया
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पिता के साथ दिल्ली गए हैं
- सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती हुए थे शिबू सोरेन

**सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती हुए शिबू सोरेन**

मिली जानकारी के मुताबिक, जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन को सोमवार की दोपहर सांस लेने में तकलीफ की शिकायत हुई। इसके बाद उन्हें आनन-फानन में रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां डॉक्टरों ने शिबू सोरेन की जांच की और बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाने की सलाह सीएम हेमंत सोरेन को दी। इसके बाद शिबू सोरेन के इलाज के लिए एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली भेजा गया है। फिलहाल, डॉक्टरों की एक टीम भी उनके साथ है, जो उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है।

**2023 में भी शिबू सोरेन के तबीयत अचानक बिगड़ गई थी**

गौरतलब है कि इससे पहले, साल 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से आयोजित रात्रि भोज में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन के साथ दिल्ली गए थे। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय भी हेमंत सोरेन उनके साथ मौजूद थे।

# झारखंड को 28 हजार करोड़ से अधिक के निवेश का मिला प्रस्ताव

## राज्य में उद्योग लगाने के लिए दें बेहतर माहौल : मुख्य सचिव

### मुख्यमंत्री का प्रयास लाया रंग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** राज्य में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का प्रयास रंग पकड़ने लगा है। पिछले सप्ताह कोलकाता में संपन्न इंवेस्टर मीट में मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के साथ बैठक के बाद झारखंड को 28 हजार 306 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेशक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्पादन इकाई लगाने के लिए इच्छुक हैं। इनमें से कुछ के प्रस्ताव स्वीकृत भी किये जा चुके हैं। इन प्रस्तावों से राज्य में परोक्ष और अपरोक्ष रूप से 17 हजार 823 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने उद्योग निदेशालय को राज्य में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को बेहतर माहौल देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सिंगल विंडों सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बना कर हम झारखंड में जहां नये उद्योगों को आकर्षित कर सकते हैं, वहीं पहले से चल रहे उद्योगों को नई उर्जा दे सकते हैं। उद्योग निदेशालय को अपनी क्षमता में वृद्धि करने और कमियों को दूर करने पर बल देते हुए उन्होंने राज्य के संसाधन आधारित उद्योगों पर फोकस करने का निर्देश दिया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि देश का 80 प्रतिशत तसर का उत्पादन करने वाला झारखंड आज भी ज्यादातर ककून बेच रहा है, जबकि राज्य में ही ककून का वैल्यू एडिशन कर तैयार माल का वितरण और विपणन किया जा सकता है। उन्होंने विजन के साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने पर जोर दिया। वह सोमवार को उद्योग निदेशालय के साथ हाई पावर कमिटी की बैठक कर रही थीं।




### ये करेंगे निवेश

झारखंड में सबसे अधिक 8485 करोड़ रुपये का स्टील और पावर प्लांट सरायकेला के निमडीह में लगाने का प्रस्ताव एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड की ओर से मिला है। वहीं वोलटॉक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड ने चाकुलिया में रेलगाड़ी का चक्का और वंदे भारत के डिब्बे बनाने के लिए 3967.84 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव झारखंड सरकार को समर्पित किया है। उसी तरह लक्ष्मी मेटालिक्स लिमिटेड ने स्टील और पावर प्लांट के लिए 3800 करोड़, सुप्रीम मेटल्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने स्टील उत्पादन के लिए 2976 करोड़, द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने 1270 करोड़, जय सस्पेंशन लिमिटेड ने 250 करोड़, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने 500 करोड़, गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड ने 1050 करोड़, रामकृष्णा फॉर्जिंग लिमिटेड ने 173.44 और 139.58 करोड़, एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड ने चतरा में 1600 करोड़ और हजारीबाग में 2800 करोड़, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 1070 करोड़ और स्कीकॉर्प मार्केटिंग वेंचर प्राइवेट लिमिटेड ने जूते बनाने वाले कपड़े के उत्पादन के लिए 225 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया है।










उपायुक्त ने किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम-2025 का शुभारंभ

# उपायुक्त, उप विकास आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी ली खुराक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**सदर अस्पताल परिसर में दवा वितरण कार्यक्रम की हुई शुरूआत**



**लोहरदगा :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 2025 (एमडीए) का शुभारंभ आज सदर अस्पताल परिसर लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी व कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने एमडीए की दवा के रूप में डीईसी और एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक ली और सभी से लोहरदगा जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए अपने स्तर से प्रयास करने का संदेश दिया। सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 2025 (एमडीए) 11 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक डोर-टू-डोर संचालित होगा। आज 10 फरवरी को स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा बूथ स्तर पर यह दवा खिलायी गयी।

**संक्रमण की कड़ी को तोड़ना हीं फाइलेरिया का ईलाज : उपायुक्त**

सदर अस्पताल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस मौके पर उपायुक्त,लोहरदगा ने कहा कि फाइलेरिया की बीमारी से बचाव के लिए एकमात्र उपाय बीमारी से पूर्व ही दवा लेना है जो सौ प्रतिशत कारगर है। फाइलेरिया से बचने के जरूरी है कि इसकी कड़ी को तोड़ा जाए। एमडीए की दवा के तहत किसी भी व्यक्ति को वर्ष में एक बार निर्धारित मात्रा में खुराक लेनी है जिससे फाइलेरिया के प्रभाव में आने का खतरा समाप्त हो जाता है। फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है और कोई भी व्यक्ति मच्छर के काटे जाने के खतरे से अछूता नहीं है। जब एक मच्छर व्यक्ति को काटता है तो उससे व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कीटाणु प्रवेश कर जाते हैं। फाइलेरिया से प्रभावित व्यक्ति को जब एक मच्छर काटता है तो वह मच्छर फाइलेरिया का वाहक बन जाता है। जब फाइेरिया की दवा खाते हैं तो वह उस कीटाणु के प्रभाव को खत्म कर देता है। वहीं दूसरी ओर अगर कोई व्यक्ति एक बार फाइलेरिया से ग्रसित हो जाता है तो कोई सर्जरी भी उसे पहले जैसा नहीं बना पाती। बीमारी के बाद इसका इलाज संभव नहीं है। सरकार द्वारा एमडीए की दवा निःशुल्क वितरण की जा रही है। लोहरदगा जिला में अभी भी फाइलेरिया के मरीज हैं। जो व्यक्ति अभी फाइलेरिया से ग्रसित नहीं है उनमें से गर्भवती महिला, दो वर्ष की उम्र से कम बच्चों और अत्यंत गंभीर रूप बीमार लोगों को छोड़कर सभी को एमडीए की खुराक लेनी चाहिए। लेकिन आनेवाली पीढ़ी इसकी चपेट में नहीं आए इसके लिए सभी को एमडीए की दवा दी जानी जरूरी है।

**एमडीए की दवा को कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं : उप विकास आयुक्त**

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि एमडीए की दवा पूरी तरह सुरक्षित है। चुंकि यह कीटाणु से होता है इसके लिए कीटाणु के प्रभाव को समाप्त करने के लिए वर्ष में एक बार दवा लेना जरूरी है। सरकार इसके लिए प्रत्येक वर्ष दवा सेवन का एक अभियान चलाती है जिसमें सभी को यह दवा जरूर खाना चाहिए। इसका कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जब स्वास्थ्य विभाग की टीम इस अभियान को घर-घर जाकर चलाए तो लाभुकों को यह दवा मौके पर ही खिलायी जाए। कोई भी टीम दवा देकर नहीं लौटे बल्कि अपने सामने ही खिलाए। पूरी टीम को सौ प्रतिशत दवा वितरण का कार्यक्रम पूर्ण करना है ताकि जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

**समाहरणालय परिसर में भी पदाधिकारियों व कर्मियो ने ली एमडीए की खुराक**

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए समाहरणालय परिसर, लोहरदगा में भी सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 2025 (एमडीए) संचालित किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से मौके पर मौजूद पदाधिकारियों व कर्मियों को डीईसी और अल्बेंडाजोल की गोली खिलायी गई और उनके अंगूठे पर निशान अंकित किया गया।

जिला के अतिरिक्त प्रखण्डों में भी सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 2025 (एमडीए) संचालित किया गया। आज के कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## महाकुंभ प्रयागराज के लिए बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरीश्रद्धालुओं के ने जत्थे को किया रवाना



**पतरातू।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातु प्रखंड स्थित सयाल मोड़ से दर्जनों ग्रामीण प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ स्नान के लिए रवाना हुए। मौके पर स्थानीय विधायक रोशन लाल चौधरी ने जत्थे को शुभकामनाएं दे कर रवाना किया। साथ ही जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिससे उन्हे किसी कठिनाई का सामान ना करना पड़े। विधायक ने आश्वस्त किया कि आप श्रद्धा भाव से अपना पूजन कार्य करें, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा बृहद स्तर पर बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई हैं । भारत विश्वगुरू था, हैं और रहेगा इन पंक्तियों की सार्थकता महाकुंभ में देखने को मिल रहा हैं। जिसमे सिर्फ भारत देश से ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व से प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ स्नान के लिए लोग आ रहे हैं । पूरे विश्व में भारत आस्था का केंद्र बना हुआ हैं, इसलिए मैं क्षेत्रवाशियों से अपील करता हूं कि सनातन संस्कृति के महापर्व महाकुंभ में स्नान कर पुण्य के भागी बनें

## सेन्हा प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू, 92 हजार से अधिक लोगों को मिलेगी दवा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



सेन्हा प्रखंड में फाइलेरिया रोधी एमडीए अभियान की शुरूआत की गई। यह अभियान सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत 116 केंद्रों पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस जिला अध्यक्ष सूखैर भगत, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीत आनंद, एएनएम, स्वास्थ्य सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा किया गया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीत आनंद ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत 2 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के 116 बूथों पर यह दवा वितरित की गई। इसके अलावा, 11 फरवरी से 25 फरवरी तक एएनएम, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाएं और स्वास्थ्य वॉलंटियर घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगे।सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 88 गाँवों में कुल 92,250 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि, गर्भवती महिलाओं, अत्यधिक बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी।डॉ. संजीत आनंद ने बताया कि फाइलेरिया एक संक्रमित रोग है, जो मच्छर के काटने से फैलता है। इसके लक्षण काफी समय बाद नजर आते हैं और इससे हाथी पांव (लिंफैटिक फाइलेरिया) और हाइड्रोसील जैसी समस्याएँ हो सकती हैं। इसीलिए, सभी स्वस्थ व्यक्तियों को दवा का सेवन अवश्य करना चाहिए, ताकि वे इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रह सकें।

## राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति की अगुवाई में तीन जोड़ा का बेन्जा समारोह सम्पन्न हुआ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा।** माघ मास के शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति की अगुवाई में सोमवार को एमजी रोड स्थित झखरा कुम्बा सरना स्थल में तीन कन्या वर जोड़ों का आदिवासी सरना रीति-रिवाज से बेन्जा समारोह सम्पन्न हुआ। इन तीनों कन्या वर जोड़ों का बेन्जा कार्यक्रम राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला धर्म गुरू फुलेश्वर उरांव के द्वारा किया गया। आदिवासी सरना समाज में कोच्चा चांदो में बेन्जा समारोह या कोई भी नया या शुभ कार्य नहीं होता है। पूर्वजों से चलता आ रहा है कि दवनलख आदिवासी समाज में बढ़ती चांद में ही करने का रीति-रिवाज किया जाता है। बेन्जा समारोह सदर प्रखंड के ग्राम हेंसल से पिता स्वर्गीय विश्वनाथ उरांव का पुत्र अनिल उरांव वर कन्या संध्या उरांव से हुआ। दूसरा ग्राम हेसमी प्रखंड मांडर जिला रांची निवासी पिता चम्पा उरांव का पुत्र संजय उरांव वर कन्या नदिया उरांव ग्राम मेढ़ो कोराम्बे लोहरदगा के साथ हुआ। तीसरा लोहरदगा सदर प्रखंड के ग्राम रघु डोंगा टोली पिता विजय टोप्पो का पुत्र वर अजय उरांव के साथ कन्या रानी उरांव ग्राम नदिया करचा टोली निवासी के साथ हुआ। इस समारोह में मुख्य रूप से राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव, सचिव सुकेनदर उरांव, महिला प्रकोष्ठ से बेन्जा समारोह सहयोगी जयंती उरांव, विसनी उरांव, कोर कमिटी से सोमे उरांव, फूलदेव भगत, राम किशुन उरांव समेत कन्या वर से जगरनाथ भगत, रंथु उरांव, करमचंद उरांव, जगन पहान, सुजित भगत, पार्वती पहान,मोटा उरांव, मंगरा उरांव,मंजू उरांव,पुष्पा उरांव,रेखा देवी, पचोला टोप्पो, शांति कुमारी सहित भारी संख्या में आदिवासी सरना समुदाय के लोग मौजूद थे।

## गोला प्रखंड कार्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड कार्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत MDA (Mass drug administration ) के बूथ दिवस का उद्घाटन उपप्रमुख गोला विजय ओझा,डॉ सुधा वर्मा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डॉ आशुतोष कुमार त्रिपाठी प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से डी0ई0 सी0 एवं एलबेंडाजोल की दवा खाकर किया गया। MDA कार्यक्रम 10 फरवरी से लेकर 25 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुल 263 टीम बनाया गया है। जो 10 फरवरी को बूथ पर दवा खिलाएंगे एवं 11 फरवरी 25 तारीख तक घर घर जाकर सहिया एवं सेविका के द्वारा दवा खिलाई जाएगी । 2 वर्ष से ऊपर सभी को ऊएउ एवं एलबेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए कुल 173000 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है । उद्घाटन में मुख्य रूप से महिला सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी सेविका, निगरानी निरक्षक रूपेश कुमार प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विनय उरांव शामिल थे ।

माध्यमिक के लिए 53 एवं इंटर के लिए 40 केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षाएं

# वार्षिक माध्यमिक एवं इंटर परीक्षा को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों के साथ बैठक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**माध्यमिक में 12669 एवं इंटरमीडिएट में 12300 अभ्यर्थी लेंगे परीक्षा में हिस्सा।**

**पूरी पारदर्शिता एवं कदाचार मुक्त तरीके से कराए परीक्षाओं का आयोजन।**

**उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार**



**रामगढ़।** 11 फरवरी 2025 से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में स्थिर, गश्ती दण्डाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केंद्रों पर 12669 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 12300 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को उनके उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को परीक्षा के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों की कई दुविधाओं को दूर किया गया वहीं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा के आयोजन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु, जिला कोषागार पदाधिकारी,भूअर्जन पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, स्थिर एवं गश्ती दण्डाधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में अनिश्चितकालीन गेट जाम व धरना प्रदर्शन की तैयारी हेतू की गई बैठक




**पतरातू।** सोमवार को पतरातू प्रखंड के हेसला पंचायत भवन के समीप झारखण्ड लोकतान्त्रिक क्रन्तिकारी मोर्चा का अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री पतरातू में हो रहे शोषण के खिलाफ आंदोलन की रुपरेखा तय करने के लिए बैठक रखी गई ' जिसमें ये निर्णय लिया गया कि दिनांक 18/02/2025 एवं 19/02/2025 को धरना प्रदर्शन और 20/02/2025 से अनिश्चित्कालीन गेट जाम किया जायेगा। इस बैठक में केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया, केंद्रीय मंत्री सुभान अंसारी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा मनोरंजन महतो, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इनामूल अंसारी, रळ मोर्चा जिला संगठन सचिव आर्यन टोप्पो, प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग कुमार, सक्रिय सदस्य रफीक अंसारी, आनंद गंझु, प्रेम लाल बेदिया, परशुराम दांगी,कविता देवी,ललिता देवी, नोमी देवी,मुकेश बेदिया,रतन कुमार मौके पर मौजूद थे '

## कुडू पुलिस ने अवैध बालू खनन पर कसा शिकंजा, दो ट्रैक्टर किए जप्त



**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में सोमवार को कुडू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाकर दो ट्रैक्टरों को जब्त किया। ये ट्रैक्टर कोयल नदी के जिंगी घाट से अवैध रूप से बालू खनन कर परिवहन कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने कुडू थाना पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की।जप्त किए गए ट्रैक्टरों को कुडू थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि जिला सहायक खनन पदाधिकारी को सूचना दे दी गई है, और आगे की कानूनी प्रक्रिया खनन अधिनियम के तहत पूरी की जाएगी।प्रशासन द्वारा लगातार अवैध खनन पर शिकंजा कसा जा रहा है, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की लूट को रोका जा सके और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके।

## धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से गरीब,असहाय के बीच किया कंबल वितरण



**गरीबों असहायों की मदद करना कांग्रेस पार्टी की संस्कार में है : जमील अंसारी**

**सेन्हा/ लोहरदगा:** सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के सरना टोली स्थित आदिवासी मुहल्ला में प्रखंड व पंचायत कांग्रेस गण द्वारा असहाय गरीब के बीच सोमवार को कंबल वितरण किया गया। उक्त कंबल वितरण कार्यक्रम पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम में पूर्व से आयोजित किया गया है। इसी निमित सरना टोली स्थित आदिवासी मुहल्ला में 40 गरीब असहाय व्यक्तियों के बीच पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी के नेतृत्व में पंचायत कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा कंबल वितरण किया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में पार्टी मजबूती को लेकर विशेष मुहिम भी चलाया गया। कंबल वितरण के दौरान पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी ने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना कांग्रेस पार्टी के नियती में शामिल है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के दिशा निर्देश पर कार्यकर्ता यह निश्चय किया कि जितना हो सके असहायों को ठंड से मरने से बचाऊंगा। तबसे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम में घूम घूम कर जरूरतमंद असहायों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। प्रखंड उपाध्यक्ष संजीवन उराँव ने कहा प्रखंड के विभिन्न पंचायत ग्राम में ठंड से बचाव के लिए वैसे गरीब असहाय के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है जो गर्म कपड़ा खरीदने में आसमर्थ है। कंबल वितरण के दौरान समाजसेवी यूसुफ अंसारी रिजवान अंसारी वार्ड सदस्य शर्मिला उराँव आजम अंसारी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## नौकरी का झांसा देकर किया यौन शोषण, पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

**कोडरमा।** सोशल साइट फेसबुक पर दोस्ती, फिर नौकरी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। बिहार के झाझा निवासी एक महिला सोमवार को पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह से न्याय की गुहार लगाने पहुंची। इस दौरान महिला ने बताया कि वर्ष 2010 में उनकी शादी हुई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में उनके पति की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उसने बताया कि करीब पांच वर्ष पहले उनके फेसबुक अकाउंट पर लक्ष्मी कुमारी के नाम से एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी, जिसे स्वीकार करने पर दोनों तरफ से बातचीत शुरू हुई। कुछ महीने के बाद लक्ष्मी कुमारी के द्वारा अपने भाई के जरिए उन्हें गया में नौकरी लगाने की पेशकश की गई। महिला ने बताया कि अपने दो बच्चों की परवरिश को ध्यान में रखते हुए वह नौकरी के लिए राजी हो गई और लक्ष्मी कुमारी के बुलावे पर गया स्टेशन पहुंची। यहां उसकी मुलाकात कोडरमा के सतगावां निवासी संदीप से हुई। उसने बताया कि वही लक्ष्मी कुमारी बनकर काफी लंबे समय से उसे बातचीत कर रहा था। इस दौरान संदीप के द्वारा महिला से शादी करने और उसके दोनों बच्चों को अपनाने का झांसा देकर स्टेशन के समीप एक होटल में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद दोनों के बीच वीडियो कॉल पर भी लगातार बातचीत होने लगी।महिला ने बताया कि जब वह संदीप से विधि विधान से शादी करने एवं उसे अपने घर ले जाने को लेकर चर्चा करती थी। तब वह हमेशा टालमटोल करता था। अक्टूबर 2024 में संदीप कुमार ने धोखे से रिकॉर्ड किये गए उनकी अश्लील वीडियो को वायरल कर दिया। वीडियो उनके गांव के मुखिया समेत पूरे मोहल्ले में वायरल किया गया है। इसके बाद उन्होंने जब संदीप से संपर्क किया तो संदीप ने किसी प्रकार का रिश्ता रखने से इनकार कर दिया। इसके बाद महिला ने विभिन्न धाराओं में संदीप के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई । कोर्ट से आरोपित संदीप के विरुद्ध 28 जनवरी को गिरफ्तारी वारंट भी जारी हुआ है। लेकिन अभी भी संदीप पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# नागरिक सुरक्षा की दिशा में हेमंत सरकार की पहल, आपात स्थिति में बटन दबाते हीं दिलायी जाएगी त्वरित मदद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




- स्मार्ट सिटी नें शहर में लगाया 50 इमर्जेंसी कॉल बॉक्स
- राजधानी के महत्वपूर्ण चौराहों पर लगा पीले रंग का बॉक्स

**रांची।** अगर आप राजधानी रांची में रहते हैं तो आपको यह जानकर बेहद खुशी होगी कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने राजधानी वासियों की सुरक्षा को लेकर कई इंतजाम किए हैं। एक तरफ जहां कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर की मदद से पूरे शहर में स्वचालित यातायात प्रबंधन किया जा रहा है तो दूसरी ओर अपराध नियंत्रण और उसके उद्भेदन में भी कमांड सेंटर से मदद ली जा रही है। अब अगर आप किसी आपात स्थिति का सामना कर रहे हैं जैसे कि आप सड़क से गुजर रहें और आपके साथ या आपके सामने किसी के साथ कोई दुर्घटना हो जाती है तो आप सीधे सरकार की एजेंसियों से जुड़ सकते हैं । इसके लिए रांची शहर के महत्वपूर्ण 50 चौक चौराहों पर पीले रंग का इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाया गया है। इस बॉक्स में लगे लाल बटन के दबाते ही कमांड कंट्रोल सेंटर से आवाज आएगी, ताकि आप अपनी समस्या बता सकें। समस्या बताते ही स्मार्ट सिटी और पुलिस की टीम आपकी मदद के लिए संबंधित एजेंसी से संपर्क कर आपको राहत दिलाएगी। इसके लिए ना आपको मोबाईल फोन की जरुरत है ना ही किसी नंबर को याद रखने की जरुरत। बस आपके आसपास पीले रंग का बॉक्स होना चाहिए।

**किस-किस प्रकार की मदद दिलायी जा सकती है**

सड़क दुर्घटना, चेन स्नेचिंग, गोलीबारी, मारपीट, छेड़खानी या कोई अन्य आपराधिक वारदात होती है तो तुरंत मदद के लिए इस बॉक्स का उपयोग किया जा सकता है। यह जरुरी नहीं है कि पीड़ित ही फोन करे। प्रत्यक्षदर्शी भी मदद पहुंचाने के लिए कॉल कर सूचना दे सकता है। यदि आसपास के इलाके में आग लग जाए तो भी या तो पीड़ित या आसपास के लोग फायरब्रिगेड से संपर्क साधने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**एंबुलेंस तथा नगरीय सेवा प्रदान करने के लिए**

अगर सड़क पर कोई दुर्घटना होती है तो एंबुलेंस सेवा के लिए भी इस बॉक्स का इस्तेमाल हो सकता है। पीड़ित या वहां मौजूद कोई भी व्यक्ति इसकी सूचना कमांड सेंटर को दे सकता है।आंधी तूफान में तार, बिजली के खंभे गिरने और सड़क पर मृत मवेशियों के पड़े होने पर भी अगर सूचना मिलती है तो इसकी सूचना कमांड सेंटर को दी जा सकती है। वर्तमान में शहर के 50 केन्द्रों पर ये सुविधा प्रदान की गयी है पर फ्लाईओवर निर्माण और सड़कों की चौड़ीकरण के कारण कुछ बॉक्स अभी हटाए गए हैं काम संपन्न होते ही बॉक्स को पुनः अधिष्ठापित किया जाएगा। फिलहाल कांके रिंग रोड, मेन रोड ओवरब्रिज, सहजानंद चौक, शनि मंदिर चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक, सेटेलाइट चौक, कांके रोड, बिरसा चौक, मेकन चौक, सुजाता चौक, कोकर चौक समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर बॉक्स लगाया गया है।

# जनता दरबार में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सुनी लोगों की समस्या

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री सोमवार को जनता दरबार में जिला के शहरी एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। लोगों की शिकायतों को सुनते हुए उन्होंने निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जनता दरबार में दाखिल-खारिज, 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में अनियमितता आदि से संबंधित आवेदन आये।

सुनीता सिंह द्वारा फ्लैट का दाखिल-खारिज अस्वीकृत किये जाने का आवेदन जनता दरबार में दिया गया। इस पर उपायुक्त द्वारा अंचल अधिकारी को मामले के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। राहे प्रखंड प्रमुख द्वारा सभी पंचायतों में 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में अनियमितता के संबंध में शिकायत की गयी। शिकायत पर उपायुक्त द्वारा उपविकास आयुक्त आयुक्त एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

राकेश कुमार द्वारा खेलगांव थाना क्षेत्र में स्थानीय असामाजिक तत्वों द्वारा गृह निर्माण कार्य रोके जाने की शिकायत की गयी। उपायुक्त द्वारा मामले की जांच करने का निर्देश संबंधित अंचल अधिकारी को दिया गया। इनके अतिरिक्त जनता दरबार में आये अन्य मामलों को भी सुनते हुए उपायुक्त द्वारा निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही उन्होंने शिकायतों के निष्पादन से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट का होली मिलन 10 मार्च को

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता सोमवार को हुई। बैठक मे ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण मंदिर एवं अपना घर आश्रम मे किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा भावी कार्यो एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया। बैठक मे निर्णय लिया गया कि 10 मार्च को श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मे होली मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। होली मिलन महोत्सव मे परमहंस डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहकर सबों को आशीर्वाद देंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर के परिसर मे प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को श्री प्रणामी सत्संग भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक में-ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, चिरंजी लाल खंडेलवाल, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, सुरेश भगत,विष्णु सोनी, मनीष सोनी, ज्ञानचंद शर्मा, मधुसूदन, विद्या देवी अग्रवाल सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

# देश की आंतरिक सुरक्षा का आधार है पुलिस : राज्यपाल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को खेलगांव स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पुलिस बल शांति और कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ हैं। वे विषम स्थितियों में भी आमलोगों की सुरक्षा के प्रति समर्पित रहते हैं। देश की सुरक्षा के लिए अनेक पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है।

पर्व-त्योहारों, चुनाव कार्यों, प्राकृतिक आपदाओं या उग्रवाद से निपटने की चुनौती, हर परिस्थिति में पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा, साहस और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उनका यह बलिदान, त्याग एवं सेवा की भावना सभी को प्रेरित करता रहेगा। अभी के समय में साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, मानव तस्करी और संगठित अपराध जैसी चुनौतियां काफी बढ़ गयी हैं। इनसे निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित होना आवश्यक है।

कुछ समय पूर्व में लागू किए गए नए आपराधिक कानून हमारे न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक सरल, सुलभ और पीड़ित केंद्रित बनाना है, जिससे अपराधियों को त्वरित सजा मिल सके और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिले। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का आयोजन ने केवल पुलिस बल की कार्यकुशलता को प्रदर्शित करता है, बल्कि उन्के मनोबल को बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करता है।

श्री गंगवार ने कहा कि ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट जैसे कार्यक्रम के आयोजन से पुलिस बल को नए अनुसंधान पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा साथ ही पुलिस की क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाएगा। स्पेशल ब्रांच के आईजी प्रभात कुमार ने बताया कि रांची में 15 फरवरी तक 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए कुल 18 राज्यों के प्रतिभागी और केंद्रशासित प्रदेशों के दो राज्यों के प्रतिभागी तथा देश के अर्धसैनिक संगठनों की कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया है। प्रतियोगिता में कुल 13 विषयों पर प्रतिस्पर्धा होगी। कार्यक्रम का समापन 15 फरवरी को होगा।

# श्री चैती दुर्गा मंदिर का नौवां वार्षिकोत्सव का समापन



झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** तीन दिवसीय श्री चैती दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव सोमवार को महाआरती के साथ समाप्त हो गया। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्त मंदिर परिसर पहुंचे। मां के दर्शन के लिए लोगों को भीड़ उमड़ने लगी थी। गायन मंडली की ओर से मां की भक्ति शेरा वाली मैया गीत गाए जा रहे थे। इसके संग भक्तों ने भी मां की गीतों से सरोबार हो रहे थे। दोपहर को हवन, आरती, पुष्पाजलि, भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें एक हजार श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किए गए। मौके पर रांची विधायक सीपी सिंह, किशोर साहू, उदय साहू, शंकर दुबे, गोपाल पारीक, महेश चन्द्रा, रमेश गुप्ता, नन्द किशोर सिंह चंदेल, शेखर गुप्ता, सुनील यादव, राजेश ठाकुर, यश वर्मा, बबलू वर्मा, शंकर साहू, लीलू प्रसाद, मुन्ना शर्मा, राकेश सिंह, राजेश अग्रवाल, अमित झुंनवाला, नमन भारतीय, शंकर सिन्हा, करण सिंह, सुमित तिवारी, मोहित रजक, आशीष रजक, आकाश रजक, रोहन सिंह, अर्जुन सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# नगड़ी प्रखंड के सभागार में पलाश द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची।** नगड़ी प्रखंड के सभागार में सोमवार को एक दिवसीय आईएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी नगड़ी दीपाली भगत, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, प्रखंड प्रमुख मधुवा कच्छप, विधायक प्रतिनिधि खिजरी विधान सभा संजय सरेया, सांसद प्रतिनिधि (रांची लोक सभा क्षेत्र), केदार महतो, पंचायत समिति सदस्य दुर्गी तिर्की, मनरेगा बीपीओ अनुजा कुमारी एवं सुखदेव लोहरा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुखदेव लोहरा के द्वारा किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया की नगड़ी प्रखंड मे कुल तीन समेकित किसान संकुल का गठन किया गया है। समेकित किसान संकुल के तहत चयनित किसान को चार से पांच आजीविका गतिविधि से जोड़ा जायेगा। सभी किसान की आय 1.5 लाख से 2 लाख कराना है। परियोजना 36 माह तक चलेगा। इसमें किसानों को समेकित कृषि सेक्टर के सफल मॉडल को अपनाया जायेगा। कार्यक्रम मे कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार, पशुपालन विभाग से मिथिलेश कुमार, पलाश से सुलोचना तिर्की, एफटीसी, नगड़ी और नारों संकुल संघ की सदस्य दीदी तथा आजीविका सखी मंडल से जुड़ी दीदी उपस्थित हुए।

# अधिवक्ता राजीव कुमार और अमित अग्रवाल की मुश्किलें बढ़ीं

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।





**रांची।** कोलकाता कैश कांड मामले के आरोपी हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार और व्यवसाई अमित अग्रवाल की मुश्किलें अब बढ़ सकती हैं. क्योंकि सीबीआई की विशेष कोर्ट ने दोनों की डिसचार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है. जिसके बार अब दोनों पर आरोप गठित किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है. दरअसल 31 जुलाई 2022 को कोलकाता पुलिस ने 50 लाख कैश के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता के एक मॉल से गिरफ्तार किया था. जिसके बाद आरोपी अमित अग्रवाल को 7 अक्टूबर 2022 को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया था. झारखंड हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका से नाम हटाने के एवज मे दोनों आरोपियों के बीच कथित रूप से पैसे का लेन देन हुआ था. सीबीआई की दिल्ली शाखा ने जांच पूरी करते हुए 3 फरवरी 2024 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया. इसी मामले में ईडी ने भी दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी.

# इंडियन ओवरसीज बैंक ने 89वां स्थापना दिवस को भव्यता से मनाया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची।** इंडियन ओवरसीज बैंक ने अपने 89वीं स्थापना दिवस को भव्यता और महत्वपूर्ण सामुदायिक कल्याण पहलों के साथ मनाया। सीआरएम मनीष कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बैंक ने झारखंड राज्य के विभिन्न स्थानों पर मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया। ये स्वास्थ्य शिविर समाज के कल्याण को बढ़ावा देने और राज्य के लोगों के लिए एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किए गए थे। रक्तदान शिविर के साथ-साथ एक मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर क्लब रोड शाखा में आयोजित किया गया। जिससे स्थानीय समुदाय को महत्वपूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। सीआरएम मनीष कुमार ने व्यक्तिगत रूप से ग्राहकों से मुलाकात की और उनके निरंतर समर्थन के लिए अपना दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने उन्हें इंडियन ओवरसीज बैंक की सफलता यात्रा का अभिन्न हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद दिया और बैंक की वृद्धि में उनके योगदान के महत्व पर बल दिया। मुख्य प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक कुमुद रंजन, शाखा प्रमुख प्रीति मैडम, शाखा कर्मचारियों और गोस्नर कॉलेज के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

# एआईबीइए का सम्मेलन अहमदाबाद में संपन्न




झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** एआईबीइए संगठन का दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला सम्मेलन अहमदाबाद में संपन्न हुआ। कार्यक्रम आठ और नौ फरवरी को आयोजित किया गया था। जिसका उद्घाटन एआईबीइए के महामंत्री कॉम सीएम वेंकटाचम द्वारा किया गया। जिसमें झारखंड से भी विभिन्न बैंकों से सात महिला साथियों ने भाग लिया। सोमवार को वे सभी वापस आई। वापस आने पर झारखंड प्रदेश एआईबीइए के अध्यक्ष कॉम वाईपी सिंह, उप महामंत्री सह यूनियन बैंक ऑफ इंडिया झारखंड के महामंत्री कॉम दिनेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष कॉम सुनील कुमार, उपाध्यक्ष कॉम धनेश कुमार, संगठन सचिव अनंत, सहायक सचिव कॉम अलका कुमारी, कॉम प्रिया रागिनी, इंडियन बैंक के महा मंत्री कॉम शशि कांत, कॉम राजेश और अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया।

# स्थानीय और नियोजन नीति पर गरमाई सियासत, बीजेपी की मांग पर जेएमएम ने किया पलटवार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता जेबी तुबिद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य में जल्द सर्वमान्य स्थानीय और नियोजन नीति लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति एक ज्वलंत मुद्दा है और पिछले 20-25 वर्षों में जिस तरह से स्थानीय नीति को लाया गया या उसका प्रयास हुआ, उससे जनता के बीच माहौल विषाक्त हो गया है। ऐसे में सरकार की ओर से निर्णय लेने की जरूरत है। जेबी तुबिद ने कहा कि जब अर्जुन मुंडा की सरकार थी उस समय स्थानीय नीति पर कोई फैसला नहीं लेने अर्जुन मुंडा की सरकार गिर गई थी।

उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार चल रही है. ऐसे में उन्हें स्थानीय नीति बनानी चाहिए। बीजेपी प्रवक्ता के बयान को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि जेबी तुबिद खबरों में बने रहने के लिए इस तरह की बातें करते हैं। झामुमो नेता ने कहा कि जेबी तुबिद को स्थानीय और नियोजन नीति को लेकर अपने विचार भाजपा में रखने चाहिए। भाजपा ने ही पहले त्रुटिपूर्ण नीति बनाई और जब जब मौका मिला आपस में लोगों को लड़वाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि यहां के आदिवासियों-मूलवासियों के अधिकारों पर बीजेपी ने कुठाराघात किया। जेएमएम प्रवक्ता ने कहा कि हमारी बनाई स्थानीय और नियोजन नीति लागू नहीं हो, इसलिए अड़ंगा डालने के लिए इनके लोग हाईकोर्ट चले गए और वहां से स्टे लग गया। भाजपा के नेताओं को दोहरा चरित्र का बताते हुए झामुमो प्रवक्ता ने जेबी तुबिद से कहा कि अगर वह इस मुद्दे के समाधान के लिए ईमानदारी से पहल करना चाहते हैं तो सर्वदलीय बैठक बुलाएं. उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता चिंता न करें, राज्य के धरतीपुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यहां के लोगों की मानसिकता के अनुसार स्थानीय और नियोजन नीति बनाएंगे।

# इंडिगो ने प्रयागराज के लिए विमान सेवा की शुरू




झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** रांची और प्रयागराज के बीच यात्रियों की सुविधा के लिए इंडिगो ने 17 फरवरी से डायरेक्ट विमान सेवा शुरू करने का फैसला किया है। इस सेवा को एयरपोर्ट अथॉरिटी से भी मंजूरी मिल गई है। फिलहाल, रांची से प्रयागराज जाने के लिए यात्रियों को दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, हैदराबाद, लखनऊ, बेंगलुरु होते हुए कनेक्टिंग फ्लाइट लेनी पड़ रही है। जिसके लिए टिकट के ज्यादा पैसे लग रहे हैं। डायरेक्ट विमान सेवा शुरू होने से यात्रियों को कम खर्च पर यात्रा करने का फायदा होगा। इंडिगो का 180 सीटर विमान सोमवार, बुधवार और शुक्रवार के दिन प्रयागराज से रांची और रांची से प्रयागराज जाएगा. प्रयागराज से उड़ान भरने का समय 10:20 बजे होगा, जो 11:30 बजे रांची पहुंचेगा. इसके बाद, रांची से 12 बजे उड़ान भरकर 1:10 बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचेगी।

# जिला खनन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित, अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई के दिया निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज** ।उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला खनन विभाग की समीक्षा बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई। इस दौरान राजस्व संग्रहण (रिवेन्यू कलेक्शन) की स्थिति की समीक्षा की गई और इसमें आ रही चुनौतियों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने खनन विभाग को निर्देशित किया कि राजस्व संग्रहण में आ रही बाधाओं को जल्द से जल्द दूर किया जाए और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

**मिट्टी सर्वेक्षण एवं ईंट भट्ठा संचालन की जांच होगी**

बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू ने बताया कि मिट्टी खनन का सर्वे अनुमोदित किया जा चुका है। इसके तहत जिले में संचालित सभी मिट्टी खनन एवं ईंट भट्ठों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाई जाएगी और जो भी अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।वही पूर्व में प्राप्त अवैध खनन के मामलों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जितने भी अवैध उत्खनन के मामले पूर्व में सामने आए हैं, उन सभी पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खनन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खननकर्ताओं पर जुमार्ना लगाने के लिए जल्द से जल्द डिमांड नोट जारी किया जाए ताकि सरकारी राजस्व की क्षति को रोका जा सके।

**20 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश**

उपायुक्त ने खनन विभाग के पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि पूर्व में भेजे गए जांच प्रतिवेदनों को अगले 20 दिनों के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन रोकने के लिए निरंतर निगरानी आवश्यक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस समीक्षा बैठक में जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, जिला खनन निरीक्षक एवं अन्य संबंधित ,पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे खनन से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करें।

## नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में नगर परिषद के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न हुई, जिसमें नगर परिषद के राजस्व संग्रह, पार्किंग व्यवस्था और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर परिषद के राजस्व संग्रह की विस्तृत जानकारी ली और संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे तय समयसीमा के भीतर राजस्व संग्रह की प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता देने और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।इसके अलावा, शहर के विभिन्न इलाकों में पार्किंग की व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए उपायुक्त ने जल्द से जल्द पार्किंग क्षेत्रों का बंदोबस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में पार्किंग की समस्या को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनी रहे।बैठक में 2022-23 की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी से अब तक की प्रगति की जानकारी ली और लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए।बैठक में उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक निर्णय लिए गए और पदाधिकारी को जल्द से जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।इस समीक्षा बैठक में नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## राजमहल फोरलेन सड़क पर नए पेट्रोल पंप का उद्घाटन.



**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड क्षेत्र के लखीपुर स्थित फोरलेन सड़क किनारे नवनिर्मित इंडियन ऑयल कंपनी के पेट्रोल पंप का विधिवत शुभारंभ सोमवार को क्षेत्रीय सांसद विजय हांसदा की मां शांति सरोजिनी मुर्मू एवं राजमहल विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि सह झामुमो नेता मो मारूफ उर्फ गुड्डू ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया. पेट्रोल पंप संचालकों ने अतिथियों को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया. अतिथियों ने कहा कि सड़क निर्माण के साथ-साथ पेट्रोल पंप जैसी सुविधाएं मार्ग पर मिलने से राजगीर सहित क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी.

## विधायक के मांग पर राजकीय माघी पूर्णिमा मेला में पहली बार श्रद्धालुओं को मिला तोहफा, तीनपहाड़ स्टेशन पर चार मेल एक्सप्रेस ट्रेनों का दो मिनट का ठहराव .

**राजमहल/साहिबगंज** ।राजकीय माघी पूर्णिमा मेला को लेकर क्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा के माध्यम से मालदा रेल मंडल प्रबंधक को पत्र देकर मांग किया गया था कि मेला अवधि में मार्ग से गुजरने वाले सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर किया जाए. विधायक के मांग पत्र पर पहल करते हुए राजमहल आदिवासी महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने तोहफा दिया है. मालदा मंडल द्वारा तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर इस रूट से गुजरने वाले कई ट्रेनों का अस्थायी ठहराव किया गया है. यह ठहराव सोमवार 10 फरवरी से 15 फरवरी तक है .जहां दो मिनट ट्रेन रुकेगी जिसमे 15657/15658 दिल्ली कामाख्या दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल 13415/13416 मालदा टाउन पटना मालदा टाउन एक्सप्रेस ,15647/15648 मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गुवाहाटी - मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस और 13429 मालदा टाउन आनंद विहार टर्मिनल वीकली एक्सप्रेस ट्रेन शामिल है. ये चार ट्रेन तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पर आगामी 15 फरवरी तक रुकेगी इसको लेकर मालदा रेलवे के पीआरओ ने इसकी पुष्टि की है. माननीय विधायक जी ने डीआरएम सहित रेलवे के वरीय पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किए हैं. इधर क्षेत्रवासियों ने भी विधायक जी के प्रति आभार व्यक्त किए हैं.

## संयुक्त प्रक्रिया आदेश के विरोध में काला दिवस के रूप में एक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया

**साहिबगंज** ।रेलवे स्टेशन परिसर स्थित संयुक्त क्रू लॉबी के समक्ष सोमवार को ऑल इंडिया गार्डन काउंसलिंग के बैनर तले संयुक्त प्रक्रिया आदेश( जेपीओ )के विरोध में काला दिवस के रूप में एक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया।जिसका नेतृत्व गुड्स ट्रेन मैनेजर अग्नि देव रमण ने किया।विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे देव रमण ने बताया कि काला कानून जपोओ 24 जनवरी 25 को लाया गया।उसे वापस लिया जाए।गाड़ी के हैंड ब्रेक स्टेशन कर्मचारियों के द्वारा कराया जाता रहा है ।उसे यथावत रहने दिया जाए उसे ट्रेन मैनेजर एवं सहायक लोको पायलट द्वारा नहीं कराया जाए।मौके पर अखिलेश कुमार,अग्नि देव रमण,हितेश कुमार,गौतम कुमार,शांति सिंह,गुलशन यादव के अलावे एन के प्रभाकर,गौतम कुमार,रविरंजन,अमरजीत सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बीएसके महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने सेमेस्टर वन की विशेष परीक्षा कराने के लिए सौंपा ज्ञापन

**बरहरवा/साहिबगंज** ।बीएसके महाविद्यालय बरहरवा में विद्यार्थियों ने एसकेएमयु दुमका परीक्षा नियंत्रक के नाम बीएसके महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बसंत कुमार गुप्ता को आवेदन सौंपा। विद्यार्थियों ने आवेदन के माध्यम से बताया कि हम सभी विद्यार्थी सेमेस्टर वन में प्रमोट हुए थे। जिसके बाद हम सभी ने दुबारा सेमेस्टर वन की परीक्षा दी। परंतु फिर से प्रमोट कर दिया गया। जिसके कारण सेमेस्टर छह के रिजल्ट में एनसीएल कर दिया गया है। जिसके कारण हमें सेमेस्टर छह का अंकपत्र नहीं मिल पायेगा।और आगे की पढ़ाई बाधित हो जाएंगी। विद्यार्थियों ने प्राचार्य द्वारा एसकेएमयु दुमका परीक्षा नियंत्रक को आवेदन के देकर पुनःसेमेस्टर वन की विशेष परीक्षा आयोजित करने की मांग की।मौके पर शम्मी कुशवाहा, अंकित कुमार,हर्ष आनंद,दानीनाथ महतो सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

## सड़क पर सामान ना रखें अन्यथा होगी आप लोगों पर कानूनी कार्रवाई :- राजमहल सीओ

**तीनपहाड़/साहिबगंज** ।तीनपहाड़ मुख्य बाजार हर दिन जाम के नाम पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं सोमवार को राजमहल के सीओ का आगमन तीनपहाड़ बाजार मे हुआ, और वो जाम में फंस गए उसके बाद साहब ने पुलिस बल के साथ बाजार के कई दुकानदारों को फटकार लगाकर कहा कि सड़क पर समान नही रखे अन्यथा आप लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं तीनपहाड़ बाजार में असमय जाम की समस्याओं से राहगीरों सहित अधिकारी भी बाजार के जाम में अक्सर फंस जाते है। वहीं जाम में कई एक बार एम्बुलेंस में मरीज सहित जाम में फस जाते है, अगर टाइम से एंबुलेंस अस्पताल न पहुंचे तो बहुत बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है।

## स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान प्रारंभ

**मंडरो/साहिबगंज** ।मंडरो प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्र स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान प्रारंभ किया गया। प्रखंड अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्र, सभी हेल्थ सेंटर व मिजाचौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार, पूर्व जेएमएम व्यावसायिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा उर्फ बबलु मिश्रा, एमपीडब्लू गेंनालाल मंडल, एएनएम अर्चना कुमारी के उपस्थिति में लोगो को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। वही चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार द्वारा बताया गया की जिला में 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत डीईसी एलबेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी । जिससे जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। फाइलेरिया गंभीर रोग है लेकिन समय पर दवा सेवन से इसे पूरी तरह रोका जा सकता है। 2 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को यह दवा लेनी अनिवार्य है ।गर्भवती महिलाएं व गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति एवं 2 साल से कम आयु के बच्चों को डीईसी की दवा नहीं दी जाएगी ।जबकि एक से दो साल के बच्चों को एलबेंडाजोल की आधी गोली दी जाएगी। दवा का सेवन स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही करना है।मोके पर महेंद्र पासवान, सुभाषिनी सिंहा,अमन , एमपीडब्ल्यू गेना लाल मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

## आरसेटी में दस दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**साहिबगंज** ।भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 10 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आरसेटी के निदेशक रविन्द्र कुमार,प्रशिक्षक राजहंस कुमार एवं अतिथि प्रशिक्षक आनंद मिंज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों को कृषि की नई तकनीकी और इंटीग्रेटेड फार्मिंग के बारे में जानकारी देना तथा उनको स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जाना है इस कार्यक्रम में कुल आजीविका सखी मंडल की 35 दीदियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जो विभिन्न जिले के प्रखंडों से आए हुए हैं जिसमें राजमहल,बरहरवा पतना,बोरियों एवं तालझारी के प्रशिक्षु उपस्थित हैं यह कार्यक्रम 20 फरवरी तक जारी रहेगी।मौके पर आरसेटी के सहायक रंजीत कुमार ठाकुर,आकाश कुमार एवं तौफीक आलम उपस्थित थे।

## उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला परिवहन मोटरयान विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न हुई, जिसमें परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता, विभागीय कार्यों की समीक्षा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई।बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया और अब तक की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त हेमंत सती ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित लक्ष्यों को तय समय-सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने कहा कि परिवहन सेवाओं को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।समीक्षा बैठक के दौरान परिवहन विभाग द्वारा किए गए कार्यों, वाहन पंजीकरण, लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया, सड़क सुरक्षा उपायों और यातायात नियमों के पालन को लेकर चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि परिवहन नियमों के सख्त अनुपालन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए और दोषी वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए।बैठक में परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, अभिषेक कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## मोबाइल छीनतई मामले में एक युवक को किया गिरफ्तार

साहिबगंज। जिरवाबाड़ी पुलिस ने मोबाइल छीनतई मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 34/25, दिनांक 9 फरवरी 2025 धारा 304(2) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त दिव्यांशु कुमार उम्र 19 वर्षीय, पिता कार्तिक वर्मा, साकिन दहला के रहने वाले को विधिवत गिरफ्तारी करने के बाद साहिबगंज सदर अस्पताल में कोविड जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## कांटे के तार में गिरकर एक महिला बुरी तरह घायल

**साहिबगंज** ।जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला कांटे के तार में गिरकर बुरी तरह घायल हो गई। परिजनों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कौशल्या देवी उम्र 55 वर्षीय, पति स्वर्गीय सुरेश तांती, बड़ा जिरवाबाड़ी चानन के दूसरे खेत में घास काटने के लिए गई थी, तभी अचानक कांटे के तार में गिरकर बुरी तरह घायल हो गई और महिला का बाया हाथ में गहरा जख्म हुआ है।

## चांदशहर में एक दिवसीय जलसा का हुआ समापन, इस्लाम महजब में आपस में कोई भेदभाव नही है: मौलाना जर्जिस साहिब

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड के चांदशहर पंचायत में मदरसा की तरक्की को लेकर सोमवार को एक दिवसीय अजीमुश्शान जलसा देर रात्रि को समापन हो गया। जानकारी के अनुसार मदरसा मिफ्ताहूल उलूम की तामीर व तरक्की को लेकर एक दिवसीय जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान वक्ता के रूप में मो.जर्जिस साहिब , दिल्ली के कमालुद्दीन सनाबली सहित दूर दराज के मौलानाओं ने शिरकत किया। मौलाना जर्जिस को देखने व उनकी तकरीर को सुनने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वही जलसे में झामुमो के केंद्रीय सचिव प्रोफेसर नजरूल इस्लाम, अयूब शेख, जावेद अकरम,यासीन शेख, सरफराज अहमद,शामिल हुए।

**अपने बच्चों को दीनी शिक्षा जरूर दे: प्रो.नजरूल इस्लाम**

वही प्रोफेसर नजरूल इस्लाम ने लोगों से अपील करते हुए कहा की जलसा को सुनकर उस पर अमल करें। अपने बच्चों को दीनी शिक्षा जरूर दे। शिक्षा के बिना जिंदगी अंधकारमय है। इस अंधेरे से तभी दूर हो सकते है जब हमारे अंदर इल्म रहेगी। इस दौरान प्रधान वक्ता मौलाना जर्जिस साहिब ने अपने संबोधन में कहा कि कुरान व हदीस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अल्लाह के अलावा दूसरा कोई मावूद नही है।जो शख्स 70-80 साल तक गुनाह में डूबा रहता है और वे जहन्नुम के करीब तक पहुंच जाते हैं तो मरने से पहले उसने लाईलाहा पढ़कर उसकी रूह निकल जाते हैं तो वैसे शख्स को जन्नत नसीब हो जाता है।

**हर मुसलमान पर पांच वक्त नमाज पढ़ना फर्ज है: मौलाना जर्जिस साहिब**

प्रवक्ता मौलाना जर्जिस साहिब ने कहां हर मुसलमान पर पांच वक्त का नमाज पढ़ना फर्ज है। लोगों के अंदर दिनी तालीम का होना जरूरी है।बदलते हालत में समाज में जो खराबी आ रही है, उसे ठीक करने की जिम्मेदारी सबों की है। आज अपने घर, परिवार, समाज और मुल्क के लिए सबको सोचने की जरूरत है। तालीमी बेदारि, निकाह, दहेज, तलाक, भेदभाव, दूसरे की हकमारी और तमाम तरह की सामाजिक कुरीतियां के खिलाफ एक जुट होकर काम करने की जरूरत है। इस्लाम मजहब में आपस में कोई भेदभाव नहीं है। इसलिए सबलोग आपस में मिलजुलकर रहें। उन्होंने कहा जहालत एक गुनाह है और गुनाह जहन्नुम की तरफ ले जाता है।

**मौके पर जलसा कमिटी के सदस्य थे मौजूद**

महबूब आलम, बाबूल शेख, जैनुल आबेदीन शेख,इमामूल शेख, अब्दुल हाकिम,साहेब शेख,अफारुल शेख,तमिजुद्दीन नदाब,केशरुल शेख,सरबर हुसैन हसमत शेख,बिक्की शेख समेत अन्य मौजूद थे।

## मिजाचौकी महादेववरण में सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन



**मंडरो/साहिबगंज।** मंडरो प्रखंड अंतर्गत मिजाचौकी महादेववरण में सात दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन वृंदावन से आए आनंदमुर्ति पंडित गोपाल भाई ओझा जी महाराज के द्वारा सीता राम विवाह की कथा श्रधालुओं को सुनाते हुए कहा कि अयोध्या एवं जनकपुर में जब शिव धनुष को श्रीराम जी तोड़ दिये तब धनुष की आवाज पुरे ब्रह्माण्ड में फैल गया यह जान परशुराम जी दौड़े चले आए यह विवाह पृथ्वी पर सुख शांति समृद्धि एवं धर्म की रक्षा था।त्रेतायुग में मयार्दा, संस्कार, विचार की यथार्थ को स्थापित करने, असुर तत्व को नष्ट करने के लिए राम की लीला की गई वहीं माता पिता एवं भ्रातृत्व प्रेम की चरित्र चित्रण किया, माता जानकी की विवाह राम जी से होना यह पूर्व से निर्धारित था चूंकि दानव प्रकोप अधिक बढ़ गया देवताओं पर अत्याचार होने लगा तब माता लक्ष्मी एवं विष्णु भगवान का रामावतार हुआ और असुरों को संहार किये प्रजा की मयार्दा की रक्षा कर भगवान पुरुषोत्तम कहलाये।मोके पर मुख्य जजमान गणेश भगत उनकी धर्म पत्नी चंदा देवी पंडित मधुसूदन पांडेय, बिनोद ओझा सहित सैकड़ों श्रद्धालु कथा का श्रवण किया।

## राधानगर पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाया तामिला इश्तहार

उधवा/साहिबगंज।राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत के बालू ग्राम में सोमवार को राधानगर पुलिस ने डिस्ट्रेस मेंटेनेंस मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पर तमिला इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत के बालुग्राम निवासी दुखू शेख डिस्ट्रेस मेंटेनेंस मामले के आरोपी है। उक्त आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे है। न्यायालय की ओर से उनको सशरीर न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था। न्यायालय के निर्देशों का अवहेलना करने पर उनकी गिरफ्तारी को लेकर वारंट निर्गत जारी किया गया है। वही न्यायालय के निर्देश के आलोक में राधानगर थाना के एसआई गंगा प्रसाद यादव ने सोमवार को अपने दल बल के साथ पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत स्थित दुखु शेख के घर पहुंचकर इश्तेहार तामीला चिपकाया। पुलिस ने बताया कि यदि कुछ दिनों में थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में फाइलेरिया मुक्ति अभियान की शुरूआत डीसी ने की

# घर-घर जाकर लोगों को खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा: डीसी

**पाकुड़ जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए आमजन फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में अपनी भागीदारी दें एवं निर्धारित तिथि को बूथ पर आकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करें एवं अपने परिजनों एवं आस-पास के लोगों को भी फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए जागरूक करें : डीसी**

**जिलें के 1189 गांवों एवं शहरी क्षेत्र में 21 वार्ड के 226220 घरों को आच्छादित किया जायेगा**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** 10 फरवरी से 25 फरवरी तक जिला में चलने वाले फाइलेरिया मुक्ति अभियान के शुभारंभ को लेकर सोमवार को शहर के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे उपायुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल एवं विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत दिए जाने वाली दवा का सेवन किया वही मौके पर मौजूद बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी को जिला से मुक्त करने के लिए यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सभी लोगों को दवा का सेवन करना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिया जा रहा है उसका अक्षरशः पालन करते हुए दवा का सेवन करना है। उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया मुख्यत मच्छर के काटने से होता है और इससे काफी लोग प्रभावित होते हैं अल्बेंडाजोल की गोली निश्चित ही इससे हम लोगों को मुक्ति दिलाएगी। साथ ही उपायुक्त ने एक फाइलेरिया मरीज के बीच एमएमडीपी किट वितरित किया।

**दवा सेवन से पूर्व आवश्यक ध्यान देने योग्य बातें :-**

दवा का सेवन भूखे पेट में नही करना है, साथ ही एक वर्ष से छोटे बच्चें, गर्भवती महिलायें एवं गंभिर रुप से बीमार व्यक्तिओं को दवा का सेवन नहीं करना है। यदि दवा सेवन के बाद सरदर्द, उल्टी, बुखार, चक्कर या बदन दर्द जैसी परिशानियां होती है, तो यह फाईलेरिया संक्रमन का संकेत है, जो दवा सेवन के बाद आपके शरीर में मौजूद फाईलेरिया कृमि के मरने के कारण यह प्रतिक्रिया हुई थी।

**फाईलेरिया क्या है:-**

फाईलेरिया का संक्रमण संक्रमित मादा क्यूलैक्स मच्छर के काटने से फैलता है। फाईलेरिया मुख्यतः व्यक्ति के शरीर के चार अंगों को प्रभावित करता है, जिसमें पैर, हाथ, अण्डकोष एवं महिलाओं के स्तन शामिल हैं। संक्रमण के बाद बीमारी होने में 05 से 15 वर्ष लग सकते है। किसी भी उम्र के व्यक्ति फाईलेरिया से संक्रमित हो सकते है। फाईलेरिया से संक्रमित व्यक्तिओं के पैरों में सूजन आ जाती है जिसे लिम्फोडेमा तथा आम भाषा में हाथीपांव भी कहा जाता है। संक्रमित पुरुष के अण्डकोष में सूजन आ जाती है, जिसे हायड्रोसील कहा जाता है। ससमय उपचार न होने पर यह बीमारी धीरे-धीरे व्यक्ति को दिव्यांगता की और अग्रसारित करता है।

**फाईलेरिया से बचाव:-**

फाईलेरिया से बचाव हेतु अपने घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें एवं सरकार द्वारा वर्ष में एकबार टऊ्अ के दौरान खिलाई जाने वाली फाईलेरिया रोधी दवाओं का अवश्य सेवन करें।

## डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों ने परीक्षा पर चर्चा में आभासी माध्यम से भाग लिया



**कुलबीर सिंह @झारखंड उजाला संवाददाता**

**सिंदरी /धनबाद।** सोमवार को डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत परीक्षा पर चर्चा में आभासी माध्यम के द्वारा भाग लिए । विद्यालय के कुल 423 बच्चे 63 माता- पिता और 24 शिक्षक और शिक्षिकाएं तथा 4 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सुना और अपने जीवन में प्रयोग करने के लिए प्रतिज्ञा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने विचार और मन की बातों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ साझा करना चाहिए। माता - पिता को अपने बच्चो की तुलना दूसरे बच्चों से कभी नहीं करनी चाहिए, आपका बच्चा अपने में सबसे अनोखा और पूर्ण है। उसके कौशल (स्किल) को पहचान कर उसका मार्गदर्शन करें। बच्चों की क्षमताओं और इच्छाओं को समझने का प्रयास करें। इस अवसर पर प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा के दौरान बच्चों में जो तनाव और चिंता होती है, उसको इस प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा कम किया जा सकता है। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत था और लाभान्वित करने वाला था। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## पूर्व सांसद कॉमरेड एके राय के दर्शन धरातल पर लाने के लिए सिन्दरी मे प्रतिमा स्थापित करना जरूरी : संयुक्त संघर्ष मोर्चा

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिन्दरी/धनबाद।** 9/02/25 को बिरसा परिसर मे देर रात तक संयुक्त संघर्ष मोर्चा की एक अहम बैठक अशोक महतो की अध्यक्षता में और गौतम प्रसाद के संचालन में संपन्न हुई। दो मुद्दो पर गहन विचार विमर्श हुआ। पहला मुद्दा शोषित पीडितो के मसीहा और दार्शनिक ए के राय की प्रतिमा सिन्दरी मे स्थापित किया जाय। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के साथियो ने राय साहब के प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया। जिसके लिए ट्रस्ट का गठन किया गया। जिसका नामकरण हुआ ₹ ए के राय स्मारक समिति₹ सिन्दरी, धनबाद, झारखंड। इस ट्रस्ट के अध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद महतो, तथा सुरेश प्रसाद संयोजक, अजय कुमार, सत्येंद्र सिंह, कृष्णा प्रसाद महतो, गौतम प्रसाद, सूर्य कुमार सिंह, अशोक महतो, परशुराम सिंह, मुनेश्वर यादव, सुरेश राउत सदस्य चुने गए। पूर्व विधायक आनंद महतो ने संयुक्त संघर्ष मोर्चा के साथियो को संकल्प संदेश मे कहा कि ₹राय साहब के दर्शन को धरातल पर लाने के लिए सिन्दरी मे प्रतिमा स्थापित करना और सिन्दरी के जन समस्याओ के निदान के लिए आन्दोलन को माध्यम बनाना जरूरी।₹ काली सेन गुप्ता ने कहा कि ₹ राय साहब का प्रतिमा लगाना और जन समस्याओ के निदान के लिए तन मन से अन्दोलित होना जरूरी है।₹ दूसरा सिंदरी के जनमुद्दे जिसमें आवास समस्या का मुख्य मुद्दा है इसपर संघर्ष करने का फैसला लिया गया जिसमें आगामी 18 फरवरी को एचयूआरएल के मुख्य द्वार पर महाधारणा दिया जाएगा। इस महाधारना में विधायक चंद्रदेव महतो, पूर्व विधायक आनंद महतो, काली सेन गुप्ता तथा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के सभी घटक दल के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और सिंदरी की आम जनता शिरकत करेगी।

**उपरोक्त बिन्दुओ पर गम्भीरतापूर्वक निम्नलिखित साथियो ने अपना विचार रखे**

सुरेश प्रसाद, गौतम प्रसाद, राजीव मुखर्जी, अजय कुमार, कृष्णा कुमार महतो, सूर्य कुमार सिंह, विमल रवानी, सहदेव सिंह, बिरंची महतो,अमर सिंह, दशरथ ठाकुर, सतेन्द्र सिंह, शिवू राय, परशुराम सिंह, सागर मंडल, राम लायक राम, स्वामीनाथ पाण्डेय, अख्तर अली समेत सैकडो ने उपस्थित रहे।

## जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 217 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया

**कैंप में 75 लोगों को योगाभ्यास भी कराया गया।**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** हिरणपुर के दुगार्मंदिर-दंगापाड़ा एवं कदमटोला लिट्टीपाड़ा के चटकम, रामपुर एवं महेशपुर के दुवाराजपुर खास में आयुष विभाग की ओर से सोमवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 217 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ अशोक मेहता, डॉ कुलेश कुमार, डॉ लवकुश यादव, डॉ मो० अफरोज आलम एवं डॉ राजेश यादव ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। कैंप में योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। अगर मनुष्य रोजाना 30 मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करें तो वह स्वस्थ रह सकता है। 11 फरवरी 2025 को हिरणपुर के दराज मठ, लिट्टीपाड़ा के तेशसो, पाकुड़ के ईलामी एवं अमड़ापड़ा के हरिजन टोला में आयुष जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांच किया जाएगा।

## असहाय निर्धन और गरीब तबके के लोगों के बीच तारीकुल शेख ने किया कंबल का वितरण, कहा

# अपने लिए तो सभी सोचते हैं मगर दूसरों के लिए सोचना हर एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज है

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के रहसपुर पंचायत के समाजसेवी तारीकुल शेख ने असहाय और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया. वही उनके साथ समाजसेवी फारुख शेख भी मौजूद रहे. पंचायत के असहाय निर्धन लोगों के बीच कंबल का वितरण करते हुए दोनों ने संयुक्त रूप से कहा कि समाज में रह रहे गरीब तबके के लोगों को सहारा देने के लिए क्षमता रखने वाले लोगों को उनके पास खड़े होने की जरूरत है, जिससे समाज के पिछड़े और आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोगों को एक सहारा मिल सके. दोनों समाजसेवी कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखते हैं. आए दिन गरीब तबके के लोगों के हित के लिए इस तरीके के समाज सेवा करते रहते हैं. वही कंबल पाकर लोगों के चेहरों में मुस्कान भी देखी गई. साथ ही सभी ने दोनों के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की. तारिकूल ने बताया कि मैं अपनी क्षमता के अनुसार समाज में रह रहे लोगों को यथासंभव मदद करते हुए उनका सहारा बनने का प्रयास करूंगा. इस तरह के कर्म करने से मेरे दिल में एक अलग सा सुकून मिलता है जो शायद हर कोई इस चीज को महसूस नहीं कर सकता. लोगों की खुशी के लिए जो काम करके सुकून मिलता है वह सुकून दुनिया का कोई भी काम करके नहीं मिलता और यह एक तरह की इबादत भी है. अपने लिए तो सभी सोचते हैं मगर दूसरों के लिए सोचना हर एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज है.

## प्रोजेक्ट जागृति के तहत निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का हुआ आयोजन




**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और जिला प्रशासन, पाकुड़ के संयुक्त तत्वावधान में पुराना सदर अस्पताल पाकुड़ में मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मरीजों के आंखों का निःशुल्क आपरेशन डॉ० सुनील सुराना कोलकाता एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का सपना है कि राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले। उसी के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट जागृति चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा एक महीने पहले हेल्थ हूल महोत्सव का आयोजन किया गया था। उसी परिपेक्ष में लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया गया। सभी मरीजों ने चार दिन पहले पुराना सदर अस्पताल में लगाए गए शिविर में अपना अपना निबंध किया था, उन सभी मरीजों का ऑपरेशन किया जा रहा है। इसमें रेड क्रॉस, बीजीआर कंपनी, जिला प्रशासन की संयुक्त पहल है। उपायुक्त ने रेड क्रॉस के सदस्यगन एवं लाइंस क्लब को इसके लिए धन्यवाद दिया। कहा कि आगे भी निरंतर इस तरह का शिविर जारी रहेगा। इसके लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत हैं।

## उपायुक्त ने एनटीपीसी अंतर्गत अधिग्रहित ग्राम आराआहर एवं जुगरा के ग्रामीणों और एनटीपीसी के प्रतिनिधियों के संग बैठक की

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग।** उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने सोमवार को अपने कार्यालय सभाकक्ष में एनटीपीसी अंतर्गत अधिग्रहित ग्राम आराआहर एवं जुगरा के ग्रामीणों और एनटीपीसी के प्रतिनिधियों के संग बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने एनटीपीसी के अंतर्गत विस्थापित प्रभावित ग्राम जुगरा और आराआहर के ग्रामीणों के विस्थापन, मुआवजा, रोजगार जैसे अन्य समस्याओं से अवगत हुए एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद कुमार सिंह, बड़कागांव विधायक श्री रोशन लाल चौधरी, अपर समाहर्ता श्री संतोष सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजकिशोर प्रसाद, भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एनटीपीसी के प्रतिनिधि सहित कई जनप्रतिनिधि व कई अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष विस्थापन, मुआवजा, रोजगार, स्कूल की शिफ्टिंग, गैरमजूरवा जमीन आदि जैसे अन्य समस्याओं को रखा और इन समस्याओं के समाधान हेतु अनुरोध किया। जिस पर उपायुक्त ने एनटीपीसी के प्रतिनिधियों को ग्रामीणों के साथ बेहतर समन्वय में बनाते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एनटीपीसी यह सुनिश्चित करें कि कंपनी में ग्रामीणों को रोजगार देने के मामले में स्थानीय लोग जो विस्थापित व प्रभावित हैं उन्हें सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जाए। टेक्निकल कार्यों के लिए जिन ग्रामीणों का प्रशिक्षण लिया जा चुका है उन्हें रोजगार से जोडने में विलंब न किया जाए। उपायुक्त ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिला प्रशासन ग्रामीणों के साथ कभी अन्याय नहीं होने देगी। स्थानीय लोग अगर स्किल्ड हैं तो उन्हें सर्वप्रथम रोजगार देने में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने एनटीपीसी के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि स्थानीय लोगों से सहजता के साथ मिलिए और उनकी समस्याओं को समझने व दूर करने का प्रयास करें।

## परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**सिंदरी /धनबाद।** सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में पीएम मोदी के द्वारा बच्चों को दिए गए टिप्स परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने बच्चों को पढ़ाई के आसान टिप्स तथा एग्जाम स्ट्रेस दूर करने के तरीकों को बताया। जिससे भैया बहनों में संघर्ष क्षमता और परीक्षा के दौरान संतुलन बनाए रखने की क्षमता का विकास होगा। परीक्षा के लिए भैया बहनों को उन्होंने अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### उपायुक्त ने पशुपालन विभाग पाकुड़ की ओर से ABIP–SS योजना के जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि यह योजना नई तकनीक पर आधारित है जिसके जरिए कृत्रिम गभार्धान कराने पर मादा बछिया के जन्म की गारंटी दी जाती है। इस योजना के तहत लिंग परिष्कृत वीर्य से यह सुनिश्चित किया जाता है कि गर्भधारण के उपरांत केवल उन्नत नस्ल की बछिया का ही जन्म हो। यह जागरूकता रथ पूरे जिले में इस योजना के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जन सामान्य के बीच योजना की जानकारी मुहैया कराने के उद्देश्य से रवाना की गई है जो अगले कई दिनों तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को योजना के प्रति जागरूक करेगा।

## किसानों के लिए सिंचाई का बेहतर प्रबंधन करने का रामचंद्रपुर पंचायत की छोटी नदी में चेक डैम बनाना एक अच्छा विकल्प साबित हो सकता है



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के रामचंद्रपुर पंचायत में एक छोटी नदी या फिर जिसे नाला कहा जा सकता है,वहां पर अगर लघु सिंचाई विभाग से एक चेक डैम बना दिया जाए तो आसपास के खेतों में सिंचाई हेतु किसानो के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है. इस स्थान पर चेक डैम अगर बन जाता है तो पूरा साल नदी में पानी का जमाव हो सकता है जिससे किसान अपने खेतों में खेती करने के लिए उस पानी का उपयोग करते हुए अच्छी खेती बाड़ी कर सकते हैं. इस विषय पर रामचंद्रपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि का कहना है कि इस क्षेत्र में ज्यादातर किसान गर्मी के मौसम में पानी के लिए काफी परेशान हो जाते हैं, खेतों में बने डोभा,तालाब आदि सुख जाते हैं जिससे किसानों को खेती करने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. उन्होंने आगे कहा कि अगर जिला प्रशासन इस ?र पहल करते हुए इस छोटी नाली में जल जमाव के उद्देश्य से चेक डैम बना दें तो यहां के किसानों को खेती करने के लिए काफी सुविधा होजाएगी. क्योंकि अक्सर किसान गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से जूझते आते हैं. किसानों के लिए सिंचाई का बेहतर प्रबंधन करने का यह एक अच्छा विकल्प साबित हो सकता है.

# एसपी कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन, थानेदारों को एसपी ने दिए जरूरी दिशा निर्देश

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे जनवरी माह में किये गए कार्यो की समीक्षा के उपरांत सभी थाना/ओपी प्रभारी/संबंधित शाखा प्रभारी को निम्नांकित आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया।माह जनवरी 2025 में प्रतिवेदित एवं निष्पादित कांडों की समीक्षोपरांत पाया गया कि माह जनवरी 2025 में कुल 130 कांड प्रतिवेदित हुआ है एवं कुल 136 कांडों का निष्पादन किया गया। जनवरी माह के अंत तक लंबित कुल 431 कांडों की संख्या को घटा कर 400 से नीचे लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। श्री बाबूराम भगत, पुलिस निरीक्षक, महेशपुर प्रभाग द्वारा माह जनवरी में कुल 10 साईबर कांडो का निष्पादन किया गया, उक्त सराहनीय कार्य के लिए इन्हें पुरस्कृत करने हेतु पुलिस उप-महानिरीक्षक, दुमका को अनुशंसा पत्र भेजा गया। विगत दिनों में पाकुड़िया एवं हिरणपुर थाना क्षेत्र में घटित चोरी/लूट की घटना का उद्भेदन नहीं होने पर थाना प्रभारी पाकुड़िया एवं थाना प्रभारी हिरणपुर को भविष्य के लिए सचेत करते हुए एक सप्ताह के भीतर उक्त कांडों का उद्भेदन करने का निर्देश दिया गया। लंबित सभी यू. डी. कांडों को फरवरी माह के अंत तक निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

थाना/ओपी में लंबित सभी कांडों का विस्तृत समीक्षा कर प्रत्येक सप्ताह समीक्षा प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु सभी पुलिस उपाधीक्षक/पुलिस निरीक्षक प्रभाग को निर्देशित किया गया। माह दिसम्बर के अंत तक प्रतिवेदन सभी कांडों का पर्यवेक्षण प्रतिवेदन दिनांक 15.02.2025 तक समर्पित करने हेतु सभी पुलिस उपाधीक्षक/पुलिस निरीक्षक प्रभाग को निर्देशित किया गया।कोयला चोरी एवं कोयला रोड में ट्रकों से ईंधन की किए जा रहे चोरी में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विधि सम्मत आवश्यक कारवाई करने एवं कोयला/ईंधन चोरी पर पूर्णता अंकुश लगाने हेतु नियमित रूप से अभियान चलाए जाने का आदेश दिया गया। अवैध बालु/पत्थर के उत्खनन/परिवहन/भंडारण के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा चलाए जा रहे छापामारी अभियान के दौरान सभी आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग पार्टी को मुस्तैदी के साथ भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया।सभी थाना/ओपी प्रभारी को अपने स्तर से अभियान चलाकर लंबित वारंट/कुर्की का निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस मुख्यालय एवं आम जनता से प्राप्त शिकायत पत्रों को त्वरित जांचोपरांत अग्रतर कारवाई करने का निर्देश दिया गया। आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटना के नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर चालक का हेलमेट/ सिटबेल्ट/ रजिस्ट्रेशन/ इंश्योरेंस इत्यादि की जांच करने तथा ड्रंकन ड्राईव के विरुद्ध नियमित रूप से जांच अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया गया।

## धनबाद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी करें दवा का सेवन : उपायुक्त

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**




**सिंदरी /धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने सोमवार को सदर अस्पताल में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का शुभारंभ स्वयं डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खाकर किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जाएगी। उन्होंने धनबाद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए जिले वासियों से दवा प्रशासक को सहयोग करने और जरूर दवा लेने की अपील की। साथ ही कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान वर्ष में एक बार डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा का खुराक लेने से इस लाईलाज रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 1 से 2 साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर। 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली 300 (एमजी) एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली दवा प्रशासक द्वारा अपने सामने खिलाई जाएगी। जबकि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी। किसी को भी यह दवा खाली पेट सेवन नहीं करनी है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने फाइलेरिया से पीड़ित दो मरीजों को किट प्रदान की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, सदर अस्पताल के नोडल डॉ राजकुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित कुमार तिवारी, वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह, डीएलओ डॉ मंजू दास, शुभम कुमार व अन्य लोग मौजूद थें।

# आधा दर्जन मामलों में फरार अपराधी प्रिंस यादव गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त पिस्टल व बाईक जप्त

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा :** विगत 14 जनवरी को शहर के बाजार टांड़ ईलाके में घटित मुकेश सोनी गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। मामले में एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित सदर थाना की स्पेशल टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल पेशेवर अपराधी प्रिंस यादव उर्फ प्रिंस कुमार को धर दबोचा है। साथ ही घटना में प्रयुक्त देशी मेड पिस्टल व टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल समेत मोबाइल फोन भी जप्त किया है। हालांकि घटना में शामिल दो अन्य अपराधी अभी भी पुलिस के पहुंच से दूर हैं। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर सभी संभावित ठिकानों पर पुलिस निरंतर छापेमारी अभियान चला रही है।

**स्पेशल टीम ने किया खुलासा**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी विकास पांडेय ने बताया कि विगत 14 फरवरी की शाम मुकेश सोनी के घर के पास मोटरसाइकिल सवार हथियार बंद अपराधकर्मियों के द्वारा गोलीबारी की गई थी। इस फायरिंग की घटना में मुकेश सोनी को गोली लगी थी। जिसके बाद उसे गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया था। एसपी ने बताया कि इस मामले में घायल मुकेश सोनी की मां के लिखित आवेदन पर सदर थाना में चार नामजद एवं दो अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गई थी। इसके बाद सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन कर कांड के उद्भेदन एवं इसमें शामिल अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी को ले स्पेशल टीम का गठन किया गया था। स्पेशल टीम ने ही गुप्त सूचना के आधार पर शहर के दीभा मोहल्ला इलाके से घटना के मुख्य अभियुक्त प्रिंस यादव उर्फ प्रिंस कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त काला रंग का टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल एवं देशी मेड पिस्टल के अलावे मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

**मुकेश का भी है पुराना आपराधिक इतिहास**

गौरतलब है की गोली कांड में घायल मुकेश सोनी का भी पुराना आपराधिक इतिहास है। कुछ दिन पूर्व ही वह भी सदर थाना के एक मामले में बेल पर जेल से बाहर निकला था। जेल से निकलने के बाद उसने गिरफ्तार अपराधी प्रिंस यादव उर्फ प्रिंस कुमार व उसके गिरोह में शामिल अन्य अपराध कर्मियों पर फायरिंग की थी। इसी को ले पुरानी रंजिश और इलाके में वर्चस्व को लेकर प्रिंस यादव उर्फ प्रिंस कुमार और उसके साथियों के द्वारा मुकेश सोनी के घर के बाहर फायरिंग और गोलीबारी कांड को अंजाम दिया गया था। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार प्रिंस यादव के विरुद्ध सदर थाना में आधा दर्जन आपराधिक मामले पूर्व से दर्ज है, और इन सभी मामलों में पुलिस को इसकी लंबे समय से तलाश थी। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य अपराधियों की भी पहचान कर ली गई है और उसके धरझपकड़ को लेकर सभी संभावित ठिकानों पर स्पेशल टीम लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही फरार अपराधियों को भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। अभियान में सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक विपिन कुमार, एसआई राहुल सिंह व मनीष कुमार समेत सदर थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पीएम कुसुम योजनान्तर्गत दो एचपी सोलर पम्प हेतु प्राप्त आवेदनों के भौतिक सत्यापन के पश्चात अनुमोदन हेतु बैठक आयोजित की गई



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में पीएम कुसुम योजनान्तर्गत दो एचपी सोलर पम्प हेतु प्राप्त आवेदनों के भौतिक सत्यापन के पश्चात जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा अनुमोदन हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा योग 327 किसानों की सूची को जरेडा रांची को प्रेषित करने हेतु अनुमोदन दिया गया। साथ ही समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला के चितलो फार्म लिट्टीपाड़ा में संचालन हेतु डीपीआर पर चर्चा की गई एवं संबंधित भवन निर्माण, लघु सिंचाई एवं विद्युत विभाग के अभियंता से समन्वय स्थापित कर कार्य को शीघ्र शुरू करने हेतु निर्देशित किया गया।

# वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर डीसी व एसपी ने बैठक

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिले के वरीय अधिकारियों एवं प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों/कर्मियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग किया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है।औचक निरीक्षण के दौरान कदाचार करते यदि कोई परीक्षार्थी पकड़े गये, तो सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निदेशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएंगे। आगे कहा केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया।जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया प्रथम पाली में माध्यमिक व द्वितीय पाली में इंटर की परीक्षाः माध्यमिक परीक्षा-2025 की परीक्षा पूर्वाह्न 9.45 बजे से 1.00 बजे अपराह्न तक होगी। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 की परीक्षा 2.00 बजे से 5.15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। ज्ञात हो कि माध्यमिक परीक्षा-2025 व इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 11 फरवरी से 03 मार्च तक आयोजित होगी। माध्यमिक में 17771 और इंटरमीडिएट मंज 11838 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा-2025 के लिए चतरा जिला में कुल 48 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इसमें कुल 17771 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए चतरा जिला में कुल 28 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इसमें कुल 11838 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

# अल्ट्रासाउंड के लिए आये नए एवं नवीकरण के लिए आये आवेदनों की उपायुक्त ने किये समीक्षा




**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतरा।** समाहरणालय के सभागार कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडिटी की बैठक की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बारी बारी से अल्ट्रासाउंड के लिए आये नए एवं नवीकरण के लिए आये आवेदनों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जो नए आवेदन आये थे उसमें से अधिकांश आवेदक के साथ साथ चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। जबकि जो आये भी तो उनमें से कई के प्रमाणपत्र संतोषजनक नहीं पाया गया। इतना ही नहीं कई ऐसे भी आवेदन आये थे जिनके चिकित्सकों का रजिस्ट्रेशन झारखंड का नहीं पाया गया। बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन दिनेश प्रसाद को उपायुक्त ने सभी चिकित्सकों का सर्टिफिकेट और रजिस्ट्रेशन समेत अन्य दस्तावेज जांच करने का निर्देश दिया। नए कुल प्राप्त 8 आवेदनों में से 3 को पंजीकृत करने वहीं नवीकरण के लिए प्राप्त 5 आवेदनों में से 3 का नवीकरण करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बाकी आवेदकों के आवेदनों को जांचों उपरांत अगली बैठक में रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, डीएस डॉ मनीष लाल, डीआरसीएचओ एल आर पाठक, रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक, सरकारी अधिवक्ता सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# हालात का अंधेरा दूर करने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें : उपयक्त

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतरा।** जिले के आदिम जनजाति परिवार के पाँच बच्चों के साथ उपायुक्त ने अपने आवास पर संवाद किया।ज्ञात हो की कुछ माह पूर्व आदिम जनजाति परिवार के बच्चे जिन्होंने 2024 के वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वैसे कुल 5 छात्र छात्राओं जिसमें 3 छात्र जिसमें ललन बिरहोर, दिलीप बिरहोर, आकाश बिरहोर 2 छात्रा यथा प्रेमी कुमारी और रीना कुमारी ने दसवीं की परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण करने की जानकारी मिली थी तब डीसी रमेश घोलप स्वयं मिठाई लेकर बिरहोर बस्ती में पहुँचे थे। उन्होंने बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ संवाद किया था और आगे की पढ़ाई के लिए मनोबल बढ़ाया था।बच्चों ने मांगा था रेंजर साइकल, उपायुक्त ने निजी तौर पर खरीद कर दी पाँच मनपसंद साइकिल।सेहदा स्थित बस्ती में जब डीसी पहुंचे थे तब बच्चों ने कॉलेज जाने के लिए अच्छी रेंजर साइकल की मांग की थी।उपायुक्त ने आज बच्चों की मेहनत, सफलता का इनाम के रूप में उन्हें आज अपनी ओर से निजी तौर पर उनके पसंद की साइकल खरीदकर दी।साथ ही उनके साथ एक घंटा संवाद कर उनको अपनी जीवनी बताकर समस्याओं का डटकर मुकाबला करने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

**किताबे और पढ़ाई के लिए सहयोग राशि भी दी :**
उपायुक्त और पदाधिकारियों ने बच्चों को ग्यारहवीं कक्षा की सारी किताबें और सभी को पाँच-पाँच हजार रुपए की सहयोग राशि भी दी, जिसको पढ़ाई में उपयोग करने के लिए कहा।

**नए मोबाइल देकर अपना नम्बर किया साझा**
डीसी ने पांचों बच्चों को नए मोबाइल देकर स्वयं का मोबाइल नम्बर साझा किया और पढ़ाई में कोई भी बाधा आएगी तो सीधा संवाद करने को कहा।उनकी भविष्य की पढ़ाई में भी हर संभव सहयोग का विश्वास दिया।

**बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने की दी सलाह**
डीसी ने बच्चों को अपनी विपरीत हालात को ही अपनी प्रेरणा बनाने और बड़े सपने देखने को कहा।आज के युग में आपके पास टैलेंट है और मेहनत करने की तैयारी है तो आपके कठिन हालात भी आपको सफलता पाने से रोक नहीं सकते। इसलिए समस्याओं का सामना कर सफलता की ऊँचाई तक पहुँचने का इरादा रखने की सलाह दी।

**दो बच्चियों को कस्तूरबा में एडमिशन करने का निर्देश**
पाँच बच्चों में से दो लड़कियों का ग्यारहवी कक्षा में कस्तूरबा में एडमिशन का और उन्हें किसी भी तरह की परेशानी न हो इसका ख्याल रखने का निर्देश डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधिक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, बीडीओ चतरा हरिनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की जिला अनुकम्पा समिति एवं स्थापना समिति की बैठक

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतराः** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला अनुकम्पा समिति एवं स्थापना की बैठक की गई। जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 12 मामलों को रखा गया। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति वाले आवेदक के आवश्यक कागजतों की जांच किया। इनमें आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले आवेदक को अनुकंपा के आधार पर जल्द नियुक्ति पत्र देने समेत अन्य निर्देश दिए गए। जिला अनुकम्पा से संबंधित अनुकम्पा समिति की बैठक में कुल 12 मामलों में से 3 मामलों में संबंधित विभाग में लिपिक के पद नियुक्ति की अनुशंसा की गई। इसकें पश्चात जिला स्थापना समिति की बैठक में 81 कर्मियों को सेवा संपुष्टि का लाभ देने का निर्णय लिया गया एवं 106 कर्मियों को एसीपी/ एम ए सी पी का लाभ देने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# राजाभीठा क्षेत्र में खूब फल- फूल रहा है अवैध बालू खनन और बिक्री का धंधा

## ओवरलोड बिना नंबर प्लेट के ट्रेक्टर पर बालू लोड वाहन हो रही है फुर्र

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**गोड्डा/राजाभीठा।** थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन एक संगठित अपराध की तरह काम कर रहा है, जिसमें प्रशासन की निष्क्रियता या मिलीभगत साफ नजर आ रही है। यह न सिर्फ सरकारी राजस्व की हानि कर रहा है बल्कि पर्यावरण, सड़क सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बना हुआ है। सरकार को मिलने वाला करोड़ों रुपये का राजस्व इन अवैध खनन माफियाओं की जेब में जा रहा है।

वैध खनन करने वाले कारोबारियों को नुकसान हो रहा है, जिससे सरकारी खनन नीलामी प्रक्रिया भी प्रभावित होती है।नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बदलाव होने से भूजल स्तर पर बुरा असर पड़ता है।अवैध खनन से मिट्टी का कटाव बढ़ता है, जिससे बाढ़ और सूखा जैसी आपदाओं की संभावना बढ़ जाती है।आसपास के क्षेत्रों में भूमि कटाव और कृषि योग्य भूमि के नुकसान की समस्या उत्पन्न हो रही है।बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर और जुगाड़ गाड़िया पर बालू लोड वाहन तेज रफ्तार से चलती हैं।जिससे दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है।जुगाड़ गाड़िया बिना किसी मानक सुरक्षा उपायों के चलती हैं जिसके कारण सड़क पर चलने वाले लोगों के लिए खतरा भी बनी हुई हैं।जब मीडियाकर्मी ऐसे मामले पर स्थानीय पुलिस को फोन करते है तो दरोगा न तो कॉल उठाते है और न ही किसी प्रकार का मैसेज दे पाते है।जिससे यह साफ प्रतीत होता है कि यह पीले सोना के मेल में जरूर कोई काला खेल है।हालांकि ऐसे मामले पर गोड्डा एसपी और खनन पदाधिकारी सनी कुमार क्या संज्ञान लेते है यह देखना दिलचस्प होगा।

# अनियंत्रित ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त, घटना स्थल से शव बरामद

**मयूरहंड।** मयूरहंड थाना क्षेत्र के मझगांवा पंचायत के महेशा गांव स्थित पुल पर 9 फरवरी की रात 3 बजे एक ट्रेलर ट्रक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया।इस घटना की सूचना स्थानीय थाना को मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंच कर ट्रेलर के समीप पुलिस को एक शव प्राप्त हुआ है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की अनुमान लगाया जा रहा है कि शव उसी वाहन के उपचालक का होने का अनुमान लगाया जा रहा है।शव क्षत विक्षत हालत मे था। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नही हो पाई थी।पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



# विधायक रौशनलाल चौधरी पंकरी बरवाडीह कोल माइंस प्रभावित एरिया क्षेत्र के लिए की बैठक

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग।** सोमवार को अपराह्न 4: बजे माननीय विधायक श्री रौशनलाल चौधरी एवं उपायुक्त हजारीबाग के उपस्थिति मे समहरणालय हजारीबाग के सभाकक्ष मे एनटीपीसी अधिग्रहित क्षेत्र ग्राम आराहारा एवं जुगरा के भू रैयतो के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई, जिसमें बैठक के बाद माननीय विधायक श्री रौशनलाल चौधरी जी के पहल पर कई मुद्दों पर सहमति हुई जो निम्नलिखित इस प्रकार है ! इस महत्वपूर्ण बैठक में उपायुक्त हजारीबाग, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, अपर समाहर्ता हजारीबाग, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोल माइंस, अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग, भू अर्जन पदाधिकारी हजारीबाग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव, अंचलाधिकारी बड़का गांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी बड़कागांव, थाना प्रभारी बड़कागांव ओपी प्रभारी डाड़ीकला थाना सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भू रैयत उपस्थित थे!

1 कट ऑफ डेट वर्तमान समय का लागू करने के लिए उपायुक्त हजारीबाग द्वारा संशोधन प्रपोजल बनाकर के दिल्ली भेजा जाएगा..!

2 विस्थापित प्रभावित परिवार को रोजगार गारंटी के साथ जोड़ा जाएगा..!

3कोल माइंस अधिकृत क्षेत्र में विस्थापित प्रभावित लोगों के ही फोर व्हीलर गाड़ी देने की प्राथमिकता दी जाएगी..!

4कानूनी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद त्रिवेणी सिलाई सेंटर महिला समूह के लिए फिर से चालू करने पर सहमति..!

# मैट्रिक-इंटर की परीक्षा आज से, 56,317 परीक्षार्थी लेंगे भाग, 76 केन्द्रों पर मैट्रिक एवं 53 केन्द्रों पर होगी इंटरमीडिएट की परीक्षा

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**हजारीबाग।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 का आयोजन 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक संचालित होगी। माध्यमिक परीक्षा में 27339 एवं इंटरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की परीक्षा में 28978 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं में कुल 56,317 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। माध्यमिक परीक्षा के लिए हजारीबाग जिले में 76 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गए हैं। वहीं इंटर परीक्षा के लिए 53 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर नगर भवन में उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता श्री संतोष सिंह सहित कई वरीय पदाधिकारी ने सभी गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, गस्ती दल पदाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं सजगतापूर्वक करने का निदेश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि परीक्षाओं का संचालन निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न कराना सभी की जिम्मेवारी है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय एवं समय प्रबंधन के साथ कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करने का निदेश दिया। साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पीने के शुद्ध पानी, रनिंग वाटर युक्त छात्र एवं छात्राओं के लिए शौचालय, परीक्षा कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यस्था, पर्याप्त फर्नीचर (बेंच-डेस्क) आदि आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बहाल रखने का निदेश दिया। उन्होंने क्वेश्चन पेपर का हैंडलिंग, डिस्ट्रीब्यूशन समय से हो इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। वहीं बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को आवंटित रौल नंबर-रौल कोड के अनुरूप परीक्षार्थियों के लिए सिटिंग आगुमेंट करने का निदेश दिया। परीक्षा को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा लागू की गई है। परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान निषेधाज्ञा लागू रहेगी। निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। परीक्षा से संबंधित व्यक्तियों के अलावें अन्य किसी की उपस्थिति निषेध रहेगा। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन की जिम्मेवारी केन्द्राधीक्षक को है। कोई अव्यवस्था नहीं हो, इसके लिए लिए सर्तकता बरतें। नोडल पदाधिकारियों पर परीक्षा केंद्र का मॉनिटर करने की जिम्मेवारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त पुलिस पदाधिकारी प्रातः 7:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुचेंगे।

# गॉडफ्रे स्कूल चतरा में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा।** गॉडफ्रे स्कूल चतरा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सीबीएसई बोर्ड के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार ने बताया कि 13 वर्ष पहले विद्यालय में छोटे बच्चों ने रोते हुए नामांकन लिए थे और आज शिक्षक शिक्षकों की आंखें नम है छात्र-छात्राओं को अश्रुपूर्ण विदाई से विदा करना पड़ रहा है। विद्यालय की सचिव,सुनीता सहाय ने बच्चों को आने वाले भविष्य में धैर्य लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करने का और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया। दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भी विदाई समारोह में अपने स्कूली जीवन का अनुभव साझा किया। विद्यालय परिवार द्वारा दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान कर उनके सुखद भविष्य की कामना की गई। विदाई समारोह के कार्यक्रम का मंच संचालन सप्तम कक्षा के छात्र इवान सहाय अष्टम कक्षा की छात्रा प्रियांशी कुमारी एवं आलीशा नाज ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के जूनियर विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों ने भी दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड की परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका संगीता कुमारी साहू, शालिनी ठाकुर, रानी कुमारी, प्रेम प्रकाश गुप्ता सहित संपूर्ण शिक्षक शिक्षिकाओं एवं जूनियर क्लास के बच्चों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# आखिर तीसरे मोर्चे के सियासी तीरंदाजों का राजनीतिक भविष्य अब क्या होगा?



सुमित कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

दिलचस्प बात तो यह है कि कभी तीसरे मोर्चे या चौथे मोर्चे में शामिल रहे क्षेत्रीय दलों की आपसी प्रतिस्पर्धा से ही भाजपा नीत एनडीए या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन को भी राजनीतिक ऑक्सीजन मिलता आया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान भाजपा और कांग्रेस विरोधी क्षेत्रीय दलों ने जो पारस्परिक एकजुटता दिखाई, उससे भी यहां पिछले 12 वर्षों तक सत्तारूढ़ रही आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की सियासी भलाई संभव नहीं हो पाई और भाजपा नीत एनडीए के हाथों 'आप' को करारी चुनावी मात मिली। इस चुनाव में 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा की 48 सीटों पर जहां भाजपा ने बाजी मारी, वहीं आप को उसने महज 22 सीटों पर ही समेट दिया।

वहीं, दिल्ली पर सत्तारूढ़ रही इंडिया गठबंधन की सहयोगी 'आप' की रणनीति ही ऐसी मारक रही कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस का यहां तीसरी बार भी खाता नहीं खुलने दिया, जिससे उसके रणनीतिकारों की राजनीतिक पेशानी पर बल पड़ना स्वाभाविक है। बता दें कि 2015, 2020 और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट पर चुनावी सफलता नहीं मिल पाई है, जबकि उसकी शीला दीक्षित सरकार ने डेढ़ दशक तक यहां शासन किया है और दिल्ली के बहुमुखी विकास में उल्लेखनीय भूमिका अदा की है। दरअसल, यह सब कुछ अनायास नहीं हुआ बल्कि भाजपा की एक सोची-समझी गुप्त रणनीति के तहत किया गया, जिसे अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन बनाने के चक्कर में आप और कांग्रेस नहीं समझ पाई। साथ ही, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों ने भी आप और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के आए परिणामों के बाद से दिल्ली-पंजाब में चौड़ी हो रही सियासी खाई को पाटने में दिलचस्पी नहीं दिखाई, बल्कि आप की खुली तरफदारी करके कांग्रेस को नीचा दिखाने का काम किया। इससे भी बात बनते बनते बिगड़ गई।

बता दें कि दिल्ली के पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश की प्रमुख विपक्षी समाजवादी पार्टी यानी सपा के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृण मूल कांग्रेस यानी




टीएमसी की सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टी शिवसेना यूबीटी के आलाकमान उद्धव भाऊ ठाकरे, एनसीपी शरद पवार के प्रमुख शरद पवार आदि ने अपने-अपने सूबे में जारी कांग्रेस के सियासी दांवपेचों से खार खाते हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की खुली तरफदारी की, जिससे कांग्रेस का मुस्लिम-दलित वोट बैंक आप के साथ जुड़ा रहा। इससे दिल्ली में कांग्रेस को तीसरी बार भी जीरो पर समेटने में 'आप' सफल रही। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस के नेतृत्व में बने 'इंडिया गठबंधन' में आप भले ही दिल्ली में शामिल रही, लेकिन पंजाब में उसने दोस्ताना मुकाबला किया। फलाफल यह निकला कि दिल्ली की कुल 7 लोकसभा सीटों में से आप के हिस्से वाली 3 सीटों पर और कांग्रेस के हिस्से वाली 4 सीटों पर भाजपा ने दोनों पार्टियों को जबरदस्त शिकस्त दी। वहीं, पंजाब में हुए दोस्ताना टक्कर के दौरान वहां सत्तारूढ़ 'आप' पर कांग्रेस भारी पड़ी, क्योंकि पंजाब के 14 लोकसभा सीटों में से आप को जहां मात्र 3 सीटों पर जीत मिली, वहीं कांग्रेस ने 7 सीटों पर अपना कब्जा जमा लिया। जो आप नेताओं को नागवार गुजरा। जबकि कांग्रेस ने अपनी सूबाई नेतृत्व की पीठ थपथपाई, जिसने अड़ियल रूख दिखलाकर आप-कांग्रेस में आत्मघाती राजनीतिक समझौता नहीं होने दिया और आप पर दुगुनी से ज्यादा बढ़त हासिल करके दिखला दिया।

समझा जाता है कि यहीं से कांग्रेस और आप में पुनः राजनीतिक दूरी बननी शुरू हो गई, क्योंकि पंजाब में कांग्रेस की रीति-नीति ही वहां पर सत्तारूढ़ आप की भगवंत मान सिंह सरकार के लिए गम्भीर खतरा बन सकती है। चूंकि कांग्रेस ही पंजाब में मुख्य विपक्षी पार्टी है, इसलिए उसके साथ आप की राजनीतिक मित्रता का पंजाब के लोगों के बीच गलत संदेश जा सकता है। वहीं, दिलचस्प बात यह है कि चाहे दिल्ली हो या पंजाब, आप ने कांग्रेस को सियासी शिकस्त देकर ही सत्ता पाई है। इसलिए दोनों में महज भाजपा विरोधी धर्मनिरपेक्षता के सवाल पर दोस्ती की गुंजाइश बनाना आप के लिए आत्मघाती रणनीति हो सकती है। कुछ यही सोचकर आप ने दिल्ली में एकला चलने का निर्णय लिया और इंडिया गठबंधन के क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस विरोध के नाम पर अपने पाले में कर लिया। हालांकि, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने इस मामले में कांग्रेस-आप समेत इंडिया गठबंधन के विभिन्न घटक दलों को समय रहते ही आगाह कर दिया था, लेकिन उनकी दूरदर्शितापूर्ण सलाह की सबने अनदेखी की। यही वजह है कि आप व कांग्रेस की उम्मीदों के विपरीत चुनाव परिणाम मिलने पर उन्होंने सटीक टिप्पणी की कि ₹जी भरकर लड़ो, खत्म कर दो एक दूसरे को।₹

कहने का तातपर्य यह कि उमर अब्दुल्ला चाहते हैं कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों को साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए, क्योंकि घटक दलों के आपस में लड़ने से भाजपा को फायदा मिल रहा है। चूंकि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तरह जम्मू-कश्मीर में भी उमर अब्दुल्ला ने भाजपा को रोका है, इसलिए उनकी बातों का अपना महत्व है। इधर शिवसेना यूबीटी प्रवक्ता संजय राउत ने भी कहा है कि दिल्ली में कांग्रेस और आप मिलकर लड़ते तो परिणाम अलग होते। भाजपा की हार तय थी।

उधर, माकपा नेता टीपी रामकृष्णन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के प्रभावी समन्वय के लिए कदम नहीं उठाए। इनकी बातों में दम है क्योंकि जब दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस विरोधी क्षेत्रीय दल आप को समर्थन देने लगे तो कांग्रेस की ओर से बयान आया कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। विभिन्न राज्यों की राजनीतिक परिस्थितियों के मद्देनजर कांग्रेस स्वहित के अनुकूल निर्णय करेगी। उसकी यही बात इंडिया गठबंधन के घटक दलों को भी नागवार गुजरी। राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को अप्रत्याशित सफलता मिली थी, इसलिए उसको और मजबूत किए जाने का दारोमदार भी कांग्रेस पर ही है। लेकिन उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी, महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी और एनसीपी शरद पवार, पश्चिम बंगाल में टीएमसी आदि को ज्यादा लोकसभा सीटें मिलने से इनकी अंदरूनी प्रतिस्पर्धा कांग्रेस से ही शुरू हो गई, जो बात राहुल गांधी को नागवार गुजरी। उनसे जुड़े सूत्रों का कहना है कि 1977, 1989 और 1996 में जिन दलों ने कांग्रेस की कब्र खोदी औए 2004 से 2014 तक कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए सरकार से मतलब परस्त आंखमिचौली करके उसे कमजोर किया, उनसे कांग्रेस के भले की उम्मीद करना व्यर्थ है।

# आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे, लेकिन उसके लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। कार्यों में सफलता मिलने से नई ऊर्जा का अनुभव करेंगे। निवेश से बचना होगा। पारिवारिक संबंध मधुर होंगे। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी से विवाद हो सकता है। सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा पर जाने के योग बनेंगे।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। लंबे समय से अटकी योजना पूरी हो सकती हैं। नौकरी के नए अवसर मिलने की संभावना रहेगी। कार्यभार अधिक होने से शारीरिक और मानसिक रूप से थकान महसूस करेंगे। खर्च की अधिकता रहेगी। परिवार में किसी से मनमुटाव हो सकता है। मित्रों की सलाह काम आएगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। यात्रा सुखद रहेगी। धर्म कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार की स्थिति यतावत रहेगी। कठिन परिश्रम से सभी कार्य सफल होंगे और मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा, अनावश्यक खर्च बढ? से तनाव में रह सकते हैं। स्वास्थ्य की स्थिति कमजोर रहेगी। दाम्पत्य जीवन अच्छा रहेगा। धर्म-ध्यान में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक आयोजनों में शामिल हो सकते हैं। परिवार में बड़ों का स्नेह व विश्वास प्राप्त होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिल सकता है, लेकिन फैसले सोच-समझकर लेने होंगे। सौदे संभलकर करें, अन्यथा किसी बड़े नुकसान की भी संभावना रहेगी। मित्रों से अच्छे संबंध रहेंगे और परिवार में हर्ष-उल्लास का वातावरण रहेगा। नौकरीपेशा वर्ग में उत्साह बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। यात्रा पर जाने से बचें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना रहेगी। आकस्मिक धनलाभ के योग भी रहेंगे। आमदनी बढ? से मानसिक सुख की प्राप्ति होगी और परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। घर में मांगलिक कार्य हो सकते हैं। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार लाभदायक रहेगा और नौकरी में तरक्की के साथ स्थान परिवर्तन के योग रहेंगे। लम्बे समय से प्रयासरत कार्यों में सफलता मिलेगी। आमदनी में वृद्धि से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारी पूर्ण नहीं होने से तनाव झेलना पड़ सकता है। खान-पान में सावधानी रखें। मित्रों से कार्यों में मदद मिलेगी। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**तुला राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आशानुरूप सफलता और फायदा मिलेगा। व्यापार में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से समाज में प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। अधिक परिश्रम से मानसिक एवं शारीरिक रूप से थकान व अस्वस्थता महसूस करेंगे। छोटी मोटी यात्रा करना पड़ सकता है। परिवार के साथ समय बिताएंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे। कारोबार में लाभकारी सौदे होंगे। व्यापारिक रुकावटें दूर होंगी। नए निवेश के अवसर मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। अनावश्य खर्चो पर नियंत्रण रखें। परिवार का माहौल सुखमय होगा। जीवनसाथी से सामंजस्य बना रहेगा। खान-पान का ध्यान रखें, स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आ सकती है।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। संपर्कों के जरिए प्रगति के नए अवसर मिलेंगे, जिससे ऊर्जा व उत्साह से परिपूर्ण रहेंगे। पैतृक संपत्ति से धनलाभ होने के योग रहेंगे। परिवार में मांगलिक कार्यों की योजना बनेगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। सेहत का ख्याल रखें। यात्रा लाभदायी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन आर्थिक रूप से लाभकारी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने के योग रहेंगे। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश से अच्छा लाभ मिलेगा। नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। व्यक्तिगत स्वार्थ हावी हो सकता है। सेहत संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। कारोबार के सिलसिले में यात्रा भी कर सकते हैं। परिवार में किसी से मनमुटाव की संभावना रहेगी।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। बेरोजगारों को रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यापारियों को थोड़ी अड़चनें आ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में कार्यभार बढ़ेगा और खर्च की अधिकता से आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। सामाजिक कार्यों में मन लगेगा व समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पारिवारिक जिम्मेदारी पूर्ण करेंगे। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन राशि :-** आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। कारोबार की स्थिति सामान्य रहेगी। सफलता के कई अवसर हाथ आएंगे, लेकिन काम का बोझ बढने से कई मौके हाथ से फिसल भी सकते हैं। क्रोध की अधिकता रहेगी, इसलिए वाणी पर संयम रखकर वाद-विवाद से बच सकते हैं। सामाजिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। निवेश सोच समझकर करें। यात्रा पर जाने से बचें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# रैना का संन्यास

सुरेश रैना ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कह दिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तो वह पहले ही अलग हो चुके थे, मगर आईपीएल से उन्होंने अपना नाता जोड़े रखा था। भले ही यह कोई अप्रत्याशित घटना नहीं हो, क्योंकि हरेक खिलाड़ी के करियर में यह मुकाम आता ही है, मगर संन्यास की यह घोषणा एक टीस जरूर दे गई। रैना बेहतर विदाई के हकदार थे, खासकर इंडियन प्रीमियर लीग की कामयाबी में उनके खेल-योगदान को देखते हुए ऐसा लगता है। आईपीएल में 5,500 से अधिक रन उनके दमखम का प्रमाण देते हैं। मगर आधुनिक पेशेवर दुनिया की यह निर्मम सच्चाई है कि जब तक आप उपयोगी हैं, आप पर कोई दांव लगाने को तैयार है, तभी तक आपकी जय-जयकार होगी। रैना को इस साल न तो उनकी फ्रेंचाइजी ह्यचेन्नई सुपर किंग्सह्ण ने बरकरार रखा था और न ही किसी अन्य टीम ने उन पर दांव लगाया। लेकिन भारतीय क्रिकेट का इतिहास सुरेश रैना को नजरअंदाज नहीं कर सकेगा, क्योंकि वह न सिर्फ इस खेल विधा के सभी प्रारूपों में लंबे अरसे तक चमकते हुए सितारे रहे, बल्कि उनके खेल कौशल ने करोड़ों दिलों में उन्हें स्थापित कर दिया है। वह जिस दौर में टीम इंडिया से जुड़े, वह छोटे-छोटे शहरों से क्रिकेटरों के उभार का दौर था। महेंद्र सिंह धौनी व सुरेश रैना जैसे बड़े खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शनों से कस्बों, शहरों में पल रहे अनगिनत सपनों को मजबूत आधार दिया था। इस लिहाज से भी उनका योगदान बहुत बड़ा है। न सिर्फ बल्लेबाज के रूप में रैना ने टेस्ट, एकदिवसीय व ट्वंटी-20 में शतक जड़े, बल्कि लाजवाब क्षेत्ररक्षण के लिए तो उनको दुनिया के दिग्गज क्षेत्ररक्षकों जोंटी रोड्स, रिकी पोंटिंग, पॉल कॉलिंगवुड के साथ खड़ा किया जाता रहा, और एक अच्छा क्रिकेटर जितने रन बनाता है, उतना ही क्षेत्ररक्षण से बचाता भी है। यह बात गेंदबाजों पर भी लागू होती है।

रैना देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं। साल 2003 में वह उत्तर प्रदेश रणजी टीम के सदस्य बने थे और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसलिए कल रैना ने उचित ही बीसीसीआई के साथ-साथ उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के प्रति भी अपना आभार जताया। हालांकि, एक कटु सत्य यह भी है कि विशाल आबादी वाले इस प्रदेश की अपेक्षाकृत कम प्रतिभाओं ने खेलों में अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है। ऐसे में, सुरेश रैना जैसे प्रतिष्ठित क्रिकेटरों के अनुभव का लाभ राज्य में खेल-संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उठाया जाना चाहिए। एक समय था, जब मोहम्मद कैफ, आरपी सिंह जैसे खिलाड़ियों के उदय ने यह उम्मीद जताई थी कि क्रिकेट की दुनिया में उत्तर प्रदेश एक बड़ी लकीर खींचने जा रहा है, मगर आईपीएल जैसे बड़े प्लेटफॉर्म की उपस्थिति के बावजूद अब तक ऐसा संभव नहीं हो सका है। इसलिए, रैना जैसे बड़े खिलाड़ियों से यह अपेक्षा की जाएगी कि क्रिकेटरों की नई पौध खड़ी करके वे देश-प्रदेश के प्रति अपनी कृतज्ञता जताएं। विडंबना यह है कि जो नई सामाजिक संस्कृति विकसित हो रही है, उसमें आधुनिक द्रोणाचार्यों को समर्पित के बजाय समृद्ध एकलव्यों की तलाश रहने लगी है। सुरेश रैना जैसे सफल और सार्थक क्रिकेट जीवन जीने वाले हरफनमौला खिलाड़ी से यही आशा की जाएगी कि वह अब कोच के तौर पर भी एक कामयाब पारी खेलें और इस क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ें.।

# शिक्षा की सुध



शिक्षा संबंधी तमाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों में बरसों से सरकारी स्कूलों में भवन, पीने के पानी, पाठ्य सामग्री, टाट-पट्टी आदि के अभाव के साथ-साथ अध्यापकों की बेहद कमी के तथ्य उजागर होते रहे हैं। इस शिक्षक दिवस पर प्रधानमंत्री ने ट्वीट करके घोषणा की कि प्रधानमंत्री स्कूल्स फार राइजिंग इंडिया यानी पीएम-श्री योजना के तहत देश के साढ़े चौदह हजार स्कूलों को विकसित और उन्नत किया जाएगा। यानी उम्मीद जगी है कि सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी लाने के लिए प्रयास शुरू कर दिया है। शिक्षा क्षेत्र की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। शिक्षा संबंधी तमाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों में बरसों से सरकारी स्कूलों में भवन, पीने के पानी, पाठ्य सामग्री, टाट-पट्टी आदि के अभाव के साथ-साथ अध्यापकों की बेहद कमी के तथ्य उजागर होते रहे हैं। फिर यह भी हकीकत किसी से छिपी नहीं है कि बजट में शिक्षा पर खर्च का प्रावधान आवश्यकता से काफी कम होने की वजह से स्कूलों की दशा में सुधार नहीं आ पा रहा। इसकी वजह से जो थोड़े सक्षम हैं वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भेजना बेहतर समझते हैं। इससे प्रोत्साहित होकर निजी स्कूलों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। मगर इसका नकारात्मक प्रभाव यह पड़ रहा है कि शिक्षा का अधिकार सांविधानिक संकल्प होने के बावजूद सभी बच्चों तक मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित नहीं हो पा रही। इसके चलते साक्षरता की दर अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पाई है।

केंद्र सरकार इन तथ्यों से अनजान नहीं मानी जा सकती। हालांकि शिक्षा समवर्ती सूची का मामला है, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों को साथ मिल कर काम करना होता है। जिन राज्यों में केंद्र से भिन्न राजनीतिक दल की सरकारें हैं वहां वे अक्सर स्कूलों की दुर्दशा का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ती नजर आती हैं। मगर जिन राज्यों में केंद्र के सत्ताधारी दल की सरकारें हैं, वहां भी स्थिति बद से बदतर ही हुई है। आज स्थिति यह है कि कोई राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी को अपनी उपलब्धि के तौर पर नहीं गिना सकती।

दिल्ली को अपवाद जरूर मान सकते हैं। दरअसल, सरकारी स्कूलों की दशा चिंताजनक होने के पीछे लंबी परंपरा चली आ रही है, जिसमें सरकारी स्कूलों के बजाय निजी क्षेत्र को स्कूल खोलने को प्रोत्साहन दिया गया। ऐसी इच्छुक कंपनियों, उद्यमों, संगठनों को सस्ती दर पर जमीन उपलब्ध कराई गई। मगर उस नीति ने शिक्षा को कारोबार में बदल दिया। अब धीरे-धीरे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पैसे वाले लोगों की पहुंच की चीज बन कर रह गई है। इस तथ्य से भी केंद्र सरकार अनजान नहीं। अच्छी बात है कि साढ़े चौदह हजार स्कूलों को विकसित और उन्नत करने का संकल्प लिया गया है, मगर इतने से शिक्षा के क्षेत्र में कितनी बेहतरी आएगी, देखने की बात है। दरअसल, अब शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं सरकारों की प्राथमिक सूची से निकल कर महज चुनावी रणनीति का हिस्सा बन गई हैं। हर विपक्षी दल चुनाव के वक्त शिक्षा की बदहाली रेखांकित करता देखा जाता है और सत्ता पक्ष इसे बेहतर बनाने का भरोसा दिलाता रहता है। अगर सचमुच केंद्र सरकार शिक्षा क्षेत्र में बेहतरी को लेकर संजीदा है, तो उसे पहले उन बुनियादी अवरोधों को हटाने का प्रयास करना चाहिए, जिसके चलते सरकारी स्कूल दुर्दशा के शिकार हैं। नई योजना बना कर महज स्कूलों का रंग-रोगन कर देने या उनमें कुछ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा देने भर से वहां पढ़ाई-लिखाई का माहौल बेहतर हो जाने का भरोसा नहीं दिलाया जा सकता। साढ़े चौदह हजार स्कूल ही सही, अगर उनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल बनता है, तो आगे का रास्ता आसान हो सकता है।

# राहुल गांधी हीं कांग्रेस के असली मालिक

ऐसा नहीं है कि राहुल का भाषण बिल्कुल बेदम था। उसमें कई ठोस और उचित आलोचनाएं भी थीं लेकिन देश के श्रोताओं के दिमाग में जो छवि राहुल की पहले से बनी हुई है, उसके कारण उसका कोई खास असर होने की संभावना बहुत कम है। रामलीला मैदान की रैली में कांग्रेस ने काफी लोग जुटा लिये। हरियाणा से भूपेंद्र हुड्डा और राजस्थान से अशोक गहलोत ने जो अपना जोर लगाया, उसने कांग्रेसियों में उत्साह भर दिया लेकिन यह कहना मुश्किल है कि इस रैली ने कांग्रेस पार्टी को कोई नई दिशा दिखाई है। इस रैली में कांग्रेस का कोई नया नेता उभर कर सामने नहीं आया। कई कांग्रेसी मुख्यमंत्री और प्रादेशिक नेता मंच पर दिखाई दिए लेकिन उनकी हैसियत वही रही, जो पिछले 50 साल से थी।

सारे अनुभवी, योग्य और उम्रदराज नेता ऐसे लग रहे थे, जैसे किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर या बाबू हों। पिछले दिनों कांग्रेस के पुनर्जन्म की जो हवा बह रही थी, वह उस मंच से नदारद थी। राहुल गांधी इस पार्टी के अध्यक्ष रहें या न रहें, बनें या न बनें, असली मालिक तो वही हैं, यह इस रैली ने सिद्ध कर दिया है। रामलीला मैदान में हुई यह राहुललीला क्या यह स्पष्ट संकेत नहीं दे रही है कि ह्यभारत-जोड़ो यात्राह्ण का नेतृत्व कौन करेगा? आप जरा सोचिए कि जो पार्टी लोकसभा की 400 सीटें जीतती थी, वह सिकुड़कर के 50 के आस-पास आ जाए, फिर भी उसमें नेतृत्व परिवर्तन न हो, वह पार्टी अंदर से कितनी जर्जर हो चुकी होगी। रामलीला मैदान में भाषण तो कई नेताओं के हुए लेकिन टीवी चैनलों और अखबारों में सिर्फ राहुल गांधी ही दिखाई पड़ रहे है। इसका अर्थ यह भी लगाया जा सकता है कि ऐसा जान-बूझकर करवाया जा रहा है ताकि कांग्रेस की मजाकिया छवि बनती चली जाए!

ऐसा नहीं है कि राहुल का भाषण बिल्कुल बेदम था। उसमें कई ठोस और उचित आलोचनाएं भी थीं लेकिन देश के श्रोताओं के दिमाग में जो छवि राहुल की पहले से बनी हुई है, उसके कारण उसका कोई खास असर होने की संभावना बहुत कम है। राहुल और सोनियाजी को पता है कि अकेली कांग्रेस मोदी के मुकाबले इस बार पासंग भर भी नहीं रहने वाली है लेकिन इसके बावजूद राहुल गांधी ने देश की अन्य प्रांतीय पार्टियों को अपने कथन से चिढ़ा दिया है। उन्होंने कह दिया कि इन पार्टियों के पास कोई विचारधारा नहीं है। क्या राहुल की कांग्रेस अन्य विरोधी पार्टियों के बिना मोदी का मुकाबला कर सकती है? राहुल का यह कहना भी कोरी अतिरंजना है कि संसद में विरोधियों को बोलने नहीं दिया जाता और मीडिया का गला घोंटा जा रहा है। राहुल ने न्यायपालिका को भी नहीं बख्शा। कांग्रेस के पास श्रेष्ठ वक्ताओं का अभाव है, यह बात राहुल के अलावा सबको पता है। हर सरकार मीडिया को फिसलाने की कोशिश करती है लेकिन यदि भारतीय मीडिया गुलाम होता तो क्या राहुल को आज इतना प्रचार मिल सकता था? राहुल ने महंगाई और बेरोजगारी का रोना रोया, सो ठीक तो है लेकिन क्या यह तथ्य सबको पता नहीं है कि अपने पड़ौसी देशों में मंहगाई दो सौ और तीन सौ प्रतिशत तक बढ़ गई है। वे आर्थिक भूकंप का सामना कर रहे हैं और अमेरिका और यूरोप भी बेहाल हैं। उनके मुकाबले भारत कहीं बेहतर स्थिति में है। यदि राहुल किसी विशाल जन-आंदोलन का सूत्रपात करते तो इस रैली का महत्व एतिहासिक हो जाता लेकिन ह्यभारत-जोड़ोह्ण के पहले यह ह्यकांग्रेस जोड़ोह्ण जैसी कोशिश दिखाई पड़ रही थी। इस राहुललीला से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में कुछ जोश पैदा हो जाए तो भारतीय लोकतंत्र कुछ न कुछ सशक्त जरूर हो जाएगा।



## तीन साल तक शादी का झांसा देकर गंदा काम करता रहा, दो शादी भी तुड़वा दी, अब न्याय मांग रही पीड़िता




**वैशाली :** बिहार के वैशाली जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। महुआ थाना क्षेत्र में एक युवक ने शादी का झांसा देकर तीन साल तक एक युवती का यौन शोषण किया। आरोपी अफरोज ने न सिर्फ पीड़िता का शारीरिक शोषण किया, बल्कि उसकी दो शादियां भी तुड़वा दीं। अब पीड़िया न्याय मांगने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। बताया जा रहा है कि माता-पिता की मृत्यु के बाद नाना-नानी के साथ रह रही पीड़िता की पहली शादी उसकी नानी ने तय की थी। आरोपी ने शादी का वादा करके वह रिश्ता तुड़वा दिया और नजदीकी का फायदा उठाकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। नानी की मृत्यु के बाद उसने शादी से इनकार कर दिया। जब पीड़िता की दूसरी शादी तय हुई, तो वह रिश्ता भी तोड़ दिया। पीड़िता ने पांच फरवरी को हाजीपुर महिला थाना और महुआ थाने में शिकायत की। महिला थाने की पुलिस ने आरोपी को पकड़ा, लेकिन बाद में छोड़ दिया। उल्टे पीड़िता को ही दोषी ठहराया जा रहा है। जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। वर्तमान में पीड़िता का इलाज चल रहा है और उसके शरीर पर मारपीट के गंभीर निशान हैं। महुआ थाना अध्यक्ष सुभाष प्रसाद के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है, जिन्होंने समय रहते कार्रवाई नहीं की और अपराधी को कानून के दायरे में नहीं लाया।

## एसपी ऑफिस पहुंचते ही निगरानी का दरोगा गिरफ्तार, कोर्ट से वारंट और कुर्की आदेश के बावजूद था गायब



**मोतिहारी :** "चौबे गए छब्बे बनने दूबे बनकर आ गए" यह कहावत सोमवार को मोतिहारी में एक दरोगा के ऊपर सटीक चरितार्थ हो गई। निगरानी विभाग में तैनात दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा पूर्व विधायक राजेश कुशवाहा के साथ अपने केस की पैरवी करने एसपी ऑफिस पहुंचा था। वह भी तब जब कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ वारंट जारी किया था। इतना ही नहीं जब दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा ने सरेंडर नहीं किया था तो कोर्ट ने कुर्की का आदेश भी जारी कर दिया था। लेकिन, दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा अपनी हनक दिखाकर गायब हो गया था। एसपी ऑफिस पहुंचते ही दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा ने खुद को निर्दोष बताया। पूर्व विधायक ने भी एसपी को कहा यह निर्दोष है। लेकिन मोतिहारी के सामने उसकी एक न चली। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अब मोतिहारी पुलिस दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा अपने ऊपर वारंट जाने होने के बावजूद निगरानी विभाग, पटना में ड्यूटी कर रहा था। मोतिहारी के पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात ने बताया कि दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा के ऊपर कोर्ट से परमानेंट वारंट जारी हुआ था। वह पिछले कई महीनों से फरार चल रहा था। मोतिहारी पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। आज उसे गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा पर करीब दो वर्ष पूर्व ही गौरे गांव निवासी नवीन कुमार सिंह ने गोली चलाने और जबरन रंगदारी में जमीन लिखवाने का मुकदमा न्यायालय में दायर किया था। केस की सुनवाई शुरू हुई तो दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा कोर्ट में पेश ही नहीं हुआ। जब कई तारीखों पर दरोगा पेश नहीं हुआ तो कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट और कुर्की निकाल दिया। लेकिन, दरोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा ने इसकी परवाह नहीं की। वह अपनी हनक पर ड्यूटी घूमता रहा। इसी हनक में आज केस की पैरवी करने एसपी ऑफिस पहुंता तो एसपी ने फौरन मोतिहारी पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

## देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले शिक्षक पर कार्रवाई, अब फूट-फूट कर रोते हुए मांग रहे माफी



**मुजफ्फरपुर :** मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र स्थित बखरा प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक को हिंदू देवताओं पर की गई अभद्र टिप्पणी भारी पड़ रही है। पुलिस कार्रवाई के निर्देश और हिंदूवादी संगठनों के विरोध के बाद आरोपी शिक्षक अब फूट-फूट कर रोते हुए माफी मांग रहे हैं। उन्होंने वीडियो जारी कर हाथ जोड़कर लोगों से अपनी गलती के लिए क्षमा याचना की। बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें सरकारी विद्यालय के शिक्षक को एक चाय-नाश्ते की दुकान पर हिंदू धर्म के देवताओं के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करते हुए देखा गया। वीडियो सामने आते ही स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों ने शिक्षक के खिलाफ आक्रोश जाहिर किया। मामला बढ़ता देख प्रशासन और पुलिस हरकत में आई और आरोपी शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ सरैया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दी। इसके बाद शिक्षक की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। प्रशासन भी इस मामले को गंभीरता से ले रहा है, जिसके तहत शिक्षक को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस कार्रवाई और बढ़ते विरोध को देखते हुए अब आरोपी शिक्षक ने एक नया वीडियो जारी कर अपनी सफाई दी है। इस वीडियो में वह रोते हुए हाथ जोड़कर माफी मांग रहे हैं और अपनी टिप्पणी को साजिश करार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और उनका मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय हिंदूवादी संगठनों ने आरोपी शिक्षक की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग की है। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि ऐसे शिक्षकों को विद्यालयों में पढ़ाने का कोई हक नहीं है, जो धार्मिक आस्थाओं का अपमान करते हैं। प्रशासन और शिक्षा विभाग ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। शिक्षक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है और उनकी सेवा समाप्त करने पर भी विचार किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# रेल मंत्री बोले-मुंबई सीएसटी स्टेशन की तर्ज पर होगा मुजफ्फरपुर जंक्शन का विकास, जलजमाव से मिलेगा छुटकारा

**मुजफ्फरपुर :** मुजफ्फरपुर जंक्शन और स्टेशन रोड पर वर्षों से जलजमाव की समस्या झेल रहे यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राहत की बड़ी घोषणा की है। मुंबई CST स्टेशन की तर्ज पर अब यहां भी माइक्रो टनलिंग विधि से रेलवे लाइन के नीचे से पानी निकासी की जाएगी। इसको लेकर रेल मंत्री ने पूर्व मध्य रेलवे (ECR) के महाप्रबंधक (GM) को आवश्यक निर्देश दिए हैं। रेल मंत्री की इस घोषणा से मुजफ्फरपुर के लोगों को जल्द ही जलजमाव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

**रेलवे ट्रैक के नीचे जाम हो चुके नाले बने परेशानी की जड़**

मुजफ्फरपुर शहर में बरसात के दिनों में सबसे अधिक जलजमाव स्टेशन रोड, प्लेटफॉर्म और रेलवे कॉलोनी के आसपास देखने को मिलता है। इसके पीछे मुख्य कारण रेलवे ट्रैक के नीचे बने पुराने और जाम हो चुके नाले हैं, जो वर्षों से बेकार पड़े हैं। रेलवे लाइन के कारण शहर के उत्तरी हिस्से का पानी नहीं निकल पाता है, जिससे हर साल बारिश में जलभराव हो जाता है। स्टेशन के आसपास जलजमाव से प्लेटफॉर्म और सड़कें तालाब में तब्दील हो जाती हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्लेटफॉर्म पर आने वाले यात्रियों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे रेलवे की छवि पर भी असर पड़ता है। स्टेशन पर आयोजित



कार्यक्रम में जब स्थानीय लोगों ने रेल मंत्री को इस समस्या से अवगत कराया, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया और माइक्रो टनलिंग तकनीक से जल निकासी का निर्देश दिया।

**क्या है माइक्रो टनलिंग विधि?**

**कैसे होगी जलनिकासी?**

माइक्रो टनलिंग एक आधुनिक तकनीक है, जिसका उपयोग दुनिया के कई बड़े शहरों में जल निकासी के लिए किया जाता है। इसमें रेलवे लाइन के नीचे एक सुरंग (टनल) बनाई जाती है, जिससे पानी आसानी से निकल सके। यह तकनीक न सिर्फ जलनिकासी में मदद करेगी, बल्कि जमीन के ऊपर मौजूद रेलवे लाइन या अन्य संरचनाओं को कोई नुकसान भी नहीं होगा। यह विधि तेजी से काम करने और कम समय में जलनिकासी की समस्या को हल करने के लिए जानी जाती है। अगर इस विधि को सही तरीके से लागू किया गया, तो आने वाले समय में मुजफ्फरपुर जंक्शन के आसपास जलजमाव की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

**रेल मंत्री की घोषणा से जागी उम्मीद**

"रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई CST स्टेशन की तर्ज पर मुजफ्फरपुर जंक्शन पर भी जलनिकासी की आधुनिक व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके लिए पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (GM) को निर्देश दे दिए गए हैं। रेल मंत्री की इस घोषणा से स्थानीय लोगों और यात्रियों में उम्मीद की किरण जागी है। अगर इस योजना पर जल्द अमल हुआ, तो शहरवासियों को बरसात के दिनों में जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी और स्टेशन का सौंदर्य भी निखरेगा।

## खतरनाक रसायन वाला रंग और खराब क्वालिटी की नमक से बन रहा था मध्याह्न भोजन

**खगड़िया :** बीते वर्ष अगस्त माह में फूड एवं सेफ्टी डिपोर्टमेंट ने खगड़िया में बच्चों को मध्याह्न भोजन (एमडीएम) परोसने वाले एनजीओ पूर्वांचल समाज सेवा संघ की जांच की थी। इसमें पाया गया था कि मध्याह्न भोजन जो खाना बच्चों को दिया जा रहा है वह जहरीला है। फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की जांच रिपोर्ट में जो बात सामने आई थी उसके अनुसार बच्चों के खाने में जो मेटानील येलो कलर का इस्तेमाल हुआ है, वह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। इतना ही नहीं जांच में पाया गया था कि भोजन में नमक का पीपीएम मात्रा 15 की जगह मात्र 5.3 है। फूड एवं सेफ्टी विभाग ने ये सारा रिपोर्ट खगड़िया के शिक्षा विभाग को देने के अलावे अपने पत्रांक 96 30 अक्टूबर 2024 द्वारा फूड कमिश्नर सह सचिव बिहार और पत्रांक 97 दिनांक 30 अक्टूबर 2024 द्वारा अपर समाहर्ता सह न्याय निर्णायक पदाधिकारी खगड़िया को सौंपा था। बावजूद इसके बच्चों को जहरीले भोजन परोसने वाले एनजीओ पूर्वांचल समाज सेवा संस्थान पर कार्रवाई




नहीं की गई। वर्तमान में भी इस एनजीओ के द्वारा सरकारी विद्यालय में एमडीएम वितरण किया जा रहा है। यानी शिक्षा विभाग के एमडीएम डीपीओ की मेहरबानी से बच्चों को जांच के बाद भी ऐसे भोजन मुहैया कराए जा रहे हैं, जो बच्चों को मानसिक और शारीरिक रुप से बीमार करने के लिए काफी है। गौरतलब है कि इस मामले में खगड़िया शिक्षा विभाग ने तमाम बातों को दबाकर एमडीएम परोसने वाले एनजीओ को छूट दे रखा है। तमाम तथ्य सामने आने के बाद भी उसपर आजतक न तो कार्रवाई की गई है, न ही उसके भोजन को विद्यालय के लिए बंद किया गया है। ऐसे में समझा जा सकता है कि एमडीएम डीपीओ उस एनजीओ पर कितना मेहरबान हैं। अमर उजाला ने जब इस मामले में एमडीएम डीपीओ निशित प्रणीत सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट की कोई रिपोर्ट उनके पास नहीं है। उनको इसकी सूचना मीडिया के द्वारा मिली थी। जब उनसे सवाल किया गया कि चार माह पहले जब जांच हुई और दो माह पहले खुलासा हुआ तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं की गई तो उन्होंने इस सवाल से पल्ला झारते हुए कहा कि वह तभी कार्रवाई करते हैं जब विभाग द्वारा उनको निर्देश दिया जाता है। मतलब, जबतक निर्देश नहीं मिला तबतक एनजीओ को जहरीले भोजन परोसने की छूट दे दी गई।

## वर्ल्ड कप क्रिकेट के मैच फिर हो सकेंगे पटना में, मोइनुल हक स्टेडियम की तैयारी जानकर चौक जाएंगे

**पटना :** मोईनुल हक स्टेडियम के नव निर्माण को लेकर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (BCA) में लगातार बैठकों का दौर जारी है। एमओयू पर हस्ताक्षर होने के पश्चात BCA इस प्रतिष्ठित स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की योजना पर कार्यरत है, ताकि यह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैचों की मेजबानी के लिए पूर्णतः सक्षम हो सके। BCA के अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा और इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में BCA की प्रतिबद्धता यह दशार्ती है कि आने वाले वर्षों में बिहार क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया जा रहा है।

**40 से 50 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था**

BCA के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने बताया कि स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक सभी बदलाव किए जाएंगे, हालांकि मौजूदा ढांचे में बदलाव सीमित रह सकते हैं क्योंकि इसे पहले ही अंतिम रूप दे दिया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत 40 से 50 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, घरेलू और विजिटिंग टीमों के लिए आधुनिक ड्रेसिंग रूम, अत्याधुनिक पवेलियन, कॉर्पोरेट बॉक्स, मैच अधिकारियों के लिए विशेष क्षेत्र तथा ICC और BCCI बॉक्स में उच्च स्तरीय सुविधाओं को शामिल करने की योजना है, जिससे किसी भी प्रकार की कमी न रह सके और सभी कार्य योजना के अनुरूप क्रियान्वित किए जा सकें।



**एक सम्पूर्ण खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा**


राकेश तिवारी ने कहा कि स्टेडियम को एक सम्पूर्ण खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। दर्शकों के मद्देनजर सभी बारीकियों पर ध्यान रखते हुए प्रस्तावित प्रारूप और सुविधाओं के अनुसार आगे बढ़ने की योजना पर आज भी बैठक हुई। इस बैठक में अत्याधुनिक ड्रेसिंग रूम, उच्च स्तरीय शौचालय, शुद्ध पेयजल, स्विमिंग पूल, इंडोर क्रिकेट सुविधा, टेनिस कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, बॉलीबॉल कोर्ट, पांच सितारा होटल, खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल, रेस्टोरेंट, क्लब हाउस, बोर्ड रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल, सेमिनार एवं वर्कशॉप हॉल, वीडियो विश्लेषण केंद्र, अत्याधुनिक जिम, स्पा, फिजियो रूम और कैंटीन जैसी सुविधाओं को शामिल करने पर चर्चा की गई। साथ ही, सभी व्यवस्थाओं पर गहन विचार-विमर्श कर सुझाव भी लिए जा रहे हैं, जिससे इस स्टेडियम को और बेहतर बनाया जा सके।

## दहेज हत्या के छह महीने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं, थाने पर हंगामा कर परिजन बोले-खुलेआम घूम रहे आरोपी

**मुजफ्फरपुर :** मुजफ्फरपुर जिले के कथैया थाना क्षेत्र में दहेज हत्या की शिकार हुई विवाहिता गुंजा कुमारी के परिजनों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। हत्या के छह महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने से नाराज मायके पक्ष के लोग और ग्रामीणों ने सोमवार को थाने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों को बचाने का काम कर रही है और केवल एक ही गिरफ्तारी कर खानापूर्ति कर दी गई। इस दौरान थाने में अफरातफरी की स्थिति बन गई और मायके पक्ष के लोग पुलिस प्रशासन पर पैसे लेकर कार्रवाई न करने का गंभीर आरोप लगाने लगे।

**छह महीने पहले की गई थी गुंजा की हत्या**

जानकारी के मुताबिक, मुजफ्फरपुर जिले के लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली गुंजा कुमारी की शादी एक साल पहले कथैया थाना क्षेत्र के प्यारेपुर निवासी संजीत कुमार से हुई थी। परिजनों का कहना है कि शादी के महज छह महीने बाद ही सितंबर 2024 में उसकी हत्या कर दी गई।





इस मामले में मृतका के पति समेत पांच लोगों को आरोपी बनाया गया था। लेकिन सिर्फ एक व्यक्ति को ही गिरफ्तार किया गया, बाकी सभी खुलेआम घूम रहे हैं।

**साड़ी से बांधकर दी गई थी दर्दनाक मौत**

परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि गूंजा की हत्या साजिश के तहत की गई थी। मृतका की बहन ने कहा कि मेरी बहन को पहले लगातार प्रताड़ित किया जाता था, मारपीट की जाती थी और दहेज लाने का दबाव बनाया जाता था। जब वह यह सब सहन नहीं कर पाई तो उसकी हत्या कर दी गई। उसे साड़ी में बांधकर मार दिया गया और आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। हमने इस मामले की पूरी जानकारी पुलिस को दी, लेकिन आज तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि थाना प्रशासन जानबूझकर आरोपियों को बचाने का काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पैसे लेकर पुलिस इस मामले में लापरवाही बरत रही है। इस पूरे मामले पर कथैया थाना के थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा कि पुलिस ने इस केस को गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया कि एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, बाकी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष ने आगे कहा कि अगर आरोपी जल्द नहीं पकड़े जाते हैं तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई भी की जाएगी। दो आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी कर दिया गया है, जबकि अन्य दो की जांच चल रही है।

**गिरफ्तारी न होने तक जारी रहेगा आंदोलन**

थाने पर हंगामा करने के बाद परिजनों ने साफ कर दिया कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

## पिकअप वैन ने मासूम बच्ची को 10 किलोमीटर तक घसीटा, दर्दनाक मौत

**पटना :** पटना में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां खुसरूपुर थाना क्षेत्र के हरदासबीघा के पास एक आठ साल की मासूम बच्ची की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना रविवार की शाम करीब सात बजे की है, जब बच्ची सड़क पार कर रही थी और तभी एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद भी चालक ने गाड़ी नहीं रोकी, बल्कि बच्ची वैन में फंस गई और चालक उसे घसीटते हुए करीब 10 किलोमीटर तक ले गया। इस हृदयविदारक हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया है। जानकारी के मुताबिक, मृत बच्ची की पहचान सुहानी कुमारी के रूप में हुई है, जो अपने मामा की शादी में ननिहाल आई हुई थी। शादी की तैयारियों के बीच वह सड़क पार कर रही थी कि तभी तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उसे कुचल दिया। चश्मदीदों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्ची वैन में फंस गई, लेकिन इसके बावजूद चालक ने वाहन नहीं रोका और तेजी से भाग निकला। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पिकअप वैन को पकड़ने की




कोशिश की, लेकिन चालक रफ्तार बढ़ाकर फरार हो गया। इसके बाद घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। सालिमपुर थाना क्षेत्र में घंसूरपुर के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग कर वैन को रोक लिया और चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर लिया और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मासूम बच्ची की अचानक हुई मौत से शादी का माहौल मातम में बदल गया। घर में जहां कुछ ही देर पहले खुशी और हंसी-ठिठोली चल रही थी, वहां घटना के चीख-पुकार सुनाई देने लगी। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, खासकर मां और पिता सदमे में हैं। बच्ची को आज सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेजा गया, जहां परिजनों की करुण चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।

# वर्चस्व को लेकर दो गुट भिड़े, शादी के कार्ड ले जा रहे युवक पर किया जानलेवा हमला

**पटना :** पटना में एक बार फिर दबंगई और आपसी वर्चस्व की लड़ाई का खौफनाक नजारा देखने को मिला। गांधी मैदान थाना क्षेत्र स्थित आईएमए हॉल के पास दो गुटों के बीच जमकर मारपीट और फायरिंग हुई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह घटना आठ फरवरी की बताई जा रही है, जब आपसी रंजिश को लेकर पहले कहासुनी हुई। हालांकि मामला हाथापाई और फायरिंग तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि दोनों गुटों की ओर से तीन से चार राउंड गोलियां चलाई गईं। घटना को लेकर पीड़ित युवक रिशु कुमार ने गांधी मैदान थाना में मामला दर्ज कराया है। रिशु का कहना है कि वह शादी के कार्ड बांटने के लिए निकला था, तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने सुभाष पार्क के पास उस पर हमला कर दिया। हमलावरों की संख्या दस से ऊपर थी और उन्होंने धारदार हथियारों और कट्टे से हमला किया। रिशु को सर पर चाकू और कट्टे के बट से मारा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि एक युवक के हाथ में कट्टा है, जबकि अन्य चार-पांच लोग लाठी, डंडे और बेल्ट से मारपीट कर रहे हैं। फुटेज के आधार पर पीड़ित ने गांधी मैदान



थाना में चार नामजद और आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। गांधी मैदान थाना प्रभारी सीताराम प्रसाद ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। राजधानी पटना में आपसी वर्चस्व को लेकर फायरिंग और मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। भीड़भाड़ वाले इलाकों में इस तरह की वारदातें कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस घटना में शामिल आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की वारदातें न हों।

## खबर संक्षेप



### कोल इंडिया का सीएसआर पर खर्च 36.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल पर खर्च चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 36.5 प्रतिशत बढ़कर 497 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी ने सीएसआर पर 364 करोड़ रुपये खर्च किए थे। अधिकारी ने बताया कि घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी सीआईएल अपने सीएसआर कोष का 70 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य सेवा, पोषण एवं स्वच्छता तथा शिक्षा एवं आजीविका पर खर्च करती है।

### फोर्टिस हेल्थकेयर का शुद्ध मुनाफा 89 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 89 प्रतिशत बढ़कर 254.3 करोड़ रुपये हो गया है।




पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 134.23 करोड़ रुपये रहा था। फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड (एफएचएल) ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आमदनी 1,928.26 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 1,679.68 करोड़ रुपये थी।

### नैबफिड चालू तिमाही में 30 हजार करोड़ जुटाएगी


**नई दिल्ली।** नैबफिड (राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजकिरण राय जी ने कहा है कि कंपनी देश में बुनियादी ढांचा



परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए चालू तिमाही के दौरान 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''हमें इस साल (वित्त वर्ष 2024-25 में) एक लाख करोड़ रुपये के ऋण मंजूरी के आंकड़े को छूने की उम्मीद थी... हम इसके बहुत करीब हैं और इस साल इस लक्ष्य को पार कर लेंगे।'

### मारुति सुजुकी ने आईटीबीपी को जिम्नी की 60 इकाइयां सौंपी


**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसने अपनी एसयूवी ''जिम्नी'' की 60 इकाइयां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस



(आईटीबीपी) को सौंप दी हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में पहली बार इस मॉडल को शामिल किया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इन वाहनों को लेह-लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, ''मारुति सुजुकी का सशस्त्र बलों के साथ पुराना संबंध है।

### बीते सप्ताह अधिकांश तेल तिलहन की कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** विदेशों में आयातित खाद्य तेलों के दाम बढ़ने तथा आगामी त्योहारों की वजह से आवक घटने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह



अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने तथा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेलों में सुधार को बल मिला। बाजार सूत्रों ने कहा कि इन सबके अलावा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेल कीमतों में मजबूती रही।

# जुकरबर्ग की कंपनी में फिर बड़ी छंटनी, इस हफ्ते 3000 लोगों की जाएगी नौकरी

## मेटा प्लेटफॉर्म्स अगले सप्ताह छंटनी की योजना बना रही

नई दिल्ली

इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप की पैरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स अगले सप्ताह छंटनी की योजना बना रही है। एक आंतरिक मेमो के अनुसार, यह छंटनी सोमवार सुबह 5 बजे (अमेरिका समयानुसार) से शुरू होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार मेटा के हेड ऑफ पीपल जैनेल गेल द्वारा लिखे गए आंतरिक पोस्ट के अनुसार, अमेरिका सहित अधिकांश देशों में प्रभावित कर्मचारियों को सोमवार सुबह से नोटिस भेजे जाएंगे।

हालांकि, जर्मनी, फ्रांस, इटली और नीदरलैंड्स में कर्मचारियों को "स्थानीय नियमों" के कारण छंटनी से छूट दी गई है। अन्य देशों में 11 फरवरी से 18 फरवरी के बीच छंटनी की सूचना दी जाएगी। मेटा ने इस छंटनी या भर्ती प्रक्रिया को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### कम प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों की होगी छंटनी

मेटा ने पहले ही पुष्टि की थी कि वह अपने सबसे कम प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों में से लगभग 5 प्रतिशत की छंटनी करेगा। हालांकि, कुछ पदों को फिर से भरा जाएगा। गेल ने इन कटौतियों को "प्रदर्शन समाप्ति" कहा है। पिछली छंटनी के विपरीत, इस बार मेटा के कार्यालय खुले रहेंगे और छंटनी को लेकर कोई अतिरिक्त जानकारी साझा नहीं की जाएगी।




### मशीन लर्निंग इंजीनियरों की तेजी से भर्ती

इसी बीच, मेटा मशीन लर्निंग इंजीनियरों और अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया तेज कर रहा है। कंपनी के मोनेटाइजेशन डिवीजन के वीपी ऑफ इंजीनियरिंग, पेंग फैन द्वारा पोस्ट किए गए एक अन्य मेमो में कर्मचारियों से कहा गया कि वे 11 फरवरी से 13 मार्च के बीच तेजी से भर्ती प्रक्रिया में सहायता करें।

### 2022-23 के बाद की सबसे बड़ी छंटनी

वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी ने अपने कर्मचारियों की संख्या के लगभग एक चौथाई लोगों को नौकरी से निकाल दिया था। जिनकी संख्या 21 हजार थी। उसके बाद से अब कंपनी बड़ी संख्या में छंटनी करने जा रही है। जिन लोगों को नौकरी से निकाला जा रहा है उन्हें 10 फरवरी तक सूचित कर दिया जाएगा। कर्मचारियों को पहले से तय नियमों के अनुसार भत्ता भी दिया जाएगा।

## सरकार ने जुलाई 2024 में सोने पर से आयात शुल्क में कटौती की घोषणा की

# आयात शुल्क में कटौती के बाद सोने की तस्करी में आई उल्लेखनीय कमी : सीबीआईसी प्रमुख

नई दिल्ली

सरकार द्वारा जुलाई, 2024 में बहुमूल्य धातु पर आयात शुल्क में कटौती के बाद से सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने यह बात कही है।

- आयात शुल्क को घटाकर छह प्रतिशत किया गया

सरकार ने जुलाई, 2024 में सोने पर आयात शुल्क घटाकर छह प्रतिशत किया गया था। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सीमा शुल्क और डीआरआई अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून की अवधि में देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर 544 करोड़ रुपये मूल्य का 847 किलोग्राम सोना जब्त किया है।




### सीमा शुल्क 15 प्रतिशत रहा

जुलाई में, सरकार ने सोने पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया था। अग्रवाल ने कहा, पिछले साल के बजट में सोने पर शुल्क की दर कम किए जाने के बाद सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है।''

### वाणिज्यिक कार्गो पर नियमित निगरानी

हालांकि, अग्रवाल ने जब्त किए गए सोने की मात्रा या मूल्य का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात, सीमाओं और देश में आने वाले वाणिज्यिक कार्गो पर नियमित निगरानी रख रहे हैं।

### सीमा पर माल की गुप्त आवाजाही

तस्करी, सीमा शुल्क या आयात या निर्यात प्रतिबंधों से बचने के लिए राष्ट्रीय सीमाओं के पार माल की गुप्त आवाजाही है। यह आमतौर पर तब होता है जब सीमा शुल्क इतना अधिक होता है कि तस्कर ऐसे उत्पादों को चोरी-छिपे लाकर अधिक लाभ कमा सकते हैं।

### 2023-24 में 1319 किलो सोना किया गया जब्त

सीबीआईसी के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) भारत में तस्करी-रोधी क्षेत्र में भारतीय सीमा शुल्क की शीर्ष एजेंसी है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, अकेले डीआरआई अधिकारियों ने 1,319 किलोग्राम सोना जब्त किया था। यह 2023-24 में सीमा शुल्क अधिकारियों सहित सीबीआईसी द्वारा जब्त किए गए 4,869.6 किलोग्राम सोने का हिस्सा है।

### 1922 लोगों को किया गया गिरफ्तार

वर्ष के दौरान सीबीआईसी द्वारा 1,922 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दिसंबर में जारी डीआरआई की भारत में तस्करी पर रिपोर्ट के अनुसार, भारत अवैध सोने के आयात का एक प्रमुख गंतव्य बन गया है। इसमें सोना और चांदी मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों से आते हैं, जहां ये धातुएं कम कीमतों पर उपलब्ध हैं।

### हवाई मार्ग से तस्करी प्रमुख माध्यम

भारत में हवाई मार्ग के माध्यम से सोने की तस्करी एक प्रमुख माध्यम है। पश्चिम एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई देश पारंपरिक रूप से इसके मुख्य उद्गम स्थल रहे हैं। हाल ही में नैरोबी और अदीस अबाबा जैसे अफ्रीकी हवाई अड्डे, साथ ही ताशकंद जैसे हवाई अड्डे भी तस्करी के के लिए प्रमुख स्थान बनकर उभरे हैं।

# मारुति सुजुकी चार्जिंग बुनियाद करेगी मजबूत

## कंपनी जल्द ई-विटारा उतारने जा रही

नई दिल्ली

देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का लक्ष्य ई-विटारा को बाजार में उतारने से पहले देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अपने इस मॉडल को देश के परिवारों का प्रमुख वाहन बनाना चाहती है।

- इस मॉडल को कंपनी परिवारों का प्रमुख वाहन बनाना चाहती है

वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ने बिक्री के बाद सहायता बढ़ाने, लीजिंग मॉडल लाने तथा ग्राहकों को मॉडल खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने को 'वित्तपोषण' के अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की भी योजना बनाई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने बातचीत में कहा, /"ग्राहकों के लिए सबसे बड़ी चिंता चार्जिंग के मामले में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की कमी है। इसलिए हम शीर्ष 100 शहरों में 10 किलोमीटर की दूरी पर फास्ट चार्जर लगाने की योजना बना रहे हैं।/" बनर्जी ने योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश में जितने भी इलेक्ट्रिक वाहन बिक रहे हैं, उनका अधिकांश हिस्सा यानी 97 प्रतिशत हिस्सा इन 100 शहरों से आ रहा है। बनर्जी ने कहा, ''हमारा मानना है कि जो ग्राहक कार खरीदेगा वह शहर से बाहर भी जाएगा, इसलिए हम अपनी ई-विटारा को प्राथमिक कार बनाना चाहते हैं, न कि द्वितीयक कार।



### विटारा विदेशी बाजार में होगी निर्यात

एमएसआई ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में इलेक्ट्रिक एसयूवी का अनावरण किया था। ई-विटारा को पहले कुछ प्रमुख विदेशी बाजारों में निर्यात किया जाएगा और उसके बाद इसे भारत बेचा जाएगा।

# एफडीआई को बढ़ावा देने प्रक्रिया को आसान बनाने पर विचार

नई दिल्ली

सरकार देश में अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के लिए कुछ क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को और आसान बनाने पर विचार कर रही है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

- मानदंडों को आसान बनाने पर विचार किया जा रहा

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने विभिन्न सरकारी विभागों, नियामकों, उद्योग संघों, सलाहकार एवं कानूनी फर्मों, पेंशन कोषों, निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी कंपनियों के साथ हितधारक परामर्श आयोजित किया है। विभाग ने देश में एफडीआई को और अधिक आकर्षित करने के तरीकों पर उनके विचार मांगे। अधिकारी ने कहा, "हमने परामर्श पूरा कर लिया है। विभाग को विभिन्न मुद्दों पर सुझाव प्राप्त हुए हैं। अभी तक चीजों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है...प्रक्रियात्मक मोर्चे पर मानदंडों को आसान बनाने पर विचार किया जा रहा है।" हालांकि, अधिकारी ने यह नहीं बताया कि सरकार किन क्षेत्रों में प्रक्रियागत ढील देने पर विचार कर रही है। परामर्श में जिन मुद्दों को उठाया गया उनमें ई-वाणिज्य कंपनियों को केवल निर्यात उद्देश्यों के लिए ऑनलाइन व्यापार के इन्वेंट्री-आधारित मॉडल में एफडीआई प्राप्त करने की अनुमति देना; लाभकारी स्वामित्व को परिभाषित करके प्रेस नोट-3 को आसान बनाना; तथा एकल-ब्रांड खुदरा व्यापार के लिए नीति में कुछ बदलाव करना शामिल था।




### भारत में निवेश सालाना आधार पर बढ़ा

इनमें से अधिकतम प्रवाह को आकर्षित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में सेवा क्षेत्र, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दूरसंचार, व्यापार, निर्माण विकास, वाहन, रसायन और फार्मास्युटिकल्स शामिल हैं।

# एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 7342 करोड़ रुपए निकाले

नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। अमेरिका द्वारा कनाडा, मेक्सिको और चीन जैसे देशों पर शुल्क लगाने की वजह से वैश्विक व्यापार को लेकर जो तनाव बना है उसके चलते विदेशी निवेशकों ने चालू महीने के पहले सप्ताह में स्थानीय शेयर बाजारों से 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 78,027 करोड़ रुपये की निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2024 में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 15,446 करोड़ रुपये का निवेश किया था। विशेषज्ञों का मानना है कि आगे चलकर बाजार की धारणा वैश्विक वृहद आर्थिक घटनाक्रमों, घरेलू नीतिगत उपायों और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से तय होगी।

- एफआईआई ने बाजार से 7300 करोड़ रुपए की निकासी की




कंपनी का इरादा आधुनिक ई-रिक्शा बाजार में पेश करने का

# बजाज ऑटो चालू वित्त वर्ष के अंत तक ई-रिक्शा बाजार में उतरेगी

नई दिल्ली

बजाज ऑटो चालू वित्त वर्ष के अंततक घरेलू ई-रिक्शा बाजार में उतरने की तैयारी कर रही है। कंपनी का इरादा तेजी से बढ़ते, लेकिन काफी हद तक असंगठित ई-रिक्शा बाजार में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने विश्लेषकों को बताया कि कंपनी को अपने ई-रिक्शा के लिए चालू तिमाही के अंततक नियामकीय मंजूरी मिलने की उम्मीद है, जिससे वह इस क्षेत्र में उतर सकेगी। ई-रिक्शा बाजार फिलहाल मासिक 45,000 इकाई का है। शर्मा ने कहा, ''इस वित्त वर्ष के अंततक हमारा इरादा एक आधुनिक 'ई-रिक्शा' पेश करने का है, जो इस खंड में बिल्कुल नया मानक स्थापित करेगा और मालिकों और यात्रियों दोनों को उच्च स्तर की संतुष्टि प्रदान करेगा।'' उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा खंड तिपहिया खंड जितना ही बड़ा है और नए ई-रिक्शा से नया कारोबार उत्पन्न होना चाहिए।



### सभी जरूरी मंजूरियां मिल जाएगी

समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा, ''हमें इस तिमाही के अंततक, यानी चालू वित्त वर्ष के अंततक ई-रिक्शा पेश करने की उम्मीद है। उस समय तक हमें इसके लिए सभी जरूरी मंजूरियां मिल जाएंगी। या हो सकता है कि यह अप्रैल के पहले सप्ताह तक आए। खुदरा बिक्री अप्रैल के पहले सप्ताह या मार्च के अंत तक भी शुरू हो सकती है।''

## फाउंड्री उद्योग को 2000 करोड़ रुपए का मिलेगा निवेश

**कोलकाता।** प. बंगाल में फाउंड्री उद्योग को अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश मिलेगा। यह निवेश नई परियोजनाओं और मौजूदा उद्योगों के विस्तार के लिए किया जाएगा। फाउंड्री उद्योग में धातु को पिघलाकर उसे ढालने, आकार देने और विभिन्न उत्पादों के रूप में बनाने का काम किया जाता है। इसमें धातु जैसे लोहे, इस्पात एल्युमिनियम आदि का प्रयोग होता है। इस निवेश का उद्देश्य उद्योग को लाभ पहुंचाना और इसकी क्षमता को बढ़ाना है। इंस्टिट्यूट ऑफ इंडियन फाउंड्रीमैन (आईआईएफ) के अध्यक्ष नवनीत बी अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि पश्चिम बंगाल में फाउंड्री उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और इसकी वृद्धी राष्ट्रीय औसत से 50 प्रतिशत अधिक है। फाउंड्री उद्योग के विस्तार के लिए बड़े उद्योगों और सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) दोनों को ध्यान में रखते हुए, कुल 2,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।



## कस्टमर्स को झटका देने की तैयारी में बिस्किट कंपनियां

# फिर महंगे हो जाएंगे आपके पसंदीदा बिस्किट और केक

नई दिल्ली

एफएमसीजी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इस वित्त वर्ष के अंत तक अपने प्रोडक्ट्स की कीमतें और बढाने का ऐलान किया है। ब्रिटानिया गुड डे, मारी गोल्ड और न्यूट्री च्वाइस जैसे मशहूर बिस्किट्स सहित कई तरह के खाद्य पदार्थ बेचती है। दिसंबर तिमाही में भी ब्रिटानिया ने अपने प्रोडक्ट्स के दाम 2 फीसदी बढाए थे। गौरतलब है कि ब्रिटानिया समेत हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले इंडिया जैसी एफएमसीजी कंपनियों को पाम ऑयल, कोको और चीनी जैसी आवश्यक वस्तुओं की महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। इस वजह से कंपनियों को मार्जिन बनाए रखने के लिए कीमतों में बढ़ोतरी करनी पड़ रही है।

- ब्रिटानिया 2025 तक प्रोडक्ट्स की कीमतें 4-4.5 फीसदी बढ़ाएगी

**कंपनी बढ़ती महंगाई से निपटना चाह रही :** ब्रिटानिया ने अपने पोस्ट-अर्निंग्स कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान निवेशकों को बताया कि बढ़ती महंगाई से निपटने के लिए वित्तीय वर्ष 2025 के अंत तक 4-4.5 प्रतिशत तक कीमतें बढ़ाने की योजना बनाई है। कीमतों में चरणबद्ध तरीके से होगी वृद्धि। ब्रिटानिया ने बताया कि तीसरी तिमाही में कुल कीमत वृद्धि 2 फीसदी रही और आगामी महीनों में अतिरिक्त 4-4.5 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद है।



### महंगाई से निपटने के लिए रणनीति तैयार

ब्रिटानिया के प्रबंधन ने कहा, 'जब कीमतें बढ़ती हैं तो वॉल्यूम प्रभावित होता है। लेकिन हमें सही कदम उठाने होते हैं। अगर महंगाई का दबाव जारी रहा, तो कीमतों में और बढ़ोतरी की जा सकती है। हम इस स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।' कंपनी का इबिडाटा मार्जिन 17-18 प्रतिशत की मौजूदा सीमा में रहने की उम्मीद है। तीसरी तिमाही के नतीजे अनुमान से बेहतर रहे, क्योंकि कीमतों में बढ़ोतरी से कच्चे माल की लागत में वृद्धि के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।

### महंगाई के साथ कमजोर मांग

महंगाई और कमजोर मांग के चलते कंपनी वित्तीय वर्ष 2025 में कुल 6-6.5 फीसदी कीमत वृद्धि का लक्ष्य बना रही है, जिसमें 2-2.5 फीसदी लागत दक्षता शामिल होगी। हालांकि, कंपनी के प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि महंगाई बनी रहती है तो वे कीमतों में और बढ़ोतरी करने के लिए तैयार हैं।

### मुनाफे में 5 प्रतिशत की वृद्धि

ब्रिटानिया ने 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में 5 प्रतिशथ की वृद्धि दर्ज की। कंपनी का मुनाफा 582 करोड़ रुपए रहा जो विश्लेषकों के 521 करोड़ रुपए के अनुमान से अधिक था। ब्रिटानिया का तिमाही राजस्व 8 प्रतिशत बढ़कर 4,593 करोड़ हो गया, जबकि कुल खर्च 9 प्रतिशत बढ़कर 3,875 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। हालांकि, शेयर बाजार में ब्रिटानिया के शेयरों में शुक्रवार को 1.70 प्रतिशत की गिरावट देखी गई और यह 4,872 रुपए पर बंद हुए।


# विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह आने वाले मुद्रास्फीति और अन्य वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताते हुए कहा है कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार पर असर डालेंगी। साथ ही कंपनियों के तिमाही नतीजे और रुपये-डॉलर का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

- इस सप्ताह आएगा मुद्रास्फीति का आंकड़ा

मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, ''यह सप्ताह भारतीय और विदेशी बाजारों के लिए गतिविधियों वाला होगा। सप्ताह के दौरान महत्वपूर्ण वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं। मुद्रास्फीति, औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगे।'' सिंघानिया ने कहा कि बुधवार को जनवरी के लिए अमेरिकी के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर सभी का ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत के मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े 12 फरवरी को जारी किए जाएंगे। सिंघानिया ने बताया कि बृहस्पतिवार को ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़े आएंगे। शुक्रवार को अमेरिका के जनवरी माह के खुदरा बिक्री के आंकड़े आएंगे। उन्होंने कहा कि कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।



### इन कंपनियों के आएंगे परिणाम

सप्ताह के दौरान आयशर मोटर्स, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, वोडाफोन आइडिया, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''अच्छे बजट और मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा रेपो दर में कटौती से बाजार की धारणा में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

# चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में 'बहुत खतरनाक' हो सकता है पाकिस्तान: शास्त्री


**दुबई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली पाकिस्तान टीम आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 'घरेलू परिस्थितियों में खतरनाक होने के लिए पर्याप्त गहराई' रखती है। पाकिस्तान को घरेलू परिस्थितियों में खेलने का फायदा है क्योंकि देश 1996 में विश्व कप के बाद पहली बार किसी सीनियर आईसीसी इवेंट की सह-मेजबानी करने के लिए तैयार है।

आईसीसी रिव्यू के नए एपिसोड में मेजबान संजना गणेशन के साथ बात करते हुए शास्त्री ने कहा, 'जब आप उपमहाद्वीप में अपने घरेलू मैदान पर खेलते हैं तो हमेशा दबाव होता है - चाहे वह भारत हो, श्रीलंका हो, बांग्लादेश हो या पाकिस्तान - उम्मीदें बहुत अधिक होती हैं। लेकिन मुझे लगता है कि पाकिस्तान ऐसी टीम है, जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सफेद गेंद वाले क्रिकेट में जो अनुभव हासिल किया है, उसके आधार पर उसने कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं, खासकर दक्षिण अफ्रीका में।'

प्रतिभाशाली युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की अनुपस्थिति के बावजूद शास्त्री ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए घरेलू टीम का समर्थन किया और नॉकआउट चरणों में 'बहुत खतरनाक' प्रतिद्वंद्वी बन सकते हैं। शास्त्री ने कहा, 'उन्हें शीर्ष पर अयूब की कमी खल रही है, और वह एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। लेकिन पाकिस्तान के पास खतरनाक होने के लिए पर्याप्त गहराई है, खासकर घरेलू परिस्थितियों में। मैं कहूंगा कि उन्हें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना चाहिए और वहां से, यह किसी का भी खेल हो सकता है। पाकिस्तान अभी भी बहुत, बहुत खतरनाक है, और यदि वे क्वालीफाई करते हैं, तो वे दोगुने अधिक खतरनाक होंगे।'

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने शास्त्री की भावनाओं को दोहराया और कहा कि पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी इकाई टूर्नामेंट में खेल-परिवर्तक साबित हो सकती है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू को बताया, 'मैं रवि से सहमत हूं। सैम अयूब एक उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं, और उनकी अनुपस्थिति एक बहुत बड़ी कमी है। लेकिन पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी ब्रिगेड बहुत अच्छी है। शाहीन अफरीदी और नसीम शाह की अगुआई में उनके पास किसी भी बल्लेबाजी लाइन-अप को परेशान करने की गति और कौशल है।''

पोंटिंग ने पाकिस्तान की बल्लेबाज़ी को मजबूत करने में बाबर आजम और रिजवान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'बाबर हाल के वर्षों में थोड़ा ऊपर-नीचे होता रहा है, लेकिन अगर वह और रिजवान अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकते हैं, तो पाकिस्तान अविश्वसनीय रूप से खतरनाक बन जाएगा।' ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यह भी स्वीकार किया कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलने से अतिरिक्त आयाम मिल सकता है। उन्होंने कहा, 'घर पर



खेलने का दबाव दोनों तरफ से काम कर सकता है। यह एक वास्तविक प्रेरक हो सकता है, खास तौर पर जब आपके पीछे घरेलू दर्शक हों। वह समर्थन कभी-कभी आपको बड़े मौकों पर जीत दिलाने में मदद कर सकता है।'

पोंटिंग ने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान के प्रमुख खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करते हैं, तो वे एक ऐसी ताकत बन जाएंगे जिसका सामना करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, 'उनके पास अभी भी किसी भी दिन किसी भी टीम को हराने के लिए पर्याप्त उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं। अगर वे अच्छा खेलते हैं, तो वे इसमें सही होंगे।'

# चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले हरभजन और शोएब अख्तर एकदूसरे से टकराते नजर आये



**दुबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को यहां होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले का जहां प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं इससे पहले भारत के दिग्गज स्पिनर रहे हरभजन सिंह और पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का एक वीडियो आया है। इसमें आईएलटी 20 मैच के फाइनल के दौरान दोनों एक दूसरे से टकराते नजर आए हालांकि ये सच नहीं बल्कि एक मजाकिया वीडियो है। इस वीडिया में हरभजन बल्ला लेकर आगे बढ़ते हैं। वहीं शोएब उनको पीछे धक्का दे रहे हैं। हरभजन बल्ला लेकर अख्तर की तरफ बढ़े तो उन्होंने गेंद दिखाकर उनको जवाब दिया। वहीं जब हरभजन उनके पास पहुंचे तो सीने से सीना टकराते हुए उनको पीछे की तरफ धक्का दिया।

इस वीडियो को सोशल मीडिया पर जमकर पसंद किया जा रहा है।

23 फरवरी को होने वाले इस मुकाबले को होने में अभी दो सप्ताह हैं पर हरभजन और अख्तर के मजाक ने दोनों देश के प्रशंसकों के लिए माहौल जरुरत बना दिया है। अख्तर और हरभजन के बीच में काफी अच्छी दोस्ती है। दोनो ने अपनी अपनी टीमों की ओर से शानदार रिकार्ड बनाये हैं। अब दोनो ही कमेंट्री करते दिखते हैं।

# सूर्यकुमार फॉर्म में लौटे, 8 चौके और 2 छक्कों की मदद से खेली शानदार अर्धशतकीय पारी

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी करते हुए 70 रन की पारी खेली और कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 88) के साथ 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की जिससे गत चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां हरियाणा पर शिकंजा कस दिया। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर (58 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से मुंबई ने हरियाणा को पहली पारी में 301 रन पर आउट करके 14 रन की बढ़त हासिल की।



पहली पारी में 315 रन बनाने वाले 42 बार के चैंपियन मुंबई तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 67 ओवर में चार विकेट पर 278 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 292 रन की हो गई है। रहाणे ने हमेशा की तरह धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की। उन्होंने अभी तक 142 गेंद का सामना करके 10 चौके लगाए हैं। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार ने 86 गेंद की अपनी पारी में 8 चौके और 2 छक्के लगाए हैं। इन दोनों ने ऐसे समय में शतकीय साझेदारी निभाई जब मुंबई के तीन विकेट 100 रन पर निकल गए थे।

मुंबई ने सलामी बल्लेबाज आकाश आनंद (10), आयुष म्हात्रे (31) और सिद्धेश लाड (43) के विकेट जल्दी गवा दिए थे। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय रहाणे के साथ ऑलराउंडर शिवम दुबे 30 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले हरियाणा ने अपनी पहली पारी सुबह पांच विकेट पर 263 रन से आगे बढ़ाई और केवल 38 रन के अंदर अपने बाकी बचे पांच विकेट गंवा दिए। मुंबई की तरफ से शार्दुल के अलावा शम्स मुलानी और तनुष कोटियान ने दो-दो विकेट लिए। सभी की निगाहें हालांकि सूर्यकुमार पर टिकी थी जो इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में केवल 28 रन बना पाए थे।

# भारत और न्यूजीलैंड आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में रहेंगे जीत के प्रबल दावेदार : अश्विन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी स्पिनर स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि भारत और न्यूजीलैंड के आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने की सबसे अधिक उम्मीदें हैं। अश्विन ने साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया टीम के हालांकि कई प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट पर से बाहर हैं पर इसके बाद भी उसकी संभावनाएं कम नहीं आंकी जा सकती हैं। इसका कारण है कि कंगारु टीम बड़े टूर्नामेंटों में लय हासिल कर लेती है। चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान में शुरु होगी। वहीं भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी।

अश्विन ने कहा, 'भारतीय टीम को दुबई में रहने वाले भारतीय प्रशंसकों का समर्थन मिलेगा। इससे अन्य टीमों को लगेगा कि वे भारतीय हालातों में ही खेल रहे हैं जिसका उन्हें नुकसान होगा। अश्विन का मानना है कि भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए त्रिकोणीय टूर्नामेंट में खेलना चाहिए था। अभी भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेल रही है।

अश्विन ने सवाल किया, 'इंग्लैंड के खिलाफ खेलकर क्या चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की तैयारी पर्याप्त होगी? क्या हमें त्रिकोणीय श्रृंखला भी खेलनी चाहिए थी? पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान की परिस्थितियों में खेल रहे हैं, जिससे उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में अधिक सहायता मिलेगी। वहीं भारतीय टीम केवल इंग्लैंड के खिलाफ खेलकर यहां पहुंचेगी।

अश्विन ने कहा कि इस बार ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी के बाहर रहने के बाद भी न्यूजीलैंड भारत के लिए





परेशानी खड़ी करेगा। उन्होंने कहा, 'भारत के बाद, न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे मजबूत टीमों में से एक है। साउदी और बोल्ट जैसे खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं इसलिए उनके गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर माना जा रहा है। मैट हेनरी के साथ टीम में कौन होगा ये देखन होगा।

उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड के पास माइकल ब्रेसवेल और ग्लेन फिलिप्स के साथ एक अनुभवी स्पिन आक्रमण है। यह देखना होगा कि कप्तान मिचेल सेंटनर अपने संसाधनों को किस तरह से इस्तेमाल करते है। न्यूजीलैंड निश्चित रूप से एक मजबूत टीम है। वे भारत को चुनौती देने वालों में से एक हैं।

अश्विन ने कहा कि आईसीसी टूर्नामेंटों में ऑस्ट्रेलिया हमेशा ही एक मजबूत टीम रही है। उन्होंने कहा, '' कप्तान के रूप में स्टीव स्मिथ शानदार है। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम की कप्तानी करेंगे। उसके पास ट्रेविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल और लाबुशेन जैसे शानदार खिलाड़ी हैं। उसके हालांकि तेज गेंदबाज और नियमित कप्तान पैट कमिंस ओर तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड व मिचेल मार्श की कमी खलेगी।

# एशिया मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप आज से, भारत का पहला मुकाबला मकाउ से होगा

किंगदाओ (एजेंसी)।एशिया मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप मंगलवार से यहां शुरु होगी। इस चैम्पियनशिप में पी वी सिंधु की कमी भारतीय टीम को खलेगी। सिंधु चोटिल होने के कारण इस चैंपियनशिप से बाहर हैं।सिंधु की जगह विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर की खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को अवसर मिला है और उन्हें महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



भारतीय टीम को इस प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा।भारतीय टीम को इसके बाद गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम से मुकाबला करना है।प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी।भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल तक तो शायद ही परेशानी आये पर उसके बाद उसे आगे बढ़ने के लिए काफी प्रयास करना होगा। भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है हालांकि उसने 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीता था। भारतीय टीम का हाल के दिनों में टीम प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है।उसने 2022 में थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय टीम की उम्मीदें एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, अश्विनी पोनप्पा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी हैं।इसके अलावा पुरुष एकल और पुरुष युगल वह महिला युगल में भी टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं।

# बुमराह के चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय बरकरार

### -बीसीसीआई अंतिम समय तक करेगा इंतजार



मुम्बई।भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलना अभी तय नहीं है। बुमराह को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान चोट लग गई थी।उसके बाद से ही वह बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी बुमराह को लेकर जल्दबाजी में कोई भी फैसला नहीं लेना चाहती है। बीसीसीआई अभी इंतजार करो की नीति पर चल रही है। अगर बुमराह फिट नहीं होते हैं तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो जाएगा। वह अभी एनसीए में रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपनी पीठ के स्कैन भी कराए हैं। उनके एक दो दिन में गेंदबाजी शुरु करने की भी संभावना है। बीसीसीआइ चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयनित टीम में 11 फरवरी तक बदलाव कर सकता है। ऐसे में बोर्ड बुमराह को खेलने का हर मौका देने के लिए आखिरी समय तक इंतजार करने को तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार अगर बुमराह के फिट होने की एक फीसदी भी संभावना रही तो बोर्ड उनका इंतजार करेगा। बीससीआई के पास टीम के नाम देने के बाद भी तकनीकी कमेटी से विकल्प की मांग का अवसर रहेगा।


# रचिन रवींद्र की चोट के लिए पीसीबी दोषी, 'चैंपियंस ट्रॉफी दुबई में आयोजित की जाए'

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) रविवार को लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के पहले वनडे के दौरान रचिन रवींद्र के चोटिल होने के बाद आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज के माथे पर चोट लग गई जिससे काफी खून बहा और उन्हें तुरंत मैदान छोड़ना पड़ा। इस घटना से नाराज सोशल मीडिया यूजर्स ने पीसीबी पर निशाना साधा और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान के रूप में पाकिस्तान पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया।

यह घटना पाकिस्तान की पारी के 37वें ओवर में हुई जब खुशदिल शाह द्वारा माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर शॉट खेला और रवींद्र ने कैच पकड़ने की कोशिश की लेकिन फ्लडलाइट्स के बीच गेंद को देख नहीं पाए और गेंद उनके चेहरे पर लग गई। रविंद्र कुछ सेकंड के लिए मैदान पर गिरे और उनके चेहरे से खून बहने लगा, जिससे स्टेडियम में सन्नाटा छा गया। पाकिस्तान टीम के डॉक्टर के साथ मेडिकल टीम तुरंत वहां पहुंची। उन्हें मैदान पर लेटा दिया गया, जहां वे कुछ मिनट के लिए लेटे रहे और फिर उन्हें तौलिया से चेहरा ढककर मैदान से बाहर निकाला गया।

इस घटना के बाद, जिसने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के बीच भी चिंता पैदा कर दी, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान की साख पर सवाल उठाए गए और चोट के लिए पीसीबी को दोषी ठहराया गया। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान राशिद लतीफ ने खुलासा किया कि मुख्य मुद्दा आयोजन स्थल पर एलईडी लाइट्स का उपयोग था। उन्होंने कहा, 'ऐसी लाइट्स में चमक अधिक होती है। इसलिए, जब गेंद सपाट दिशा में जाती है, तो आप अक्सर इसे देखने में असमर्थ होते हैं।'

इस घटना के बाद पीसीबी पर लोगों का गुस्सा फुटा और एक यूजर ने तो यहां कर लिखा डाला कि आईसीसी ने पाकिस्तान के मैदान पर अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित करने की अनुमति कैसे दी? ICC को खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए और अगर



पाकिस्तान ऐसा नहीं कर सकता तो चैंपियंस ट्रॉफी को दुबई में शिफ्ट कर देना चाहिए। रचिन रविंद्र के लिए प्रार्थना।

#### रचिन रविन्द्र पर अपडेट

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने दावा किया कि रविन्द्र 'ठीक' हैं, लेकिन सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम के दूसरे मैच से पहले उनकी निगरानी जारी रहेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान में कहा गया, '38वें ओवर में कैच लेने के प्रयास में माथे पर गेंद लगने के बाद रविन्द्र को मैदान से बाहर जाना पड़ा। उनके माथे पर चोट लगी है, जिसका इलाज मैदान पर ही किया गया है, लेकिन वे ठीक हैं। वे अपने पहले HIA (हेड इंजरी असेसमेंट) से ठीक हो गए हैं और HIA प्रक्रियाओं के तहत उनकी निगरानी जारी रहेगी।'

# इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेथेल चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए



लंदन।इंग्लैंड की टीम को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी शुरु होने से पहले ही एक करारा झटका लगा है।उसके ऑलराउंडर जैकब बेथेल चोटिल होने के कारण 19 फरवरी से शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं।इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बेथेल चैम्पियंस ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे।बटलर ने कहा, ' यह उसके लिए निराशाजनक है क्योंकि उसने भारतीय टीम के खिलाफ पहले एकदिवसीय में अच्छा प्रदर्शन किया था और वह इस टूर्नामेंट को लेकर उत्साहित था।बाएं हाथ के बल्लेबाज बेथेल ने नागपुर में खेले गए पहले एकदिवसीय में अर्धशतक बनाने के अलावा एक विकेट भी लिया था।वह चोटिल होने के कारण दूसरे एकदिवसीय में नहीं खेल पाए थे।इंग्लैंड ने उनकी जगह पर टॉम बैटन को टीम में शामिल किया है।इस टूर्नामेंट के लिए अंतिम टीम की घोषणा 12 फरवरी तक होगी।इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान और दुबई में शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी।बेथेल अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी नहीं खेल पायेंगे।ऐसे में उन्हें नीलामी में 2.60 करोड़ में खरीदने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मुश्किलें भी बढ़ गयी हैं।

# शोएब अख्तर को इन तीन टीमों के चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनलिस्ट में पहुंचने की उम्मीदें

लाहौर।पाकिकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारत और मेजबान पाक टीम के अलावा अफगानिस्तान भी आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनलिस्ट में पहुंच सकती है।आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी को शुरु होगी। इसमें भारतीय टीम के मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे।इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल की भी संभावना है।वहीं 23 फरवरी को होने वाले भारत-पाकिस्तान मुकाबले में उन्हें पाक टीम की जीत की उम्मीद है।अख्तर ने कहा, अगर अफगानिस्तान की टीम ठीक से खेले तो टूर्नामेंट वे सेमीफाइनल में पहुंच सकती है।मेरा मानना है कि पाकिस्तान, भारत और अफगानिस्तान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचेंगे।अख्तर ने कहा, मुझे उम्मीद है कि 23 फरवरी को पाकिस्तान भारत को हराएगा।मेरा मानना है कि पाक और भारत दोनों को टूर्नामेंट के फाइनल में खेलना होगा।पिछली बार 2017 में चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत और पाक में मुकाबला हुआ था।तब पाकिस्तान ने भारत को 180 रनों से हराया था। अफगानिस्तान ने पिछले कुछ समय से लगातार आईसीसी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह 2023 एकदिवीसय विश्वप कप में वे छठे स्थान पर रही थी पर 2024 के टी20 विश्व कप में टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी।उन्हें न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद नहीं है।




# जडेजा के सामने टिक नहीं पाते रुट



कटक।भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर रवींद्र जडेजा के सामने इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट टिक नहीं पाते हैं।दूसरे एकदिवसीय मैच में भी यह देखा गया कि जडेजा के सामने रुट बेबस नजर आये और उनका शिकार बने।पहले एकदिवसीय में भी वह जडेजा का शिकार बने थे।जडेजा और रूट के बीच साल 2012 में पहली बार टक्कर हुई थी।तब से दोनों के बीच रोमांचक मुकाबला होता रहा है।उन्होंने रूट को हर प्रारुप में परेशान किया है।जडेजा ने एकदिवसीय में रूट को 5 बार आउट किया है।वहीं इससे पहले केवल बोल्ट ने ही रूट को एकदिवसीय में 5 बार आउट किया था।इसके अलावा दुनिया में एक भी गेंदबाज ऐसा नहीं है। जिसने रूट को एकदिवसीय में इतनी बार पैवेलियन भेजा हो। वहीं टेस्ट में भी जडेजा के सामने रूट टिक नहीं जो हैं और 8 बार उनकी गेंद पर आउट हुए हैं।इस तरह उन्होंने रूट को कुल 13 बार पेवेलियन भेजा है। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह ने भी जो रूट को 13 बार पेवेलियन भेजा है।उन्होंने रुट को टेस्ट में 9, एकदिवसीय में 3 और टी20 मैच में एक बार आउट किया है।इस तरह जो रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने का भारतीय रिकॉर्ड संयुक्त रूप से जडेजा और बुमराह के नाम है।रूट को जडेजा से ज्यादा बार केवल ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस हैं ने 14 बार आउट किया है।


# एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप: सिंधु के बिना आसान नहीं होगी भारत की राह

**किंगदाओ (चीन) (एजेंसी)।** ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधु के चोटिल हो जाने से भारत की मंगलवार से यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की राह काफी मुश्किल हो गई है। भारत ने दो साल पहले दुबई में खेली गई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था और उसमें सिंधु ने अहम भूमिका निभाई थी। उनके बाहर होने से भारत को करारा झटका लगा है।

सिंधु गुवाहाटी में अभ्यास शिविर के दौरान चोटिल हो गई थी जिस कारण उन्हें अंतिम समय में टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उनकी अनुपस्थिति में विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर के खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत को प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा। भारतीय टीम को इसके बाद गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम का सामना करना होगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी।

भारत को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए लेकिन इसके बाद आगे बढ़ने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। भारत ने हाल के दिनों में टीम प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने 2022 में थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा उसने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में रजत और पिछले एशियाई खेलों में पुरुष वर्ग की टीम प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था।


इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ी वर्तमान टीम का हिस्सा भी हैं। इन खिलाड़ियों में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, अश्विनी पोनप्पा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शामिल हैं। भारत को पुरुष एकल और पुरुष युगल में काफी उम्मीदें हैं। इनके अलावा महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली से भी काफी उम्मीद की जा रही है क्योंकि उन्होंने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।



# महाकुंभ में लगा महाजाम, 21 किमी जाने में लगे 26 घंटे

एजेंसी

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला और वाराणसी में लोगों के पहुंचने का सिलसिला बदस्तूर जारी है. सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग चुकी है. सोशल मीडिया में महाकुंभ जाम को लेकर कई वीडियो और फोटो वायरल हो रहे हैं. जाम में फंसे लोगों की प्रतिक्रिया भी आने लगी है. एक फेसबुक यूजर ने बताया कि वो तीन दिन पहले चले थे, सिर्फ 21 किलोमीटर जाने में उन्हें 26 घंटे लग गए हैं. एक अन्य यूजर ने लिखा, 300+किलोमीटर लंबे जाम लगे हुए हैं, गंगा मैया जी का सहारा. एक अन्य यूजर ने एक्स पर लिखा, हम प्रयागराज में 7 घंटे से ट्रैफिक में फंसे हुए हैं और हमारे साथ बच्चे भी हैं जो भूखे हैं, मैं कह सकता हूं कि उचित ट्रैफिक प्रबंधन नहीं दिख रहा है, ऐसी दयनीय व्यवस्था देखकर दुख होता है.



**300 किलोमीटर जाम का वीडियो वायरल**

सोशल मीडिया में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि प्रयागराज जाने वाले मार्ग में 300 किलोमीटर की जाम लग गई है. वीडियो में मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारी प्रयागराज से 300 किमी पहले खड़े होकर लोगों से अपील करते दिख रहे हैं, जिसमें उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि महाकुंभ जाने वाले लोग रास्ते से वापस लौट जाएं. आगे जाम लगा हुआ है. हालांकि हम वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करते हैं.

**श्रद्धालुओं के लिए रेलवे और स्थानीय प्रशासन ने नयी व्यवस्थाएं की**

महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने और भारी भीड़ से निपटने के लिये रेलवे और स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं के वास्ते कई नयी व्यवस्थाएं की हैं. उसके बावजूद कई क्षेत्रों में व्यापक जाम लग गए हैं. जाम से निजात पाने के लिए प्रशासन के लोग मुस्तैदी के साथ लगे हुए हैं. प्रयागराज के सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) शैलेंद्र सिंह ने बताया कि महाकुंभ मेले से निकलने वाली ज्यादातर भीड़ काशी और अयोध्या वाले मार्ग की ओर जा रही है.

**रेल मंत्री ने प्रयागराज जंक्शन बंद होने की खबर को बताया भ्रामक**

महाकुंभ में बढ़ती भीड़ के बाद खबर आई थी कि प्रयागराज जंक्शन को बंद कर दिया गया है. लेकिन अब रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साफ कर दिया है कि खबर भ्रामक, जंक्शन को बंद नहीं किया गया है.

### 2019 महाकुंभ का रिकॉर्ड टूटा

प्रयागराज के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (यातायात) कुलदीप सिंह ने बताया कि पिछले (2019) कुंभ में इतनी भीड़ नहीं आई थी खासकर सामान्य दिनों में, लेकिन इस बार सामान्य दिनों में इतनी अधिक भीड़ आ रही है जिससे यातायात जाम की स्थिति बनी है. सरकार द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 9 फरवरी तक प्रयागराज महाकुंभ में 43.57 करोड़ से अधिक लोग गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं. 10 फरवरी को सुबह 10 बजे तक 63 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया. सरकार के मुताबिक, महाकुंभ में प्रतिदिन औसतन 1.44 करोड़ लोग स्नान कर रहे हैं.

### वाराणसी में भीड़ के बाद चार पहिया वाहनों पर बैन

वाराणसी में बड़े पैमाने पर आ रही भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा शहर में कई जगह चार पहिया वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। बाहरी वाहनों को वाराणसी के बाहर ही रोक दिया जा रहा. पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) गौरव बंसवाल ने बताया, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई मार्गों पर चार पहिया वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है. सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से भीड भाड़ वाले स्थानों पर नजर रखी जा रही है.

# दिल्ली में कांग्रेस की 0 सीट आने पर भड़के उसी के मुस्लिम सांसद, कहा- पार्टी में बड़े बदलाव की जरूरत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 1998 से 2013 तल लगातार दिल्ली की सत्ता पर काबिज रहने वाली कांग्रेस 2025 के विधानसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाई. दिल्ली में 2015 से लगातार 0 सीट आने पर अब कांग्रेस को उसी के मुस्लिम सांसद ने आइना दिखाया है. बिहार के कटिहार से सांसद तारिक अनवर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस नेतृत्व से पार्टी की रणनीति, भविष्य की योजना समेत कई बातें स्पष्ट करने के लिए कहा है.



**पार्टी में बड़े बदलाव की जरूरतः तारिक अनवर**

सोमवार को तारिक अनवर ने एक्स पर एक पोस्ट किया. इसमें उन्होंने लिखा कि कांग्रेस को अपनी राजनीतिक रणनीति को स्पष्ट करने की जरूरत है. उन्हें तय करना होगा कि वे गठबंधन की राजनीति करेंगे या अकेले चलेंगे. साथ ही, पार्टी के संगठन में मूलभूत परिवर्तन करना भी जरूरी हो गया है.

**दिल्ली का असर बिहार में पड़ना तय**

बता दें कि दिल्ली में कांग्रेस ने विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ा था. राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है क्योंकि कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल सकी. यहां केवल पार्टी को 6 फीसदी से अधिक वोट मिले. ऐसी संभावना है कि दिल्ली में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन का असर बिहार में हो सकता है. बिहार में राजद अब कांग्रेस को कम सीटें देने की तैयारी में है.

**बीजेपी ने 27 साल बाद की सत्ता में वापसी**

ज्ञात हो कि दिल्ली में आठ फरवरी को विधानसभा चुनाव के परिणाम आए थे. दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बहुमत हासिल किया है. भाजपा ने दिल्ली की 70 में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) केवल 22 सीटों पर सिमट गई और कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल सकी.

# नक्सली मुठभेड़ में जवान नरेश ध्रुव और वासित रावटे के बलिदान पर मुख्यमंत्री साय ने जताया दुख

**जवानों ने सर्चिंग के बाद भारी संख्या में एके-47, इंसास जैसे ऑटोमैटिक वेपंस बरामद**

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर नक्सल एनकाउंटर में रविवार को जहां सुरक्षाबलों ने 31 नक्सलियों को ढेर का दिया है वहीं बलौदाबाजार -भाटापारा के जवान प्रधान आरक्षक नरेश ध्रुव और बालोद के वासित रावटे बलिदान हो गए। बालोद से बलौदाबाजार तक और रायपुर से बीजापुर तक मातम पसर गया है। मारे गए नक्सलियों के शव और घटनास्थल से बरामद अङ-47, इंसास जैसे ऑटोमैटिक वेपंस को बीजापुर जिला मुख्यालय लाया गया है और उनकी शिनाख्त की जा रही है। दोनों जवानों के बलिदान पर मुख्यमंत्री साय ने दुख जताया है। उन्होंने देर रात सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक संदेश जारी कर दोनों जवानों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।


शहीद नरेश कुमार ध्रुव शहीद वसित कुमार रावटे

जवान वासित रावटे के बलिदान की खबर मिलते ही बालोद जिले में और फागुनदाह गांव में मातम पसर गया।वासित रावटे अपने पीछे दो बेटियों, पत्नी और मां पिता को छोड़ गए हैं। बलिदानी वासित रावटे के भाई उत्तम कुमार ने बताया कि शाम को जब पहली खबर आई तो उनके अधिकारियों ने बताया कि वासित को गोली लगी है। उस दौरान वह बाहर गांव जा रहा था। थोड़ी देर बाद फिर से फोन आया तो बताया गया कि उनका भाई बलिदानी हो गया है। गांव में सभी दुखी हैं। वासित के दोस्तों ने बताया कि हम साथ स्कूल जाते थे। साथ खेलते और पढ़ते थे, हम किसान बन गए और वो जवान बन गया। आज जो खबर मिली उससे हम स्तब्ध हैं। दंतेवाड़ा के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि बीजापुर जिले के इंद्रावती टाइगर रिजर्व के अन्नापुर और बड़े काकलेर में हुए मुठभेड़ में 31 वदीर्धारी नक्सलियों मारे गए हैं। इनमें 20 पुरुष व 11 महिला नक्सली शामिल हैं। दो जवान बलिदान हुए हैं, दो जवान घायल है। जिन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर इलाज के लिए लाया गया है।

# रूसी सुखोई-57 और अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट की गड़गड़ाहट से गूंजा बेंगलुरु का आसमान

**दोनों फाइटर जेट को उड़ान भरते हुए देखने के लिए देशी-विदेशी दर्शकों में भी होड़**

एजेंसी

**बेंगलुरु।** एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी एयरो इंडिया में इस बार रूसी सुखोई-57 जेट और अमेरिकी एफ-35 की धूम है। एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में दोनों फाइटर जेट की गड़गड़ाहट के साथ उड़ान भरते हुए देखने के लिए देशी-विदेशी दर्शकों में भी होड़ मची है। मित्र देशों से आए दर्शक दो दिनों तक रूसी और अमेरिकी फाइटर प्लेन का मुकाबला देखेंगे। प्रदर्शनी के शुरूआती दो व्यावसायिक दिन खत्म होने के बाद प्रदर्शनी आम दर्शकों के लिए खुल जाएगी।



यूक्रेन के साथ युद्ध में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किये गए एकमात्र पांचवीं पीढ़ी के दो स्टील्थ रूसी सुखोई-57 जेट इस समय बेंगलुरु के आसमान की शोभा बढ़ा रहे हैं। यह फाइटर जेट अपनी लुभावनी एयरोबेटिक्स के लिए जाना जाता है, जिसने यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान के दौरान हवाई और जमीनी लक्ष्यों को भेदने में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिसमें लंबी दूरी से सटीक हमले भी शामिल हैं। स्टेल्थ क्षमताओं वाला यह विमान उन्नत एईएसए राडार प्रणाली से लैस है और इसमें क्रूज मिसाइलों को लॉन्च करने की क्षमता है। सुखोई-57 को एएल-51एफ1 इंजन मिलने की उम्मीद है, जिससे इसकी लड़ाकू क्षमता और बढ़ जाएगी।

अमेरिकी वायु सेना ने पहले एयरो इंडिया-2025 में एफ-35 और अपग्रेड किए गए एफ-16 की प्रदर्शन उड़ानें रद्द कर दी थीं, लेकिन अब यह दोनों फाइटर जेट बेंगलुरु पहुंच कर अपने आसमानी करतब दिखा रहे हैं। पिछले यानी 2023 के एयरो इंडिया में पहली बार पेश किए गए एफ-35 के इस साल भी प्रमुख आकर्षण होने की उम्मीद थी, लेकिन इस बार रूसी सुखोई-57 भी अपनी ओर ध्यान आकर्षित कर रहा है। दोनों फाइटर प्लेन का मुकाबला दर्शकों के बीच कड़ी टक्कर दे रहा है। सुखोई-57 रूस का प्रमुख स्टेल्थ मल्टीरोल फाइटर बेहतरीन हवाई श्रेष्ठता और स्ट्राइक क्षमताओं के लिए डिजाइन किया गया है। उन्नत एवियोनिक्स, सुपरक्रूज क्षमता और स्टेल्थ तकनीक से लैस यह विमान एयरो इंडिया 2025 में पहली बार अपने आसमानी करतब दिखा रहा है। प्रदर्शनी में आने वाले दर्शक उच्च हवाई युद्धाभ्यास, फाइटर की चपलता, स्टेल्थ और मारक क्षमता और सामरिक प्रदर्शन देखकर मंत्रमुग्ध है।

# पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने सात आतंकवादियों को मार गिराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में रविवार को अलग-अलग मुठभेड़ों में सात आतंकवादी मारे गए और एक सैनिक शहीद हो गया। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, सुरक्षा बलों ने 8 और 9 फरवरी की रात को इलाके में हथियारबंद लोगों की मौजूदगी की सूचना पर डेरा इस्माइल खान जिले के मद्दी इलाके में खुफिया ऑपरेशन शुरू किया। डान समाचार पत्र के अनुसार, इस्माइल खान जिले के खुफिया ऑपरेशन में तीन आतंकवादी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। तीनों आतंकवादी तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और बम बनाने में विशेषज्ञ थे। इसके बाद आतंकवादियों के खिलाफ एक और ऑपरेशन उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली तहसील में चलाया गया। सुरक्षा बलों ने यहां चार आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। इस बीच, पेशावर और कोहाट के बीच सीमा पर हसन खेल उपखंड में आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में एक सैनिक शहीद हो गया और तीन अन्य घायल हो गए।

**सोनिया गांधी ने रास में जनगणना में देरी का मुद्दा उठाया, कहा**

# 14 करोड़ लोग एनएफएसए से वंचित हो रहे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आज राज्यसभा में जनगणना में देरी किये जाने का मुद्दा उठाया. इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की चर्चा की. सोनिया गांधी ने कहा कि सितंबर 2013 में यूपीए सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) पेश किया था. यह एक ऐतिहासिक पहल थी. इसका उद्देश्य देश की 140 करोड़ आबादी के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना था. कहा कि इसी ने उडश्क्ख्र9 संकट के दौरान लाखों परिवारों को भुखमरी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.



**एनएफएसए के तहत 75फीसदी ग्रामीण आबादी खाद्यान्न प्राप्त करने की हकदार**

सोनिया गांधी ने अपनी बात बढ़ाते हुए कहा, इसी अधिनियम ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए आधार प्रदान किया. कहा, एनएफएसए के तहत, 75फीसदी ग्रामीण आबादी और 50 फीसदी शहरी आबादी सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने की हकदार है. लाभार्थियों के लिए कोटा अभी भी 2011 की जनगणना के आधार पर है. यह एक दशक से अधिक पुराना है. कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार जनगणना में चार साल से अधिक की देर हुई है. जनगणना 2021 में ही की जानी थी. सोनिया गांधी ने कहा, खाद्य सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं बल्कि मौलिक अधिकार है. कहा कि लाभार्थियों के लिए कोटा अब भी 2011 की जनगणना के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जो अब एक दशक से अधिक पुरानी है. परिणामस्वरूप, लगभग 14 करोड़ पात्र भारतीय एनएफएसए के तहत अपने उचित लाभ से वंचित हो रहे हैं.

## संक्षिप्त खबर

### मणिपुर में सुरक्षाबलों और पुलिस ने उग्रवादी ठिकाने ध्वस्त किए, सात को दबोचा



**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों और पुलिस ने हिल और वैली जिलों के संवेदनशील स्थानों पर अभियान चलाकर बड़ी कामयाबी हासिल की। उग्रवादियों के कई ठिकानों को ध्वस्त करते हुए बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक बरामद किया। सुरक्षाबलों ने भाग रहे सात उग्रवादियों को पीछाकर दबोच लिया। यह जानकारी मणिपुर पुलिस ने आज सुबह दी। मणिपुर पुलिस के अनुसार, बिष्णुपुर जिले के सागांग और नाओदाखोंग पहाड़ी क्षेत्र में एक एके-56 राइफल, एक एसएमसी कार्बाइन, तीन सिंगल बैरल बंदूकें, बुलेटप्रूफ कवर और प्लेट, आंसू गैस के छह गोले, छह 36 एचई ग्रेनेड, विभिन्न कैलिबर की जिंदा गोलियां और चार आईईडी को बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने लामलाई थाना क्षेत्र के तेल्लौ मखा लाइकाई में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एनआरएफएम के एक ठिकाने का भंडाफोड़ कर सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान मोइरांगथेम सोमोकांता सिंह (26), थोंगम इबोटन सिंह (34), हैसानम रोहित मैतेई (32), याइखोम इनाओ सिंह (20), नामैरकपम जोतिन मैतेई (33), निंगथौजम प्रेमकुमार सिंह (32) और हेमाम जॉन सिंह (33) के रूप में हुई है। इनके पास से एक ए1 असॉल्ट राइफल, एक एके-47 राइफल, दो इंसास राइफल, दो एसएलआर, बुलेटप्रूफ जैकेट, मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद किया गया।बताया गया है कि इस दौरान लगभग 30 हथियारबंद बदमाशों ने थौबल जिले के ककमयाई पुलिस चौकी पर हमला कर वहां तैनात पुलिसकर्मियों को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने छह एसएलआर और तीन एके-47 राइफलों समेत नौ हथियार लूट लिए। हालांकि, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में एक हमलावर, हीजाम निंगथेम सिंह (49) को गिरफ्तार किया। वह प्रतिबंधित संगठन केसीपी का सदस्य है। बाद में, पुलिस ने तलाशी अभियान में लूटे गए नौ में से आठ हथियार नगामुखोंग पहाड़ी क्षेत्र से बरामद कर लिए।इसके बाद, सुरक्षा बलों ने निंगेल, मालोम, तौबुल और लांगाथेल में बड़ा अभियान चलाकर लांगाथेल चिंगखोंग में केसीपी का एक महत्वपूर्ण ठिकाना ध्वस्त कर भारी मात्रा में गोला-बारूद, हथियार, विस्फोटक सामग्री, सैन्य वर्दी, बुलेटप्रूफ जैकेट और अन्य सामान जब्त किया गया।

### मणिपुर की भलाई के लिए बीरेन सिंह का इस्तीफा, आंतरिक मतभेद नहीं : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



**इंफाल।** मणिपुर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ए शारदा देवी ने पार्टी में आंतरिक मतभेद की अटकलों को खारिज करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राज्य की भलाई के लिए अपने पद से इस्तीफा दिया है। राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यह फैसला मणिपुर के भविष्य और स्थिरता को प्राथमिकता देने के लिए लिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, ह्लहमारे मुख्यमंत्री ने जनता के लिए इस्तीफा दिया है। उनकी मुख्य मांग केंद्र सरकार से मणिपुर की अखंडता की रक्षा और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की है ।ह्व उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा के सभी विधायक एकजुट हैं और बीरेन सिंह का यह कदम केवल राज्य में शांति बहाल करने के लिए उठाया गया है। इस बीच, मुख्यमंत्री ने केंद्र से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है।

### अमेरिका अब स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर लगाएगा 25 प्रतिशत टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा सकते हैं। उनका मानना है कि यह देश की व्यापार प्रणाली में संरचनात्मक परिवर्तन का हिस्सा है। ट्रंप ने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान किया गया वादा करने के समय आ गया है। द वाल स्ट्रीट जनरल समाचार पत्र की खबर के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति मंगलवार या बुधवार को यह घोषणा कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि इसके पीछे उनका मकसद अमेरिकी उद्योगों की रक्षा करना और ट्रेड बैलेंस में सुधार करना है। ट्रंप ने यह संकेत रविवार को न्यू ऑरलियंस में एयर फोर्स वन में संवाददाता सम्मेलन में दिए। उन्होंने कहा कि यह सभी देशों पर लागू होगा। सनद रहे, डोनाल्ड ट्रंप ने 2016-2020 तक अपने पहले कार्यकाल में स्टील पर 25 प्रतिशत और एल्यूमीनियम पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। बाद में कनाडा, मैक्सिको और ब्राजील समेत कई ट्रेड पार्टनर्स को ड्यूटी फ्री कोटा दिया था। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस कोटा को ब्रिटेन, जापान और यूरोपीय संघ तक बढ़ा दिया था।

### ट्रंप का सपना, गाजा का युद्धग्रस्त क्षेत्र बने दुनिया का बड़ा रियल एस्टेट केंद्र



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सपना है कि गाजा पट्टी का युद्धग्रस्त क्षेत्र दुनिया का बड़ा रियल एस्टेट केंद्र बने। ट्रंप ने रविवार को गाजा के पुनर्विकास के लिए अपनी योजनाओं को दोगुना करते हुए यह संकेत दिए। न्यू ऑरलियंस में सुपर बाउल की यात्रा के दौरान ट्रंप ने एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से कहा-ह्लहम जल्द ही मध्य पूर्व में स्थिरता लाने जा रहे हैं। सीएनएन की खबर में ट्रंप की इस योजना की जानकारी दी गई है। ट्रंप ने कहा- मुझे लगता है कि फिलिस्तीनियों या गाजा में रहने वाले लोगों को एक बार और वापस जाने की अनुमति देना बड़ी गलती है। हम नहीं चाहते कि हमास वापस जाए। हमास और लोग इसे एक बड़ी रियल एस्टेट साइट के रूप में सोचें। संयुक्त राज्य अमेरिका इसका मालिक बनने जा रहा है। हम धीरे-धीरे बहुत कुछ करेंगे। हमें कोई जल्दी नहीं है। हम गाजा पट्टी को विकसित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, हमास और इजराइल के युद्ध ने गाजा के 90 फीसद लोगों को विस्थापित कर दिया है। ट्रंप ने पहली बार मंगलवार को अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह प्रस्ताव दिया था। ट्रंप ने बाद में इस क्षेत्र के लिए अपने दृष्टिकोण को एक नए रिवेरा के रूप में वर्णित किया। नेतन्याहू ने ट्रंप की इस योजना को क्रांतिकारी माना है। उन्होंने कहा कि यह ट्रंप की रचनात्मक दृष्टि है। संयुक्त राज्य अमेरिका से स्वदेश लौटने के बाद रविवार को नेतन्याहू ने कैबिनेट बैठक को संबोधित किया।

# दुनिया का मुंह नहीं ताकेंगे, घर में बनाएंगे 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान... रक्षा मंत्री ने बताया मोदी सरकार का संकल्प

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार मेक इन इंडिया अभियान के दम पर आत्मनिर्भर भारत अभियान का लक्ष्य पूरा किए जाने पर जोर दे रही है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए अब प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों के लिए भी संवेदनशील माने जाने वाले क्षेत्र भी खोल दिए गए हैं। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान देश में ही बनाने का संकल्प ले चुकी है। एयरो इंडिया शो से एक दिन पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को यह बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि भारत ने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान देश में ही बनाने का पक्का इरादा कर लिया है। यह एयरो इंडिया शो खास है क्योंकि इसमें दो ताकतवर पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान अमेरिका का एफ-35 और रूस का एसयू-57 दिखाई देंगे।



**भारत में बन रहे आधुनिक प्लेटफॉर्म**

रक्षा मंत्री ने एयर शो की शुरूआत से पहले बताया, 'एलसीए तेजस, एलसीएच प्रचंड और सी-295 जैसे आधुनिक प्लैटफॉर्म अब भारत में बन रहे हैं। इसके अलावा, हमने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान देश में ही बनाने का दृढ़ संकल्प लिया है। ये उपलब्धियां, जो कभी असंभव लगती थीं, अब हकीकत बन रही हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि इस वित्तीय वर्ष में घरेलू रक्षा उत्पादन रु 1.27 लाख करोड़ से ज्यादा हो गया है। अगले साल तक यह रु 1.6 लाख करोड़ और निर्यात रु 30,000 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। घरेलू उत्पादन में तो तेजी आई है, लेकिन पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट जैसे महत्वपूर्ण प्रॉजेक्ट अभी विकास के चरण में हैं। इनमें निजी क्षेत्र की बड़ी भागीदारी की उम्मीद है। रक्षा मंत्री ने कहा, 'हमने रक्षा और एयरोस्पेस उद्योगों में निजी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए काम किया है। हमें अभूतपूर्व सफलता मिली है।

# मोदी के अमेरिका पहुंचने से पहले ही रूस ने भारत को दिया एसयू-57 लड़ाकू विमान देने का ऑफर, सुनकर ट्रंप की भी बढ़ी टेंशन!

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस ने भारत को एक ऐसा आकर्षक ऑफर दिया है, जिसने कई देशों को हैरान कर दिया है। रूस ने भारत को अपना सबसे लेटेस्ट और खतरनाक एसयू 57 लड़ाकू विमान बेचने का ऑफर दिया है। इस ऑफर को और भी शानदार बनाने के लिए रूस ने कहा है कि वो भारत को एसयू 57 की टेक्नोलॉजी भी दे देगा। एसयू 57 एक पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है जिसकी भारत को सख्त जरूरत है। रूस जानता हैकि चीन फिफ्थ जेनरेशन फाइटर जेट बना चुका है और भारत इस रेस में पीछे छूट रहा है। रूस को ये भी अच्छे से पता है कि भारत पर दबाव बनाकर अमेरिका अपना पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान एफ-35 भारत को बेचना चाहता है। कुछ रूसी एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत पर एफ 35 खरीदने का दबाव बनाने के लिए अमेरिका ने भारत के तेजस लड़ाकू विमानों के प्रोडक्शन को लटका दिया है। जानकारी के लिए बता दें कि तेजस फाइटर जेट्स के इंजन अमेरिका से ही आने हैं। लेकिन अमेरिका इसमें देरी कर रहा है। अगर भारत एफ-35 के लिए हां कर देता है तो उसे तेजस का इंजन भी मिल जाएगा। आपको बता दें कि तेजस 4.5 जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। मगर रूस चाहता है कि भारत अमेरिका के दबाव में न आए। हमेशा की तरह रूसी हथियारों पर ही भरोसा करे। रूस ने कहा है कि अगर भारत पांचवी पीढ़ी का लड़ाकू विमान एसयू 57 खरीदता है तो हम उसकी टेक्नोलॉजी भी भारत के साथ शेयर करेंगे। रूस का मानना है कि एसयू-57 अमेरिका के एफ-35 से कई गुणा बेहतर है। ठीक वैसे ही जैसे रूस का एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिका के थर्ड से बेहतर है।



**एएमसीए पर भारत कर रहा काम**

आपको बता दें कि भारतीय वायुसेना जल्द ही 100 से ज्यादा जेट्स खरीदने की योजना पर काम कर रही है। भारतीय एयर फोर्स फिलहाल फाइटर जेट्स की भारी कमी से जूझ रही है। वैसे तो भारत खुद 5.5 जेनरेशन का लड़ाकू विमान बनाने में लगा हुआ है। जिसका नाम एएमसीए यानी एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्रॉफ्ट है। लेकिन एएमसीए का प्रोटोटाइप 2028 तक तैयार होगा। इसका प्रोडक्शन 2035 से शुरू हो पाएगा। लेकिन ये इंतजार काफी लंबा है। भारत को कुछ पांचवी पीढ़ी के फाइटर जेट अभी चाहिए।



# 'सनम तेरी कसम' ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में री-रिलीज के दौरान अच्छा प्रदर्शन भी कर रही हैं। इस साल 'सनम तेरी कसम' पर दर्शक टूट पड़े हैं। मूल रूप से साल 2016 में रिलीज हुई इस फिल्म ने तब टोटल कमाई जितनी की थी, उतनी री-रिलीज के दौरान सिर्फ दो दिनों में कर डाली है। सनम तेरी कसम को 7 फरवरी को सिनेमाघरों में एक बार फिर रिलीज किया गया। पहले दिन इसने करीब चार करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन इसने करीब पांच करोड़ रुपए का कारोबार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक दो दिनों में फिल्म की कमाई करीब 9.50 करोड़ रुपए रही है। यह इसके ऑरिजनल लाइफटाइम कलेक्शन से ज्यादा है।

लाइफ Style

# प्राजक्ता

## माता-पिता को तोड़नी पड़ी थी उनकी गुल्लक

अभिनेत्री और यूट्यूबर प्राजक्ता कोली ने अपने बचपन की एक इमोशनल याद साझा की है। उन्होंने बताया कि एक बार उनके माता-पिता ने उनकी गुल्लक तोड़ी है। उन्होंने कहा कि पैसों की कमी के कारण माता पिता ने उनकी गुल्लक फोड़ी थी। हालांकि, उस दौरान वे छोटी बच्ची थीं।

प्राजक्ता ने कहा, मुझे याद है जब मैं 12 साल की थी, मैं अपने स्कूल या ट्यूशन से घर आई और मम्मी पापा ने मुझे प्यार से बैठाया। मुझे याद है उन्होंने कहा, 'आबू, हम इस महीने थोड़ा संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए हमें आपका गुल्लक तोड़ना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है'। उन्होंने कहा, 'कोई बात नहीं, हम आपके लिए एक नया गुल्लक लाएंगे।' प्राजक्ता के पिता मनोज कोली ने कहा, 'हां...उस समय मैं एक मल्टी-लेवल मार्केटिंग कंपनी में काम कर रहा था। उस समय भारत में एक नया चलन था। उस समय, 1999-2000 में, मैंने उस कंपनी में बहुत सारा पैसा लगाया, लगभग 11 लाख, मेरी सारी बचत और कंपनी दिवालिया हो गई। उसके बाद मैं खाली हो गया...उस समय मैंने टैक्सी चलाई, कुछ भी काम नहीं कर रहा था, मेरे पास घर के महीने भर के खर्च के लिए पैसे नहीं थे। मैंने रिश्तेदारों और दोस्तों से मदद लेने की पूरी कोशिश की, लेकिन नहीं मिली। मेरा आखिरी विकल्प अपना गुल्लक तोड़ना था और उस पैसे से हमें उस महीने के खर्च में मदद मिली। मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि हम प्राजक्ता के सहयोग से अपने परिवार को चलाने में मदद की शुरुआत तब से हुई।'



हॉलीवुड मसाला



# 'जुरासिक वर्ल्ड...' का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो काफी धमाकेदार है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि डायनासोर का धरती पर अंत होने वाला है। अब इंसानी जीवन को बचाने के लिए जिंदा डायनासोर के डीएनए की जरूरत है। इसे निकालने के लिए स्कारलेट जॉनसन और टीम के पास आखिरी मौका है। यह फिल्म 2 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। साल 2022 में 'जुरासिक वर्ल्ड: डोमिनियन' में हुई घटनाओं के पांच साल बाद की कहानी 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' में दिखाई गई है।



# एड शीरन को परफॉर्म करते हुए पुलिस ने रोका

**मुंबई।** एड शीरन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पुलिस उनका माइक बंद करते हुए दिख रही है। ये वीडियो देख फैंस भड़क गए। उनका कहना है कि ये निराशानजनक है। बता दें कि एड शीरन का बेंगलुरु में लाइव कॉन्सर्ट है। इससे पहले उन्होंने स्ट्रीट पर जैमिंग की। ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इस वक्त भारत में हैं। 'शेप ऑफ यू' और 'परफेक्ट' जैसे गानों के लिए फेमस सिंगर के कुछ वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वो बेंगलुरु के चर्च स्ट्रीट पर अचानक एक जैमिंग सेशन में शामिल हुए। उन्होंने गान शुरू किया, पर तुरंत ही वहां पुलिस आ गई और माइक बंद कर दिया, प्रोग्राम रोक दिया। ये वीडियो देख सिंगर के फैंस भड़क रहे हैं और पुलिस के इस रवैये को गलत बता रहे हैं।



# मेहंदी लिखवाया कुछ ऐसा कि हो गया विवाद

**मुंबई।** सारा अली खान अभी सिंगल हैं। 29 साल की एक्ट्रेस ने अपने पुराने इंटरव्यूज में कहा है कि वह 31-31 साल तक शादी करना चाहेंगी और दो बच्चों की मां भी बनेंगी। हालांकि, अभी उसमें वक्त है। मगर उसके पहले इन्होंने कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसे देख हर कोई हैरान रह गया। लोगों को लगा कि एक्ट्रेस की शादी हो गई है। वह जिस तरह से सजी-धजी नजर आईं, उसमें वह एकदम नई-नवेली दुल्हन लग रही हैं। हालांकि, कुछ की नजर उनकी मेहंदी पर अटक गई। फोटोज में सारा अली खान के हाथों में मेहंदी भी रची हुई है। जिसे उन्होंने फ्लॉन्ट किया है। इसमें बाएं हाथ पर त्रिशूल और ओम लिखा हुआ है। वहीं, दाहिने हाथ पर 'जय भोलेनाथ' लिखा हुआ है। एक ने लिखा, 'हाथ पर भगवान की फोटो नहीं होना चाहिए। ये गलत है।



# अल्लू को नहीं पसंद बॉलीवुड शब्द...

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2 द रूल' की कमाई को आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में हिंदी फैंस का भी हाथ रहा है। क्योंकि, फिल्म के तमिल वर्जन के बाद सबसे ज्यादा कमाई हिंदी वर्जन ने ही की थी। सिनेमाघरों में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने के बाद अब अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' नेटफ्लिक्स पर जलवा दिखा रही है। फिल्म की तमिल वर्जन के बाद सबसे शानदार कमाई हिंदी वर्जन से ही हुई थी। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अल्लू अर्जुन को बॉलीवुड शब्द ही पसंद नहीं है। इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि वह उत्तर भारत की फिल्म इंडस्ट्री से नफरत करते हैं। असल में उन्होंने एक इवेंट में बताया कि उन्हें 'बॉलीवुड' शब्द नहीं पसंद, इसकी जगह वह 'हिंदी सिनेमा' कहना पसंद करते हैं।

टीवी मसाला



# कपिल शर्मा के बचाव में आए राजीव ठाकुर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन राजीव ठाकुर कपिल शर्मा के व्यवहार पर लगातार उठते सवालों पर उनके बचाव में आए हैं। उन्होंने कहा कि अगर मैं भी उनके जितना प्रसिद्ध हो गया तो शायद मैं भी चिढ़ जाऊं, वह बहुत दबाव में हैं और लोग इसे नहीं समझते। अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा पर अक्सर रूड होने का आरोप लगता है। कपिल शर्मा का सुनील ग्रोवर के साथ विवाद भी हो चुका है।

# राज कपूर के लेकर शाहरुख खान तक ये हैं हिंदी सिनेमा के रोमांटिक हीरो...

**मुंबई।** वैलेंटाइन वीक के खास मौके पर हिंदी सिनेमा के उन अभिनेताओं की याद आती है, जिन्होंने अपने अभिनय और आकर्षण से दर्शकों के दिलों में एक स्थायी जगह बनाई है। रोमांटिक हीरो की भूमिका निभाने वाले इन अभिनेताओं ने अपने अंदाज और मासूमियत से न सिर्फ सिनेमा जगत को, बल्कि दर्शकों पर भी गहरी छाप छोड़ी। आइए जानते हैं कुछ ऐसे प्रमुख रोमांटिक हीरो के बारे में जिन्होंने हिंदी सिनेमा में खास मुकाम हासिल किया।

*दिलीप कुमार :* दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

*राज कपूर :* राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

*राजेश खन्ना :* राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।



*देव आनंद :* देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

*ऋषि कपूर :* भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में बसा हुआ है।

*शाहरुख खान :* शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।


*सलमान खान :* सलमान खान ने रोमांटिक फिल्मों में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। 'मैंने प्यार किया' और 'हम दिल दे चुके सनम' जैसी फिल्मों में उनका रोमांटिक अंदाज आज भी दर्शकों के दिलों में बसा हुआ है।

# 'आई एम नॉट एन एक्टर' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी फिल्म 'आई एम नॉट एन एक्टर' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर मार्च में कैलिफोर्निया में 'सिनेक्वेस्ट फिल्म फेस्टिवल 2025' में होने वाला है। फिल्म के निर्देशक ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर साझा करते हुए इस फिल्म को कलाकारों के लिए प्रशंसा बताया। उन्होंने लिखा, 'एक्टिंग की कला और क्राफ्ट के लिए एक प्रशंसा साथ ही, एक अभिनेता के जीवन के लिए भी।' आदित्य कृपलानी द्वारा निर्देशित यह हिंदी-अंग्रेजी ड्रामा पूरी तरह से मुंबई अभिनेता की कहानी है, जो वीडियो कॉल के माध्यम से एक रिटायर्ड, उदास फ्रैंकफर्ट बैंकर को सलाह देता है। नवाजुद्दीन को आखिरी बार फिल्म 'रौतू का राज' में नारायणी शास्त्री, राजेश कुमार और अतुल तिवारी के साथ मुख्य



भूमिकाओं में देखा गया था। अब वह इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा अभिनेता मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्म 'थामा' में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के साथ नजर आने वाले हैं।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.